राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 146 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियों को समझाया।

## मणिपुर में रविवार को फिर हिंसा, 5 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल**
**मणिपुर** में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर 3 मई से हिंसा जारी है। रविवार को एक बार फिर राजधानी इंफाल से लगे सेरौ और सुगनू इलाके में हिंसक झड़प हुई। इसमें 1 पुलिसकर्मी समेत 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हुए हैं। राज्य में हिंसा के चलते अब तक करीब 80 लोगों की जान गई है। 26 दिनों से जारी हिंसा के बीच पुलिस ने रविवार तक 40 लोगों का एनकाउंटर भी किया है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने इन एनकाउंटर की पुष्टि की है। उन्होंने एनकाउंटर में मारे गए लोगों को 'मिलिटेंट' बताया है। सीएम ने कहा- ये लोग आम नागरिकों के खिलाफ एम-16, एके-47 असॉल्ट राइफलों और स्नाइपर गन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## टेरर फंडिंगः यासिन मलिक के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने हत्या और टेरर फंडिंग के मामले में दोषी करार दिए गए यासिन मलिक को फांसी की सजा देने की नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की मांग पर सुनवाई करते हुए यासिन मलिक को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली बेंच ने अगली सुनवाई पर 9 अगस्त को यासिन मलिक को पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया। सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने यासिन मलिक के ऊपर लगे आरोपों को सही पाया था। उन्होंने कहा कि यह अजीब है कि कोई भी देश की अखंडता को तोड़ने की कोशिश करे और बाद में कहे कि मैं अपनी गलती मानता हूं और ट्रायल का सामना न करे।

## इसरो ने जीएसएलवी-एफ12 सैटेलाइट लॉन्च किया



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीहरिकोटा**
**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने आज (सोमवार) पूर्वाह्न 10 बजकर 42 मिनट पर जीएसएलवी-एफ12 सैटेलाइट (भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान) को लॉन्च कर दिया। इसरो के वैज्ञानिकों ने बताया कि इसे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से लॉन्च किया गया। 51.7 मीटर लंबा जीएसएलवी अपनी उड़ान में 2,232 किलोग्राम वजनी एनवीएस-01 नौवहन उपग्रह को लेकर रवाना हुआ। प्रक्षेपण के करीब 20 मिनट बाद, रॉकेट लगभग 251 किलोमीटर की ऊंचाई पर भू-स्थिर स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में उपग्रह को स्थापित करेगा।

## हरिवंश नए संसद भवन के उद्घाटन में गए..जदयू भड़की



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**नए** संसद भवन के उद्घाटन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का समारोह में जाना अब जदयू को खलने लगा है। जदयू अब उपसभापति हरिवंश पर हमलावर हो गई है। मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने उन्हें भटका हुआ बताया। दल के नेता यह भी कह रहे हैं उन्होंने अपनी नैतिकता को भाजपा के सामने बेच दिया है। उन्होंने अपनी लेखनी बेच दी है। उपसभापति हरिवंश नए संसद भवन के उद्घाटन में उन तीन प्रमुख लोगों में थे जो मंच पर बैठे थे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ही शामिल थे।

# एमपी चुनाव पर कांग्रेस का मंथन

### पार्टी कर्नाटक जैसी ही रणनीति मध्यप्रदेश में भी अपनाएगी, पार्टी दिसंबर में होने वाले चुनावों में 150 सीटें जीतेगी: राहुल

**दावा**

**= हमें मध्य प्रदेश में 150 सीटें मिलने की आशा है। उन्होंने कहा कि जो कर्नाटक में किया उसे मध्यप्रदेश में दोहराया जाएगा: राहुल**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में सोमवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी कर्नाटक जैसी ही रणनीति मध्यप्रदेश में भी अपनाएगी। उन्होंने दावा किया कि पार्टी दिसंबर में होने वाले चुनावों में 150 सीटें जीतेगी। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह सहित केन्द्रीय नेतृत्व और राज्य के नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारा आंतरिक आंकलन था कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिलेंगी। इसी तरह हमें मध्य प्रदेश में 150 सीटें मिलने की आशा है। उन्होंने कहा कि जो कर्नाटक में किया उसे मध्यप्रदेश में दोहराया जाएगा। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री चेहरे कौन होगा इस सवाल पर राहुल गांधी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं पार्टी नेता कमलनाथ ने कहा कि अभी बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें चुनाव की रणनीति और मध्य प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए इस पर चर्चा हुई।

### मन बहलाने के लिए ख्याल अच्छा.: शिवराज



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**राहुल** गांधी ने मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एमपी में 150 सीटें जीतेगी। राहुल गांधी के दावे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि हम उनकी बात से सहमत हैं। सीएम शिवराज सिंह ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि मन को बहलाने को बाबा ख्याल अच्छा है। हालांकि राहुल गांधी इस सवाल को टाल गए कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की ओर से सीएम फेस कौन होगा? दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में एमपी के पार्टी नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर बैठक की। राहुल गांधी ने कहा कि 'बैठक में हमारी लंबी चर्चा चली। हमारा आंतरिक आकलन है कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिली हैं। मध्यप्रदेश में 150 सीटें मिलने वाली हैं। कर्नाटक में जो किया, उसे हम रिपीट करने जा रहे हैं।' कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, हम मध्यप्रदेश भी जीतने जा रहे हैं।

**राहुल गांधी के दावे पर कमलनाथ बोले- हम उनकी बात से सहमत:** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि चुनाव में कैसी रणनीति बनाई जाए, मध्यप्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए, इस पर बैठक में चर्चा हुई। कमलनाथ ने राहुल के दावे पर कहा, 'हम उनकी बात से सहमत हैं। उनके पास इनपुट है। हमने शुरूआत कर दी है। हमारी नारी सम्मान योजना है।

### राहुल मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहेः वीडी

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। वे कांग्रेस की चिंता करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में बीजेपी आगामी विधानसभा चुनाव में 'अबकी बार दो सौ पार' के संकल्प के साथ जीत का इतिहास बनाएगी।

### नियुक्तियों को लेकर बैठक में नाराजगी

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ हुई बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने बिना सहमति के जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों की नियुक्तियों को लेकर शिकायत की। इसको लेकर राहुल गांधी ने कहा आप लिखित में केसी वेणुगोपाल को दे दीजिए। अगर स्पेसिफिक इश्यू को लिखित में देंगे तो हम उसका समाधान कराएंगे, लेकिन ये समय छोटी-छोटी बातों में उलझने का नहीं हैं। आप लोग सिर्फ एक टारगेट सेट कीजिए। अपने क्षेत्र में कांग्रेस के कैंडिडेट को जिताना और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना।

**राहुल ईस्ट से वेस्ट करेंगे पदयात्रा:** बैठक में यह भी बताया गया कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को व्यापक जनसमर्थन मिला था। अब राहुल गांधी पूर्व से पश्चिम तक यात्रा करेंगे। हालांकि यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई है। इस यात्रा में मप्र के कुछ हिस्सों को शामिल किया जा सकता है।

# दिल्ली में नाबालिग लड़की की सड़क पर हत्या

**आरोपी गिरफ्तार**

**= लड़की के पूरे शरीर में घोंपे चाकू...पत्थर से कुचल दिया सिर; फिर सीना चौड़ा करके निकला साहिल**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** लड़की की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी साहिल (20) को पुलिस ने सोमवार दोपहर 3 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने साहिल को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया है। साहिल ने शाहबाद डेयरी इलाके में रविवार शाम 16 साल की साक्षी की सरेराह हत्या कर दी थी। साक्षी को 20 से ज्यादा बार चाकू मारे गए थे। साहिल ने 6 बार उसके सिर पर पत्थर भी पटका था। इस घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैप्चर हो गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों रिलेशनशिप में थे, लेकिन शनिवार को किसी बात पर दोनों का झगड़ा हो गया था।

**कई लोग सड़क से गुजरे, कुछ लोगों ने रोकने की कोशिश भी की:** पुलिस ने बताया- एक व्यक्ति ने लड़की की हत्या की जानकारी दी। पुलिस टीम को साक्षी का शव सड़क पर मिला। वह जेजे कॉलोनी की रहने वाली थी। जब वह रविवार शाम बर्थडे पार्टी में जा रही थी, तब अचानक साहिल ने उसे रोका और हमला कर दिया। पहले चाकू से वार किए। इसके बाद पत्थर पटका। उसके सड़क पर गिरने के बाद लगातार लात से मारता रहा। दिल्ली डिप्टी पुलिस कमिश्नर सुमन नलवा के मुताबिक, लड़की के शव का पोस्टमॉर्टम जारी है। आरोपी साहिल नाम के युवक ने

### घटना पर सीएम केजरीवाल ने कहा- एलजी साहब कुछ कीजिए

**घटना** की जानकारी मिलते ही सीएम केजरीवाल ने सीसीटीवी फुटेज ट्वीट करते हुए लिखा- दिल्ली में खुलेआम एक नाबालिग बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। ये बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं, पुलिस का कोई डर ही नहीं है। एलजी साहब, कानून व्यवस्था आपकी ज़िम्मेदारी है, कुछ कीजिए। दिल्ली के लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

16 वर्षीय युवती की जिस तरह से चाकू और पत्थरों से हत्या की उसने दिल्ली को एक बार फिर शर्मसार कर दिया है। इतना तो साफ है कि हत्यारे को पुलिस और समाज का जरा भी डर नहीं था।



हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से भेंट की। मुख्यमंत्री ने अवगत करवाया कि शानन परियोजना की 99 वर्ष का लीज एग्रीमेंट मार्च, 2024 में समाप्त हो रहा है। पंजाब सरकार को लीज अवधि समाप्त होने से पहले हिमाचल प्रदेश को परियोजना सौंपने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

## एक जुलाई से श्रीखंड महादेव की यात्रा

**शिमलाः** विश्व की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव की यात्रा इस बार एक जुलाई से शुरू हो सकती है। बरसात को देखते हुए श्रीखंड यात्रा ट्रस्ट ने यह यात्रा जल्दी कराने का प्रस्ताव तैयार किया है। कुल्लू में 29 मई को होने वाली मीटिंग में इस प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। बताया जा रहा है कि श्रीखंड यात्रा ट्रस्ट ने इस धार्मिक यात्रा के लिए फिलहाल दो प्रस्ताव तैयार किए हैं। पहले प्रस्ताव में एक से 15 जुलाई तक और दूसरे प्रस्ताव में 5 से 20 जुलाई तक यात्रा करने का जिक्र है, क्योंकि देरी से यात्रा शुरू होने से कई बार बरसात इसमें बाधा उत्पन्न करती है।

# 'आज कोई भारत को टेढ़ी नजर से नहीं देख सकता'

### भारत की सीमाएं सुरक्षित, आतंकवाद-नक्सलवाद पर कसा शिकंजा: योगी



**आंतरिक सुरक्षा मजबूत**

**= अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि हम सब बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते: सीएम योगी**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मोदी** सरकार के 9 साल पूरे होने पर सीएम योगी ने सोमवार को लखनऊ के ताज होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि हम सब बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है। अलगाववाद, आतंकवाद, नक्सलवाद के खिलाफ हम मजबूत हुए हैं। आज कोई भारत की ओर टेढ़ी नजर से देख नहीं सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले 9 साल का कालखंड नए भारत को दर्शाता है। पापुआ न्यूगिनी ने हमने देखा...वहां के प्रधानमंत्री ने प्रोटोकॉल तोड़ एक सम्प्रभु राष्ट्र का स्वागत किया और सर्वोच्च सम्मान दिया। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका के राष्ट्र प्रमुखों द्वारा प्रधानमंत्री के सम्मान से 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान बढ़ा है। आज भारत के प्रति दुनिया में प्रश्न नहीं, कौतूहल है... जिज्ञासा है। आज भारत के योग के साथ दुनिया के 190 देश जुड़कर सम्मान दे रहे हैं।' सीएम योगी ने कहा, यूपी वाटर-वे में नंबर एक है। देश में 22 नए एम्स के निर्माण हुए। देश में 48 करोड़ जनधन खाते खुले। आज उन्हें डीबीटी के जरिए सीधा फायदा मिल रहा है।

## केंद्र के 9 साल के कार्यकाल रहा विकास से भरपूरः निर्मला



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्र सरकार के 9 साल के कार्यकाल को प्रगति और विकास से भरपूर बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले नौ साल में अलग-अलग क्षेत्रों में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। वित्त मंत्री ने सोमवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल पूरा होने पर रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न दिया गया, जबकि 220 करोड़ लोगों को देशभर में वैक्सीन की मुफ्त खुराक दी गई।

# धरना दे रहे पहलवान दिल्ली से रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जंतर-मंतर** पर रविवार को पुलिस से हुई झड़प के बाद पहलवान सोमवार को दिल्ली से रवाना हो गए। पुलिस ने कहा कि हमने 38 दिन से धरना दे रहे पहलवानों को हर मुमकिन सुविधा दी थी, लेकिन रविवार को इन लोगों ने कानून तोड़ा। डिप्टी पुलिस कमिश्नर सुमन नालवा ने कहा कि अगर पहलवानों ने अगली बार धरने की इजाजत मांगी तो हम उन्हें जंतर-मंतर नहीं, दूसरी जगह पर भेजेंगे। दरअसल, रविवार को झड़प के बाद रेसलर साक्षी ने कहा था कि अब जंतर-मंतर पर सत्याग्रह करेंगे। रविवार को नई संसद के सामने महिला महापंचायत बुलाई गई थी। रेसलर्स ने वहां जाने के लिए मार्च निकाला और बैरिकेड्स भी तोड़े। इस दौरान पुलिस के साथ झड़प भी हुई। इसके बाद विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया समेत कई पहलवानों को हिरासत में लिया गया। हालांकि, बाद में उन्हें रिहा भी कर दिया गया। दिल्ली पुलिस ने पहलवानों समेत 109 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। इन पर दंगा फैलाने, सरकारी काम में बाधा डालने जैसे आरोप हैं।

इन धाराओं में 7 साल तक कारावास का प्रावधान है। वहीं जींद में खापों व किसानों ने पंचायत कर ऐलान किया कि दिल्ली में दूध, सब्जी, फल और अन्य सामान की सप्लाई को बंद करेंगे। किसान आंदोलन की तरह दिल्ली को चारों तरफ से घेर लिया जाएगा।

# पीएम ने नॉर्थ-ईस्ट की पहली वंदे-भारत को झंडी दिखाई

### गुवाहाटी से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलेगी, 411 किमी का सफर साढ़े 5 घंटे में पूरा करेगी




**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नॉर्थ-ईस्ट की पहली और देश की 18वीं वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। पीएम इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। यह ट्रेन असम के गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलेगी, जो 411 किलोमीटर की दूरी साढ़े 5 घंटे में तय करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि नॉर्थ-ईस्ट की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम हो रहे हैं। नॉर्थ-ईस्ट को पहली मेड इन इंडिया वंदे भारत मिल रही है। दूसरा- ये पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली तीसरी वंदे भारत है। तीसरा- मेघालय के लगभग 425 किमी ट्रैक पर इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा हो गया है। बीते 9 साल नए भारत के निर्माण के रहे हैं। कल ही देश को आजाद भारत की भव्य-दिव्य आधुनिक संसद मिली है। ये भारत के हजारों साल पुराने लोकतांत्रिक इतिहास को हमारे उदार लोकतांत्रिक भविष्य से जोड़ने वाली संसद है। 2014 से पहले नॉर्थ ईस्ट के लिए रेलवे का बजट 2500 करोड़ रुपए था। अब यह 10.000 करोड़ से ज्यादा है। जल्द ही पूर्वोत्तर के सभी हिस्से ब्रॉड गेज नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। उस पर 1 लाख करोड़ खर्च रुपए किए जा रहे हैं।

**लोकतांत्रिक भविष्य**

**= नॉर्थ-ईस्ट की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम हो रहे हैं। नॉर्थ-ईस्ट को पहली मेड इन इंडिया वंदे भारत मिल रही है**

**विरोध** एलसीए मार्क-2 के लिए 'आत्मनिर्भर योजना' के तहत भारत में होगा जेट इंजनों का निर्माण, अमेरिकी 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद

# पीएम मोदी के अमेरिका दौरे से पहले जीई के फाइटर जेट इंजन निर्माण का होगा सौदा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** में फाइटर जेट इंजन बनाने की जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कई अरब डॉलर का यह सौदा इस सप्ताह अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन की भारत यात्रा के दौरान पूरा होने की संभावना है। ऑस्टिन की नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अमेरिकी रक्षा सचिव ऑस्टिन लॉयड इस सप्ताह भारत की यात्रा पर नई दिल्ली आएंगे। जनवरी, 2021 में कार्यभार संभालने के बाद से यह ऑस्टिन की भारत की दूसरी यात्रा होगी। अपनी भारत यात्रा के दौरान ऑस्टिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेताओं से मिलेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान दोनों पक्ष जून में पीएम मोदी की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा से पहले लंबित सौदों को अंतिम रूप देंगे। शीर्ष स्तर के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वे 'एयर इंफॉर्मेशन शेयरिंग' समझौते के जल्द निष्कर्ष पर भी चर्चा कर सकते हैं। ओहियो स्थित जीई की सहायक कंपनी जीई एयरोस्पेस भारत में फाइटर जेट इंजन बनाने की प्रौद्योगिकी विकसित करने की योजना पर भारत के साथ एक साल से अधिक समय से चर्चा कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की 21 से 24 जून तक अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा प्रस्तावित है, जहां उनकी मेजबानी व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन करेंगे। फाइटर जेट इंजन सौदे की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी की अगले महीने अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान की जा सकती है। दरअसल, इस साल जनवरी में व्हाइट हाउस को भारत में संयुक्त रूप से इंजन बनाने के लिए जीई से एक आवेदन मिला है। वाशिंगटन डीसी में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन पहले दौर की वार्ता कर चुके हैं। भारत में जीई के एफ-414 जेट इंजनों का निर्माण सरकार की 'आत्मनिर्भर योजना' के तहत स्वदेशी लड़ाकू विमान लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-2 की ताकत बढ़ाने के लिए है। एलसीए मार्क-1 जीई कंपनी के एफ-404 इंजन से ही संचालित हैं। अब एलसीए मार्क-2 के लिए भारत में ही जीई के एफ-414 जेट इंजनों के साथ भारत की विदेशी निमार्ताओं के साथ मिलकर 114 मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने की भी योजना है। अमेरिका भी भारत के साथ जेट इंजन प्रौद्योगिकी के पूर्ण हस्तांतरण के लिए तैयार है।

इसकी घोषणा अमेरिकी वायु सेना के सचिव फ्रैंक केंडल ने इसी साल मार्च में अपनी भारत यात्रा के दौरान एनएसए डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के दौरान की थी।

भारत ने चीन के साथ-साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई है। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है।

# समान दृष्टिकोण से पूरे प्रदेश का सर्वांगीण विकास करना हमारी सरकार की प्राथमिकता : शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज अपने चौपाल विधानसभा क्षेत्र प्रवास के दौरान नेरवा विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की।शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता समान दृष्टिकोण से पूरे प्रदेश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके।रोहित ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जायेंगे।



बागवानी एवं पर्यटन का हमारी आर्थिकी में महत्वपूर्ण योगदान है और इनको बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि दूर दराज के क्षेत्रों में कर्मचारियों के रिक्त पड़े पदों को आगामी समय में भरा जायेगा ताकि लोगों को घर द्वार पर सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इसके साथ.साथ जरूरत अनुरूप क्षेत्र में नए संस्थानों को भी खोला जायेगा। उन्होंने कहा कि चौपाल विधानसभा क्षेत्र के 32 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में से 22 विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पदों को भरा गया है ताकि क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके।उन्होंने कहा कि चौपाल क्षेत्र के साथ हमारा भावनात्मक संबंध है इसलिए इस क्षेत्र के विकास में कोई भी कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि जो कार्य जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में होंगे उसी तर्ज पर चौपाल विधानसभा क्षेत्र में भी अवश्य रूप से विकास कार्य को गति दी जाएगी।इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधि मंडलों से भेंट की तथा जन समस्याएं सुनते हुए उनका निवारण किया।उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसके अतिरिक्त, प्राप्त समस्याओं के लिए बजट का प्रावधान कर उनका निदान जल्द किया जायेगा। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री ने सराहन में भी लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निवारण किया।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव रजनीश किमटा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन मेहता, नगर पंचायत उपाध्यक्ष चंद्र मोहन ठाकुर, निदेशक लैंड मॉर्टगेज बैंक देवेंद्र नेगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सबला राम चौहान सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला परिषद मंडी की त्रैमासिक बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

जिला परिषद मंडी की त्रैमासिक बैठक सोमवार आयोजित की गई जिसमे जिला परिषद के लगभग 27 सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार किया तथा बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्य जमकर बरसे और बैठक से वाक आउट कर दिया। जिला परिषद सदस्य हुकुम सिंह ने बताया कि जिला परिषद सदस्यो की मांग है कि जिला परिषद सदस्यों का मानदेह बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों के चलते वो हर बैठक का बहिष्कार करेंगे जिससे कि पंचायतों में चले हुए विकास कार्यों की गति भी रुक जायेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रदेश सरकार उनकी मांगों को पूरा करे तथा मानदेह बढ़ाए और साथ ही जिला परिषद सदस्यों को जो फंड मिलता है उसमे भी वृद्धि की जाए । उन्होंने सरकार को चेताते हुए ये भी कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो जिला परिषद सदस्य हर बैठक का बहिष्कार करेंगे। जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा ने कहा की जिला परिषद के लगभग 27 सदस्यों ने अपनी मानदेह बढ़ाने की मांग को लेकर बैठक का बहिष्कार कर दिया है जिस कारण आज बैठक को स्थगित कर दिया गया है।

## विक्रमादित्य सिंह का किया गया भव्य स्वागत



**नौणीः**

नौणी पंचायत में आज लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का भव्य स्वागत किया गया इस दौरान पंचायत प्रधान मदन हिमाचली पूर्व प्रधान बलदेव सिंह शमरोड पंचायत के नन्द राम तथा पंचायत वासियों ने नौणी धर्जा रोड की मेंटलिग टायरिग के लिए लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त किया। लोगों ने बताया कि गत 8 वर्ष से औच्छघाट नौणी धर्जा सडक की दुर्दशा हो गई थी। नौणी तथा शमरोड पंचायत के शिष्ट मण्डल ने नौणी धारों की सडक के मेंटलिग टायरिग करने के लिए आदेश जारी करनें के लिए आग्रह किया।

## कांग्रेस नेता के बेटे ने उठाया खौफनाक कदम

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सिरमौर जिले के उपमंडल पांवटा साहिब में एक नेता के 21 वर्षीय पुत्र ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक को सिविल अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन के लिए रेफ र किया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक युवक ने अपने ही घर में फं दा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जैसे ही परिजनों को इस बात का पता चला तो युवक को आनन-फानन में सिविल अस्पताल पांवटा साहिब ले जाया गया। बताते है कि युवक की घर पर किसी बात को लेकर परिजनों से कहासुनी हो गई जिसके बाद युवक ने गुस्से में आकर यह कदम उठाया। सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में रात्रि ड्यूटी पर तैनात डॉ. पीयूष तिवारी ने बताया कि युवक को देर शाम सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन युवक की हालत गंभीर होने के चलते उसे नाहन रेफर किया गया। फि लहाल युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है। एसएचओ पांवटा साहिब अशोक चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## भोरंज में जल संवाद का कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर /विवेकानंद वशिष्ठ**

नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य एवं जिला युवा अधिकारी दीपमाला के दिशा निर्देश से विकासखंड भोरंज के गांव लपोदू में कैच द रेन-3 के तहत जल संवाद का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भोरंज की स्वंयसेविका कविता द्वारा किया गया।




कार्यक्रम में सर्व प्रथम स्वयंसेविका कविता धीमान सभी कोद् जल सरक्षण अभियान-3 की शपत दिलाई और जल सरक्षण के बारे मे जागरूक किया साथ ही बताया कि वर्ष 2023 में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा जिले में प्रतिमाह तक अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा साथ ही सभी से जल प्रदूषण को रोकने जल महत्व को समझने तथा जल को बचाने का संदेश जन-जन तक पंहुचाने का निवेदन किया। कार्यक्रम में वार्ड मेंबर निधि कुमारी ने मुख्य भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की उपप्रधान सुनीता देवी व अन्य महिलाएं भी शामिल रही। कार्यक्रम में वार्ड मेंबर निधि द्वारा सभी को जल संरक्षण के बारे में बताया गया और सभी महिलाओं ने जल की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में वार्ड मेंबर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## उखली से दिल्ली तक पहुंच रहे हैं शिव कुमार के फूल

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

फ सल विविधीकरण को प्रोत्साहित करके किसानों और बागवानों की आय बढ़ाने की दिशा में प्रदेश सरकार की विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के सराहनीय परिणाम सामने आ रहे हैं। इन्हीं योजनाओं में से एक है उद्यान विभाग की पॉलीहाउस अनुदान योजना। जी हां, इसी योजना के कारण ही आज हमीरपुर जिले के एक छोटे से गांव उखली के किसान शिव कुमार लाखों के फूल दिल्ली तक पहुंचा रहे हैं। उद्यान विभाग की इस योजना से मानों शिव कुमार की तकदीर ही खिल उठी है।



पहले सब्जी बेचकर करते थे गुजारा, अब हर सीजन में उगा रहे हैं लाखों के फू ल

शिव कुमार अपने गांव में ही सब्जी बेचकर जैसे-तैसे परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। सुबह से लेकर शाम तक सब्जी की बिक्री से होने वाली आय और कृषि योग्य थोड़ी सी जमीन से पत्नी वंदनाए बूढ़ी माता और बेटियों वाले परिवार का गुजारा मुश्किल से हो पा रहा था। आय का कोई अन्य साधन नजर नहीं आ रहा था। ऐसी परिस्थितियों में शिव कुमार को उद्यान विभाग की पॉलीहाउस अनुदान योजना का पता चला। उन्होंने तुरंत विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया और योजना से संबंधित पूरी जानकारी प्राप्त की। विभागीय अधिकारियों ने शिव कुमार का मार्गदर्शन किया और उन्हें पॉलीहाउस लगाने के लिए प्रेरित किया। योजना के तहत 85 प्रतिशत अनुदान पाकर शिव कुमार ने लगभग 3000 वर्गमीटर का पॉलीहाउस लगाया। इस पर उन्हें विभाग की ओर से लगभग 28000 रुपये का अनुदान मिला। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में सात दिन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने पॉलीहाउस में कारनेशन फू ल की खेती आरंभ की, जिसकी दिल्ली जैसे बड़े शहरों में काफ ी मांग रहती है। शिव कुमार का यह प्रयोग पूरी तरह कामयाब रहा और उन्हें एक पॉलीहाउस से ही अच्छी आमदनी होने लगी। आजकल वह पांच से सात लाख रुपये तक के कारनेशन फूल बेच रहे हैं। इससे न केवल शिव कुमार के परिवार की आजीविका चल रही है, बल्कि कई अन्य लोगों को भी रोजगार मिल रहा है।

## हिमालयन इंजीनियरिंग के छात्रों ने जानी गिरिनगर हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट की बारीकियां

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

हिमालयन ग्रुप कलाअंब के इंजीनियरिंग के छात्रों ने गिरिनगर हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक दौरे का उद्देश्य जलविद्युत संयंत्रों के निर्माण और संचालन के बारे में छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाना था। हिमालयन इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ. हरीश महेंद्रू ने बताया कि इंजीनियरिंग के छात्रों को औद्योगिक घरानों का दौरा करना अनिवार्य है, ताकि वे संस्थानों में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को उसके व्यावहारिक कार्यान्वयन से जोड़ सकें। उन्होंने कहा कि हिमालयन कॉलेज के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए प्रत्येक सेमेस्टर में कम से कम एक औद्योगिक दौरे की व्यवस्था की जाती है। औद्योगिक दौरे का संचालन विद्युत विभाग के सहायक प्रोफेसर मन मोहित शर्मा, यांत्रिक विभाग के सहायक प्रोफेसर सीपी सैनी और नागरिक विभाग के सहायक प्रोफेसर मनोज कुमार ने किया। इंजीनियर परवीन और भगवान दास ने हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्लांट में निर्माण संबंधी अवधारणाओं और बिजली पैदा करने की प्रक्रिया के बारे में बताया।



उन्होंने पेनस्टॉक, एमआईवी, गवर्नर, टरबाइन, अल्टरनेटर आदि विभिन्न घटकों के काम के बारे में बताया। इलेक्ट्रिकल, सिविल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र अपने संबंधित क्षेत्रों में अपनी शंकाओं को दूर करने के इच्छुक थे और गिरिनगर हाइड्रो प्लांट के इंजीनियरों ने उनकी शंकाओं को रुचि स्वरूप दूर किया। हिमालयन ग्रुप के अध्यक्ष रजनीश बंसल और उपाध्यक्ष विकास बंसल हमेशा इस प्रकार के पर्यटन आयोजित करने के लिए शिक्षकों और छात्रों को प्रोत्साहित और प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण इंजीनियर तैयार करने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच परस्पर संपर्क और समन्वय जरूरी है। निदेशक, डॉ. हरीश महेंद्रू ने गिरिनगर जल विद्युत संयंत्र के इंजीनियरों और प्रबंधन को छात्रों को अपने संयंत्र का दौरा करने और उन्हें जलविद्युत संयंत्र के कामकाज के बारे में ज्ञान प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

## घर पर दबिश देकर हरियाणा मार्का 22 पेटी देसी शराब बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सिरमौर पुलिस के थाना माजरा की टीम के द्वारा हरियाणा से स्मगल कर लाई गई 22 पेटी देसी शराब बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एएसआई राजेश कंवर को मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुई कि कोलर में रणबीर सिंह के घर भारी मात्रा में शराब पहुंची है। जैसे ही माजरा पुलिस को यह इनपुट मिला उसके बाद तुरंत एएसआई राजेश की अगुवाई में बनाई गई टीम मौके पर योजना बनाकर रवाना हो गई।




सोमवार सुबह करीब 8 बजे के आसपास पुलिस पार्टी ने रणवीर सिंह के घर में दबिश दे दी। इनपुट के अनुसार जब पुलिस ने छुपा कर रखी शराब की पेटियों को सबसे पहले अपने कब्जे में लिया। पुलिस पार्टी ने कब्जे में लेकर जब शराब की मात्रा को गिना तो इसकी मात्रा 22 पेटी निकली। बरामद की गई सारी शराब टैंगो संतरा ब्रांड के नाम से थी जो केवल हरियाणा में बेचा जाना मान्य थी। जिला सिरमौर पुलिस कप्तान रमण कुमार मीणा ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि सुबह करीब 8 बजे के आसपास रणवीर सिंह निवासी कोलर से 22 पेटी हरियाणा में बेचे जाने वाली टैंगो संतरा बरामद की गई है।

उन्होंने बताया कि मामला अंतर्गत धारा आबकारी अधिनियम दर्ज कर आगामी कार्यवाही की जा रही है।

## नाहन सदर पुलिस ने 07 साल से लापता को मिलाया परिजनों से



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**

नाहन सदर पुलिस ने करीब 7 सालों से लापता चल रहे 35 वर्षीय शिव कुमार यादव को उसके परिजनों से मिलवा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव कुमार यादव यूपी के गोंडा जिला का रहने वाला है। पिछले 7 सालों से वह दिमागी संतुलन खो जाने के चलते घर से बिना बताए चला गया था।पिछले कुछ दिनों से शिव कुमार बनेठी के क्षेत्र में बदहाल अवस्था में घूम रहा था। यही नहीं शिवकुमार आने जाने वाले लोगों को भी डराता था और लोग उसे खाना पीना भी देते थे मगर दिमागी संतुलन के सही ना होने के चलते उससे डरते भी थे। शिवकुमार स्थानीय लोगों को जब ज्यादा परेशान करने लगा तब वहां के लोगों ने उसे नाहन सदर पुलिस के पास छोड़ दिया। 4 दिन से शिवकुमार यादव सदर पुलिस की मेहमान दारी में रहा। सदर पुलिस के कर्मचारी में 7 गुण मिलते हुए पुलिसकर्मियों ने बातों ही बातों में उसके घर का पता भी निकलवा लिया था। इसकी सूचना थाना कोतवाल राजेश पाल ने अपने एमएससी ओमपाल की मार्फत गोंडा में उसके भाई को दी। जिसके बाद उसका भाई आज नाहन सदर पुलिस के समक्ष पहुंचा।अपने भाई को देखकर शिवकुमार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तो वहीं उसका भाई भी अपने भाई को देखकर विश्वास ही नहीं कर पाया और रोने लग पड़ा। शिव यादव के भाई ने बताया कि उसके परिजनों ने तो यह सोच लिया था कि अब उसका भाई शायद जिंदा नहीं है मगर जब अपने भाई को अपने सामने देखा तो उसने भी राहत की सांस ली। सदर पुलिस के द्वारा शिवकुमार को साफ.- सुथरे कपड़े पहना और पैसे आदि देकर उसके भाई के सुपुर्द कर दिया। अपने पास आए इस 4 दिनों के मेहमान को पुलिस ने भी बड़े खुश दिल से विदा किया। शिव यादव को रेस्क्यू करने में राजेश पाल एसएचओ कुलदीप ओमपाल रामपाल आदि शामिल रहे। बडी बात तो यह है कि 4 दिन में शिव कुमार ने भी पुलिस कर्मियों का दिल जीत लिया। सदर पुलिस कर्मियों ने ना केवल उसे स्वादिष्ट भोजन खिलाया बल्कि उसकी दाढ़ी-मूछें आदि बनाकर नहला-धुला कर उसे साफ.-सुथरे वस्त्र भी पहनाए।

## विधायक अजय सोलंकी सोलंकी ने नाहन डिपो को दिलवाई 06 नई बसें

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल पथ परिवहन निगम के नाहन डिपो को 06 नई बसे मिली है। नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने सोमवार सुबह इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एचआरटीसी के नाहन डिपो में शामिल यह छह बसें बीएस 06 है। सोमवार को नाहन बस स्टैंड से नई बसों को विधायक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रूट पर रवाना किया गया। यह नई बसें जीपीएस, रिवर्स सेंसर्स,मोबाइल चार्जिंग पोर्ट जैसी आधुनिक उपकरणों से लैस है। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए नाहन विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि एचआरटीसी की इन बसों को प्रदेश के विभिन्न रूटों के अलावा बाहरी राज्यों के रूटों पर भेजा जाएगा ताकि इन आधुनिक को बसों की सुविधा जनता को




मिल सके।विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की जनता का हर क्षेत्र में ध्यान रखा जा रहा है। निगम की बसों में आवागमन को सुगम बनाने को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा एचआरटीसी कर बेड़े में नई बीएस 06 बसें समेत इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया गया है। विधायक ने कहा कि जल्द ही सिरमौर जिला के एचआरटीसी बेड़े में भी नई इलेक्ट्रिक बसे शामिल हो जाएगी और बसों की कमी को भी जिला में पूरा किया जाएगा। सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का सपना हिमाचल को ग्रीन राज्य बनाना है और इस दिशा में सरकार द्वारा कई आवश्यक कदम उठाए जा रहे है।अजय सोलंकी ने यह भी कहा कि अंतर राज्य बस अड्डा नाहन की हालात को भी सुधारा जा रहा है ताकि यहां लोगों को अच्छी सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के समय में यहां बहुमंजिला पार्किंग के निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई है और इस पार्किंग को भी आने वाले समय में दुरुस्त किया जाएगा। एचआरटीसी नाहन डिपो के ट्रैफिक मैनेजर नवीन शर्मा ने बताया कि फिलहाल प्रथम चरण में जो 6 नई बसें एचआरटीसी के बेड़े में शामिल हुई है उनमें दो नई बसें मनाली रूट पर दो मणिकरण रूट पर चलाई जाएंगी। बता दें कि देहरादून से मनाली नई बस दोपहर बाद 3 बजे देहरादून से चलेगी 6 बजे यह नाहन से मनाली के लिए रवाना होगी। इसके साथ-साथ आने और जाने में 2 गाडि?ां हरिद्वार से मणिकरण के लिए लगाई गई हैं। इस रूट की बस 1:33 पर दोपहर हरिद्वार से चलेगी यह बस नाहन शाम को 7:15 पर पहुंचेगी फिर यहां से उसे मणिकरण के लिए भेज दिया जाएगा। अजय सोलंकी ने बताया कि 2 बजे पावंटा साहिब से ढली शिमला के लिए लगाई गई है।यह बस दोपहर बाद 3:25 पर पावंटा साहिब से चलेगी और 5 बजे नाहन से शाम के वक्त मणिकरण के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर विधायक अजय सोलंकी ने नाहन बस स्टैंड में चल रहे नवीनीकरण के कार्यों का भी जायजा लिया। इस दौरान अजय सोलंकी के द्वारा पूरे बस स्टैंड का निरीक्षण किया गया।

# किन्नौर जिला में चलाए जा रहे विकासात्मक कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें जिला के अधिकारी व कर्मचारी : जगत सिंह नेगी

**टीम एक्शन इंडिया/कि न्नौर/अनिल**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार प्रदेश को पूर्व सरकार द्वारा विरासत में दिए गए कर्ज व आर्थिक संकट से उभारने के लिए दिन-रात तत्परता से कार्य कर रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारी सत्यनिष्ठा व ईमानदारी से इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। हिमाचल सरकार में केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी आज किन्नौर जिला के रिकांग पिओ स्थित आईटीडीपी भवन में परियोजना सलाहाकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता के लिए चलाई जा रही विभिन्न जन-कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के साथ-साथ जिला में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों में



शीघ्रता लाने के आदेश दिए ताकि जिला के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके व साथ ही जिला का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को लंबित पड़े विकासात्मक कार्यों की सूचि तैयार कर शीघ्र डीपीआर पस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के मामले पर किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न

> **8 नेगी किन्नौर जिला के रिकांग पिओ स्थित आईटीडीपी भवन में परियोजना सलाहाकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे**

जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा ताकि आम लोगों तक इन योजनाओं की जानकारी पहुंच सके व जिला के लोग लाभान्वित हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिला मे होने वाली ग्राम सभाओं में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

राजस्व,बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने लोक निर्माण विभाग किन्नौर के अधिकारियों को जिला में लंबित पड़े सडको, पुलों, भवनों इत्यादि के कार्य में शीघ्रता लाने के आदेश दिए। उन्होंने एकलव्य मॉडल स्कूल निचार के होस्टल निर्माण के कार्य को जल्द पूरा करने के आदेश दिए।

इसके अलावा उन्होंने जिला के मूरंग, कानम, लाबरंग, ज्ञाबुंग, रोपा व नेसंग इत्यादि बाढ़ संभावित क्षेत्रों के सडक किनारे क्रेट वॉल लगाने के आदेश दिए। उन्होंने टापरी में गर्म पानी के चश्में किनारे हो रहे भू-स्खलन को रोकने के लिए उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने भावानगर बस स्टैंड में रिटेनिंग वॉल के कार्य को दिसंबर 2023 तक पूर्ण करने व एक सामुदायिक भवन का निर्माण करने के आदेश दिए। उन्होंने जल शक्ति विभाग किन्नौर के अधिकारियों को पानी के स्टारेज टैंकों की नियमित रूप से साफ.-सफ ाई करने के आदेश दिए तथा यदि आवश्यक हो तो स्टारेज टैंको की स्टोरेज कैपेस्टी को बढ़ाने के भी निदेश दिए।

उन्होंने रिकांग पिओ में कम से कम 12 घंटे पीने का पानी उपलब्ध करवाने के लिए विशेष तौर से अधीक्षण अभियन्ता किन्नौर को आदेश दिए।

## ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में करवाई गई 'सुलेख प्रतियोगिता'



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

शहर के अग्रणी व प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल हमीरपुर में आज सुलेख प्रतियोगिता करवाई गई। यह प्रतियोगिता पहली कक्षा से लेकर नवमी कक्षा तक के छात्रों में प्रार्थना सभा में आयोजित की गई।

जिसमें कि प्रत्येक कक्षा से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और मेडल के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक ताराचं, चेयरमैन विकास दीक्षित व मुख्य अध्यापिका रेशमा दीक्षित भी उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधक ताराचंद ने सभी छात्रों को भविष्य में भी ऐसी ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया व विजेता छात्रों को बधाई भी दी।

## न्यूज फ्लैश

### सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली के मुख्यमंत्री से भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार देर सांय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से नई दिल्ली में भेंट की। उन्होंने दोनों राज्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने जिला ऊना में स्थापित होने वाले बल्क ड्रग पार्क के लिए भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड बीबीएमबी के सहयोग से विद्युत आपूर्ति पर चर्चा की।

उन्होंने राष्ट्रीय महत्व की रेणुका और किशाऊ जल विद्युत परियोजनाओं के सांझे जल बंटवारे के समझौते के बारे तथा इनके शीघ्र कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना जल बंटवारे के संबंध में दिल्ली और हिमाचल प्रदेश सरकार के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के संबंध में भी दिल्ली सरकार से विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया भी उपस्थित थे।

### 27 साल की विवाहित महिला ने ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी जिला के सुंदरनगर में एक 27 साल की विवाहित महिला ने फं दा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने आत्महत्या करने से पहले अपनी छोटी बहन को वीडियो कॉल कर उसके साथ हुई मारपीट और प्रताड़ना का दर्द बयां किया था। यह मामला सुंदरनगर के तहत आते पुलिस थाना धनोटू की ग्राम पंचायत कोट के चुनाहण क्षेत्र के गांव मलहणू में पेश आया है। मृतक महिला तनुजा की एक साल की छोटी बच्ची भी है। बताया जा रहा है कि मृतका तनुजा ने अपनी छोटी बहन को वीडियो कॉल की थी जिसमें उसने बताया कि उसके ससुराल वाले उसके साथ मारपीट करते हैं और उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसके कुछ ही घंटों बाद उसने फं दा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। मृतक महिला का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज नेरचौक में करवाया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फ ॉरेंसिक टीम को भी मौके पर साक्ष्य एकत्रित करने के लिए बुलाया है।

### मृतक महिला के पति, सास और देवर गिरफ्तार

मायका पक्ष ने पुलिस थाना में दर्ज करवाई। शिकायत में बताया कि तनुजा ने एक दिन पहले ही उसके साथ मारपीट और प्रताड ?ा की बात बताई थी। जिसके कुछ ही घंटों बाद उनकी बेटी की मौत की खबर आ गई। मायका पक्ष ने ससुराल पक्ष के खिलाफ उनकी बेटी के साथ मारपीट करने व मानसिक उत्पीड ? की शिकायत दर्ज करवाई। जिसके आधार पर पुलिस ने मृतक महिला के पति सास और देवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उनके खिलाफ आत्महत्या को उकसाने को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर दिनेश कुमार ने बताया कि धनोटू थाना के तहत एक 27 वर्षीय विवाहिता ने फं दा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामले में महिला के पति सास और देवर के खिलाफ मामला दर्ज कर तीनों को हिरासत में ले लिया गया है और आगामी जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

## एनपीए बन्द करने का मामला
### डेढ़ घंटे पेन डाउन स्ट्राइक पर रहे डॉक्टर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार द्वारा डॉक्टरों का एनपीए बन्द करने के खिलाफ राज्य के तमाम डॉक्टर आज से आंदोलन पर उतर आए हैं। राज्य में सरकारी क्षेत्र में तैनात डॉक्टरों ने आज डेढ़ घंटा पेन डाउन स्ट्राइक की। डॉक्टरों की ये स्ट्राइक आज सजभ 9:30 से 11 बजे तक रही। इसके चलते मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। आईजीएमसी शिमला रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर हरि मोहन ने कहा कि सरकार का डॉक्टरों का एनपीए बन्द करने का यह निर्णय गलत है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं और एनपीए डॉक्टरों का हक है। फिलहाल डॉक्टरों ने डेढ़ घंटे की पेन डाउन स्ट्राइक करने का निर्णय लिया है। अगर सरकार ने जल्द एनपीए को बहाल नहीं किया तो विरोध को और तेज किया जाएगा। डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक के दौरान आपातकालीन सेवाएं बाधित नहीं हुई। लेकिन ओपीडी में मरीजों को डॉक्टरों का लंबा इंतजार करना पड़ा। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और सभी छोटे बड़े अस्पतालों व स्वास्थ्य संस्थानों में भी इस दौरान डॉक्टर पूरी तरह हड़ताल पर रहे।

## हिम कुक्कुट पालन योजना की बनी रोजगार का सहारा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

प्रदेश सरकार की हिम कुक्कुट पालन योजना पधर उपमंडल की ग्राम पंचायत डलाह के चमाह गांव निवासी नागेंद्र कुमार के लिए वरदान साबित हुई है। नागेंद्र मुर्गी पालन से चार लाख रुपये सालाना आय अर्जित कर रहे हैं। लाभार्थी युवक का कहना है कि बाहरवीं की पढ़ाई करने के उपरांत बद्दी में एक निजी कंपनी में जॉब करते थे। कोविड-19 के चलते कंपनी बंद हो जाने से नागेंद्र बेरोजगार हो गए। युवक ने इस दौरान पशु पालन विभाग की हिम कुक्कुट पालन योजना के बारे में जानकारी ली। जिसके बाद युवक ने पशुपालन विभाग



के सौजन्य से चौंतड़ा में कुक्कुट पालन का प्रशिक्षण लिया। पशु पालन विभाग द्वारा कुक्कुट शैड के लिए एक लाख चौतालिश हजार रुपये की राशि अनुदान पर स्वीकृत की गई। वहीं तीन चरणों मे नब्बे हजार रुपये की राशि के तीन हजार चूजे और बीस क्विंटल आहार फ ीड उपलब्ध करवाई गई। अब नागेंद्र का मुर्गी पालन का अच्छा खासा व्यवसाय चल रहा है। उनका कहना है कि सालाना चार लाख तक आय इस व्यवसाय से अर्जित हो रही है।

अब नागेंद्र प्रदेश सरकार की इस कल्याणकारी योजना से अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं। युवक ने गवाली गांव के ज्ञान चंद को इस स्वरोजगार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। ज्ञान चंद ने भी विभागीय प्रशिक्षण लेने उपरांत यह स्वरोजगार शुरू किया। जिससे ज्ञान चंद को सालाना दो लाख की कमाई हो रही है ।उपमंडलीय वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक वर्मा ने कहा कि कुक्कुट पालन योजना बेरोजगार युवाओं के लिए मददगार साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि किसान बागवान भी खेतीबाड़ी के साथ-साथ मुर्गी पालन व्यवसाय शुरू कर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं।

## नकली शराब पकड़ने पर पुलिस को दी शबाशी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जिला ऊना में 420 पेटी नकली शराब की पकड़ने पर पुलिस कर्मियों व अधिकारियों की पीठ थपथपाई है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार की माफिया को कड़ी चेतावनी है कि वह नशे के कारोबार को छोड़ दें, माफिया को किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा, नकली शराब व ड्रग के धंधे को करने वाले या तो तोबा कर ले, या हिमाचल छोड़ दें वरना उनकी जगह सलाखों के पीछे

> **8 नकली शराब व ड्रग के धंधे को करने वाले या तो तोबा कर ले, या हिमाचल छोड़ दें: मुकेश अग्निहोत्री**

हैं। मुकेश ने कहा कि जिला की पुलिस में बेहतरीन काम किया है और नकली शराब की बड़ी खेप बरामद की है। उन्होंने कहा कि जिस कंपनी के लेबल लगे हैं, उस कंपनी ने अपने लेबल होने से इंकार किया है।

ऐसे में नकली शराब किस प्रकार से घरों को उजाड़ सकती है, इसका उदाहरण गत सरकार में मंडी में हमने देखा है। उन्होंने कहा कि उस समय राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई गई। मुकेश ने कहा कि पुलिस को गैर कानूनी कार्यो पर कड़ी कार्रवाई करने की खुली छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने साफ निर्देश दिए हैं कि माफिया कोई भी हो, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। माफिया किसी दल का नहीं होता वह देश का, समाज का दुश्मन होता है और इस समय नौजवान पीढ़ी को हर घर को नशे से बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बेहतर काम किया है और आगे भी बेहतर काम करें।

## डिप्टी सीएम ने ऊना में सुनीं जनसमस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह ऊना में जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उनके सभी कार्यों का शीघ्र निर्वहन करने के भी निर्देश दिए।

## ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी चंबा में गोवंश हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा देने की उठाई मांग



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी जिला चंबा की बीते रोज हुई बैठक में निर्णय लिया है कि जिन लोगों ने गोवंश हत्या को अंजाम दिया है उन लोगों के विरुद्ध सरकार तथा प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें तथा इन लोगों का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एडवोकेट लतीफ मोहम्मद की अगुवाई में सनवाल के गांव लागेंड में आयोजित हुई। बैठक में जिला चंबा में सभी मुस्लिम समुदाय के महत्वपूर्ण लोग मौजूद रहे तथा चुराह क्षेत्र के सभी मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे। सभी जिम्मेदार लोगों ने बैठक में ये प्रताव पारित किया कि गत दिनों सनवाल के चचूल गांव में हुए गोवंश हत्या का मामला सामने आया था जिसमे कुछ लोग सनलिप्त पाए गए थे और वो दोषी प्रशासन की निगरानी में है साथ में ये बात भी कहीं गई कि भविष्य में अगर इस प्रकार का कोई कृत्य करेगा मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी उनको खुद पुलिस और प्रशासन के हवाले करेगी और उन लोगों का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा फिलहाल कानूनी कार्यवाही चल रही है। इस मामले में शामिल लोगों के साथ अब कोई भाईचारा नहीं रहेगा यह बात भी उन्होंने कहीं। इसके साथ बढ ?ैता हल्के के सभी मस्जिदों के इमामों और जिमेदारों को समझा दिया गया कि इस तरह के लोगों का नमाज जनाजा भी ना पढ़ाया जाए और इस तरह के कृत्य करने वालें लोगों का गांव से भी बहिष्कार किया जाए जिसमे मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी जिला अध्यक्ष एडवोकेट लतीफ मुहम्मद ने बताया कि बहुत जल्द उन लोगों के खिलाफ भी हम मोहिम छेड़ेंगे जो इन गलत काम करने वालें लोगों का साथ दे रहे हैं।

## मंडी जिला में कांग्रेस को किया जाएगा मजबूत : चंपा ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी ब्लॉक कांग्रेस द्वारा सोमवार को मंडी सदर कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी चंपा ठाकुर का जन्म उत्सव सर्किट हाउस मंडी में मनाया गया। इस दौरान मंडी क्षेत्र से कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। चंपा ठाकुर के जन्मदिवस पर पिता कौल सिंह ठाकुर भी आशीर्वाद देने पहुंचे। इस दौरान केक काटकर चंपा ठाकुर ने सभी कार्यकताओं का उनके जन्मदिन को भव्य बनाने के लिए सभी कार्यकताओं का आभार प्रकट




किया।इस दौरान चंपा ठाकुर ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं और आज से ही बूथ लेबल में अभियान चला जाएगा।ताकि आगामी समय में केंद्र में कांग्रेस सरकार बन सके।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो भी वायदे लोगों के साथ किए थे, उन्हें पूरा किया जा रहा हैं, सबसे पहले मुख्यमंत्री सूक्खु ने ओपीएस बहाली का तोहफ I कर्मचारियों को दिया और अब जल्द ही बहनों को 1500 की सौगात मिलने वाली हैं। हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने चंपा ठाकुर को जन्मदिन की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है ।कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव जल्द होने जा रहे हैं और इसको लेकर कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर कार्य शुरू करेगी।

उन्होंने कहा कि आज 4 घंटे चली इस बैठक में कांग्रेस के कई पदाधिकारियों ने भाग लिया है।

# मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के कार्यक्रम के लिए केंद्र मंत्री प्रह्लाद पटेल पहुंचे शिमला

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रेस मीट का आयोजन किया गया इस मीट में मुख्य रूप में केंद्रीय जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री प्रह्लाद पटेल मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। मीट में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, शिमला से सांसद सुरेश कश्यप, विधायक बलबीर वर्मा, मुख्य प्रवक्ता रणधीर शर्मा, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, संगठन मंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश उपाध्यक्ष रतन पाल सिंह, पुरुषोत्तम गुलेरिया, संजय सूद, चेतन ब्रागटा, रवि मेहता और करण नंदा विशेष रूप में उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने अपनी प्रस्तुति मीडिया के समक्ष रखते हुए कहा भारत वो दिन नहीं भूला है, जब ये कहा जाता था किए हम तो दिल्ली से 1 रुपया भेजते हैं लेकिन गरीबों तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं और देश ये दिन भी नहीं भूलेगा कि आज दिल्ली से 100 रुपया चलता है तो गरीब के पास पूरा का पूरा 100 रुपया पहुंचता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश हर आपदा में देशवासियों के साथ खड़ा है, उनकी सेवा में दिन-रात जुटा है। भारत ने वो दिन भी देखा है, जब पोलियो, टेटनस और बीसीजी जैसे टीकों को भारत आने में 50 से ज्यादा



साल लग गए थे। ड्रोन से वैक्सीन डिलिवरी दुर्गम इलाकों में भारत सरकार ने सुनिश्चित कराई। मोदी सरकार ने रिकॉर्ड समय में लाखों लोगों का टीकाकरण करने का लगभग असंभव कार्य हासिल किया और वह भी एक सदी में सबसे खराब ज्ञात वैश्विक महामारी के सामने। पहले भारत पश्चिम से दवाओं और टीकों के लिए निर्भर था, भारत ने दो स्वदेशी कोविड-19 टीके विकसित किए और कई देशों को जीवन रक्षक दवाओं की आपूर्ति की।पटेल ने कहा स्वतंत्र भारत के इतिहास में इससे पहले गरीबों के लिए आवास निर्माण की ऐसी क्रांति नहीं देखी गई। स्वतंत्र भारत में इससे पहले कभी भी महिलाओं ने घर के निर्णय लेने में इतनी सक्रिय भूमिका नहीं निभाई है।घर-घर जल पहुँचने से कितने लाभ हुए, पहले जो बेटियां दूर पानी लाने जाती थी अब वो अपनी पढ़ाई को समय दे पा रही हैं क्योंकि अब उन्हें पानी लाने नहीं जाना पड़ता। शौचालय के निर्माण से क्या हुआ? महिलाओं के प्रति अपराध घटे, बीमारियों से दूरी बढ़ी। मोदी सरकार ने 1121 लाख मीट्रिक टन अनाज गरीबों को निःशुल्क उपलब्ध करवाया। आज साथ ही वन नेशन वन राशन कार्ड से हर महीने 3.5 करोड़ से ज्यादा परिवार लाभ उठा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा हमारे लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय में भारत सरकार के 9 वर्ष 30 मई को पूर्ण होने जा रहे हैं।कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भारत अपनी पहचान खो रहा था, पर पिछले 9 वर्षों में भारत ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाई है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अटूट मेहनत का फल है। हिमाचल प्रदेश में एम्स ए आईआईएम, अटल टनल, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, जैसी बड़ी सौगात प्रधानमंत्री ने हमें दी है आज एम्स हिमाचल प्रदेश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।जल शक्ति विभाग की अगर हम बात करें तो पिछले 3 वर्ष में हिमाचल प्रदेश में हमारी सरकार ने 850000 नल घर घर लगाए हैं जिसके कारण आज पानी घर-घर पहुंचा है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने इस कार्यक्रम की भूमिका सभी के समक्ष रखते हुए कहा कि आज हमारे लिए गर्व की बात है जिस प्रकार से पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश भर में काम किया है वह अतुल्य है।

उन्होंने कहा की गरीब परिवार में जन्मे मोदी ने गरीबों के कष्ट को समझा। बीमारी और इलाज से होने वाली समस्याओं और उनके आर्थिक परिणामों से गरीब डरता था, त्रस्त था।

# राम कुमार ने किया चण्डी मेले का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

मुख्य संसदीय सचिव नगर नियोजन, उद्योग एवं राजस्व राम कुमार ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राम कुमार गत दिवस को सोलन जिला के दून विधानसभा क्षेत्र के चण्डी में दो दिवसीय जिला स्तरीय माँ चण्डी देवी मेला के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।राम कुमार ने इससे पूर्व माँ चण्डी देवी के प्राचीन मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर मेले का शुभारम्भ किया।मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि माँ चण्डी देवी मेला चण्डी सहित आस-पास के क्षेत्रों के स्थानीय लोगों की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय के व्यस्त जीवन में मेले क्षेत्र के लोगों को एक साथ जोड़े रखने में अहम



भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मेलों से जहां युवा पीढ़ी को अपनी पुरातन संस्कृतिक से रू-ब-रू होने का अवसर मिलता है वहीं क्षेत्रवासियों में भाईचारा भी बढ़ता है।राम कुमार ने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में एक समान विकास करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि किसानों व बागवानों की फसलों को मंडियों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सडकों को पक्का किया जाएगा ताकि किसानों व बागवानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य मिल सके।मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर दाड़ला-बनिया देवी-चण्डी-बद्दी से चण्डीगढ़ के लिए शीघ्र नई बस सेवा चलाई जाएगी ताकि लोगों को आवाजाही में सुगमता मिल सके। उन्होंने कहा कि पट्टा-गोयला सडक के विस्तारीकरण का कार्य भी शीघ्र किया जाएगा।उन्होंने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र के बनलगी में एक बड़ा उद्योग स्थापित किया जाएगा ताकि युवाओं को घरद्वार पर रोजगार की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि उद्योग के स्थापित होने पर क्षेत्र के हजारों युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा।राम कुमार ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को पेयजल सुविधा सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान के लिए शीघ्र ही खराब पाइपों को बदला जाएगा ताकि जल समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि पानी को एकत्र करने के लिए क्षेत्र में टैंक भी स्थापित किए जाएंगे।राम कुमार ने इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का शुभारम्भ भी किया।उन्होंने तदोपरांत ग्राम पंचायत दाड़वां के गांव ताल खड्ड के पास निर्मित किए जा रहे खेल मैदान का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, ग्राम पचांयत चण्डी के प्रधान बलवंत सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत दाड़वां के प्रधान रमेश ठाकुर, सहित आदि उपस्थित रहे।

# नन्द लाल शर्मा ने एमएसआर के अंतर्गत 'सौहार्द-द्व1 का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत एक अभिनव आउटरीच कार्यक्रम, मेरा सामाजिक उत्तरदायित्व एमएसआर के तहत सौहार्द के चतुर्थ संस्करण का उद्घाटन किया। नन्द लाल शर्मा ने वर्ष 2019 में एमएसआर की अभिनव अवधारणा को आरंभ किया, जिसका उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग तक पहुंच बनाना है। नन्द लाल शर्मा ने कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में एसजेवीएन कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक रूप से दान किए गए स्मृति चिन्ह और वस्तुओं को विभिन्न ठेकेदारों द्वारा तैनात कम आय वाले आउटसोर्स कर्मचारियों के मध्य वितरित किया। आज वितरित किए गए 308 स्मृति चिह्नों में से नन्द लाल शर्मा ने 56 से अधिक स्मृति चिन्ह और उपहार दान किए, जो उन्हें विभिन्न अवसरों एवं



समारोहों में बाह्य एजेंसियों, संगठनों तथा समूहों से प्राप्त हुए थे। शर्मा ने कहा कि 'मेरा सामाजिक उत्तरदायित्व, आर्थिक विकास एवं समाज के कमजोर वर्ग के कल्याण के मध्य संतुलन बनाने का हमारा एक कल्याणकारी प्रयास है। यह हमारा सामाजिक उत्तरदायित्व है कि हम स्वेच्छा से इस नेक कार्य में योगदान दें तथा हर संभव तरीके से सहायता करके कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के जीवन में बदलाव लाएं।इस अवसर पर गीता कपूर, निदेशक (कार्मिक), सुशील शर्मा, निदेशक (विद्युत), प्रेम प्रकाश, मुख्य सतर्कता अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। वर्ष 2019 के बाद से, एमएसआर के तीन संस्करण सफलतापूर्वक कारपोरेट कार्यालय, शिमला में आयोजित किए गए तथा समाज के कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग के बीच 1000 से अधिक स्मृति चिन्ह और उपहार वितरित किए गए। इसी प्रकार, एसजेवीएन की अन्य परियोजनाओं और इकाइयों ने भी एमएसआर को अपनाया है तथा अपने आस-पास के कमजोर लोगों की मदद के लिए परियोजनाओं में सौहार्द का आयोजन कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### बारालाचा से दोनों ओर दौड़े वाहन

**मनाली-लेह सडक फि र खुली यातायात के लिए**

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

पर्यटकों का स्वर्ग कहे जाने वाले शीट मरुस्थल लेह-लद्दाख के लिए आज से सडक मार्ग से वाहनों ने फि र से फ र्राटे भरने आरम्भ कर दिए हैं। सीमा सड़क संगठन और लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन के मिलेजुले प्रयासों के बाद इस सडक पर बारालाचा दर्रे से आज से वाहनों की दोनों ओर आवाजाही शुरू हो गई है। हालांकि इस दर्रे से गुजरने के लिए पर्यटक वाहनों को अभी भी अपनी बारी का इंतजार करना होगा और वह एक तय समय में ही इस दर्रे को पार कर सकेंगे। लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने इस दर्रे से गुजरने वाले वाहनों के लिए आज से दोनों तरफ की आवाजाही शुरू कर दी है। जकल प्रशासन द्वारा निर्धारित समय सारणी के मुताबिक सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच दारचा की ओर से वाहन बारालाचा-सरचू की ओर रवाना किये जायेंगे।सरचू की ओर से दारचा आने वाले वाहनों को 12 बजे से 3 बजे के बीच चलाया जाएगा। इन आदेशों को कड़ाई से लागू किया जा रहा है ताकि बारालाचा दर्रे पर कोई ट्रैफि क जाम न हो। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार के मुताबिक दारचा से लेह के लिए सडक दो तरफा यातायात के लिए सुचारू हो गई है। केवल दीपक ताल से भरतपुर टेंट कॉलोनी तक का आठ किलोमीटर का ही रास्ता फि लहाल एक तरफा यातायात के लिए खुला है क्योंकि इस रास्ते पर अभी दोनों ओर अत्यधिक बर्फ है। ऐसे में यहां एक समय में एक ही वाहन गुज्र सकता है। इस लिए सडक के इस हिस्से में पूरी तरह बर्फ हटाये जाने तक एक तरफ । यातायात ही चलाने का फैसला किया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि इस हिस्से से बर्फ हटाने और सडक कक दो तरफा यातायात के बहाल करने के लिए बीआरओ लगातार काम कर रहा है। गौरतलब है कि मनाली.लेह सडक को इस साल बीआरओ ने मार्च में ही यातायात के किये बहाल कर दिया था। मगर इसके बाद हुई बेमौसमी बर्फ वारी के कारण ये सडक फि र से अबरुद्ध हो गई थी। इसके चलते प्रशासन ने इस सडक पर यातायात रोक दिया था। कुछ रोज पूर्व इस सडक पर फिर से यातायात चलाने का प्रयास हुआ लेकिन बारालाचा में भारी बर्फ वारी के बीच लगभग 400 वाहन फं स गए थे। इनमें फं से लोगों को निकालने के लिए 16 घंटे रेस्क्यू अभियान चलाना पड़ा था।

### निबाव ने लुधियाना के वेव मॉल में दुनिया की सबसे सुरक्षित होम लिफ्ट का प्रदर्शन किया



**लुधियाना**: भारत के सबसे बड़े होम लिफ्ट ब्रैंड निबाव (एनआईबीएवी) होम लिफ्ट्स ने आज लुधियाना के वेव मॉल में अपने मॉल एक्सपीरियंस सेंटर को लॉन्च किया। इस पहल का लक्ष्य हर घर में होम लिफ्ट्स को एक जरूरी निवेश बनाने के कंपनी के दृष्टिकोण के बारे में जागरूकता पैदा करते हुए शहर में मकान मालिकों के साथ निबाव का सम्बन्ध मजबूत करना है। इस मॉल एक्सपीरियंस सेंटर में लुधियाना में मकान मालिकों को सीधे घर के टॉप फ्लोर पर होम एलीवेटर की स्थापना के शानदार सरलता का प्रत्यक्ष अनुभव करने का भी अवसर मिलेगा। इससे होम एलिवेटर को स्थापित करने की अवधारणा में क्रांतिकारी बदलाव आयेगा।निबाव होम लिफ्ट के लिए सुरक्षा हमेशा ही सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।होम लिफ्ट्स के प्रदर्शन से मकान मालिकों को पूर्ण रूप से सुरक्षा प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।आधुनिक तकनीक और नई डिजाइन से निर्मित इस लिफ्ट को तरह.तरह की विशेषताओं से लैस किया गया है।इनमें आत्मनिर्भर आधारभूत ढाँचा और चारों दिशाओं का नजारा मुहैया कराने के साथ उपभोक्ताओं को बेहतरीन सुरक्षा भी प्रदान करना शामिल है।इससे उपभोक्ताओं और उनके परिजनों को काफी सुकून मिलता है।वेव मॉल में लगाई गई यह प्रदर्शनी लुधियाना के मकान मालिकों को इंटरएक्टिव प्लेटफॉर्म भी प्रदान करती है जिससे वह निबाव लिफ्ट्स के कुछ प्रमुख लाभ को समझ सकें जैसे कि इसमें गड्ढा खोदने या मशीन रूम की जरूरत नहीं होती। मॉल में लगी प्रदर्शनी में देखा गया कि पूर्ण रूप से निर्मित बेहतरीन ढ़ांचे के चलते लिफ्ट लोगों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में सक्षम होती है।इसके इंस्टालेशन के लिए सिविल इंजीनियरिंग के काफी कम काम की जरूरत पड़ती है।आधुनिक इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम और सेंसर पर आधारित दरवाजों के खुलने और बंद होने की प्रक्रिया इसके लॉकिंग मैकेनिज्म को सुरक्षित बनाते हैं और लिफ्ट में उपभोक्ताओं की आवाजाही को आरामदेह बनाते हैं।निबाव होम लिफ्ट के हर पहलू को सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सावधानी से डिजाइन किया गया है।

# सिविल अस्पताल अंब को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता सर्टिफिकेशन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सिविल अस्पताल अंब को सिविल अस्पतालों की श्रेणी में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय गुणवत्ता सर्टिफिकेशन से नवाजा गया है। अंब अस्पताल प्रदेश का पहला ऐसा अस्पताल है, जिसे यह उपलब्धि हासिल हुई है। इसके तहत केंद्र से अस्पताल प्रबंधन को हर वर्ष 3.20 लाख रुपए मिलेंगे। तीन वर्ष तक मिलने वाली यह राशि अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं पर खर्च की जाएगी।

सर्टिफिकेशन के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का मूल्यांकन करने के लिए राष्ट्रीय स्तर से विशेषज्ञों की टीम जम्मू कश्मीर से डॉ अमित बजाज तथा उत्तर प्रदेश से डॉ. रविंदर सिंह ने 11 और 12 फरवरी 2023 को सिविल हस्पताल अंब का निरीक्षण किया था। जिसमें दुर्घटना व आपात प्रबंधन, अंतरंग रोगियों के लिए सेवाओं, प्रयोगशाला सुविधाओं, प्रसव के लिए सुविधाओं व बाह्य रोगियों के लिए सेवाओं तथा औषधि वितरण सेवाओं का गहन और विस्तृत मूल्यांकन किया। जिसमें सिविल अस्पताल अंब को 82.97 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता सर्टिफिकेशन की जानकारी देते हुए सिविल अस्पताल के प्रभारी डॉ. राहुल कतना ने बताया कि उपरोक्त सफलता का श्रेय जिले से मिले कुशल नेतृत्व, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव गर्ग अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों को जाता है। जिनके प्रयत्नों के फलस्वरुप सिविल अस्पताल अंब को यह सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है।

# पीजीडीसीए व डीसीए कोर्स के लिए 22 जून तक करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

कल्याण विभाग द्वारा विशेष वर्गों के पात्र अभ्यर्थियों से पीजीडीसीए और डीसीए कोर्स के लिए 22 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला कल्याण अधिकारी अनिल पुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, निदेशालय अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण द्वारा कम्प्यूटर एप्लीकेशन व समवर्गी क्रियाकलापों में



प्रशिक्षण एवं दक्षता योजना के अंतर्गत इन डिप्लोमा में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डिप्लोमा प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विधवा, एकल नारी व विशेष रूप से सक्षम से संबंध रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी गरीबी रेखा से नीचे रह रहे चयनित परिवारों के सदस्य हों या जिनके परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपए से कम हो। उक्त शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी 22 जून तक संबंधित जिला कल्याण अधिकारी को सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पीजीडीसीए और डीसीए दोनों डिप्लोमा में नाइलेट, सीडैक के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। पीजीडीसीए के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक और डीसीए के लिए 12वीं पास होना अनिवार्य है। दोनों की प्रशिक्षण अवधि एक वर्ष है। सभी कोर्स 01 जुलाई से प्रारंभ होंगे। प्रशिक्षण अवधि के दौरान अभ्यार्थियों को एक हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दी जाएगी, बशर्ते उसने प्रत्येक मासिक टेस्ट में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों तथा मासिक उपस्थिति 85 प्रतिशत से कम न हो।

# बेहतर रोजगार, सड़क सुविधा व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सरकार का लक्ष्यः संजय अवस्थी

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क) संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह प्रयास है कि युवाओं को बेहतर रोजगार मिलेए गांव-गांव सडक से जुड़ें और सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। संजय अवस्थी आज सोलन जिला के अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दानोघाट में आयोजित मेला समारोह को



सम्बोधित कर रहे थे।उन्होंने सभी को मेले की बधाई देते हुए आशा जताई कि हमारे मेले एवं त्यौहार प्रदेश की समृद्धि संस्कृति को संजोए रखने में सहायक बनेंगे। मेले का शुभारम्भ क्षेत्र के चार देवताओं के मिलन और देव नृत्य के साथ हुआ। कुरगण प्रकाश देवता (मंडोढ़) कोलका, मांगू, कराड़ा व संघोई देव का मिलन मेले का आकर्षण रहा।संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव से पूर्व 10 गारंटियों के माध्यम से आमजन को आश्वस्त करने का प्रयास किया था कि कांग्रेस पार्टी की सरकार जन-जन के विकास में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लगभग 1.70 लाख कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रदान करने का निर्णय कर इन कर्मचारियों और उनके परिजनों को बुढ़ापे का सहारा प्रदान किया।

# कांग्रेस पार्टी की सुक्खू सरकार ने जो कहा, वो करके दिखायाः जगतराम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कांग्रेस पार्टी की सुक्खू सरकार ने जो कहा वो पूरा किया और कर्मचारी वर्ग बहुत खुश है। यह बात राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने कही। सोमवार को जारी ब्यान में कामरेड जगत राम ने कहा कि हिमाचल के हजारों कर्मचारियों ने धर्मशाला में एकत्रित होकर सुक्खू सरकार व कांग्रेस पार्टी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा केंद्र कि मोदी सरकार ने कर्मचारियों, कामगारों, किसानो, छोटे उद्योगपतियों और व्यापारियों के विरुद्ध तुगलकी फरमान करके घायल कर दिया।

# महिलाओं के लिए आत्मसम्मान एवं स्वास्थ्य का मुद्दा है मासिक धर्म एवं स्वच्छताः एम सुधा देवी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

विश्व मासिक धर्म एवं स्वच्छता दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग एम सुधा देवी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं एवं किशोरियों को सामाजिक स्तर पर इस विषय पर चर्चा करनी चाहिए और प्रबुद्ध जनता को शिक्षा के माध्यम से जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एवं स्वच्छता महिलाओं के लिए आत्मसम्मान एवं स्वास्थ्य का मुद्दा है और स्वस्थ समाज के निर्माण में इसकी भूमिका अनिवार्य है।एम सुधा देवी ने अपने संबोधन में राज्य में नशाखोरी की बढ़ती समस्या पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों की रुचि का ध्यान रखें और उन पर



मानसिक दबाव ना पाए। इससे पूर्व अतिरिक्त निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग एकता कप्टा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी एवं समावेशी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम के दौरान शिमला शहर के विभिन्न स्कूलों ने पोस्टर एवं नारा लेखन एवं स्किट के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और मासिक धर्म के संबंध में लोगों को जागरूक किया। आईजीएमसी के डॉक्टर अमित सचदेवा ने मासिक धर्म विषय पर जानकारी प्रदान की।

# एनपीए बहाली को लेकर चंबा के डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

प्रदेश सरकार द्वारा चिकित्सकों के नॉन प्रैक्टिस अलाउंस को बंद किए जाने को लेकर चंबा के डॉक्टरों ने रोष प्रकट किया तथा सरकार से इस फैसले को जल्द वापस लेने की मांग की। सोमवार को इस फैसले के विरोध में मेडिकल कॉलेज चंबा के चिकित्सकों सहित प्रशिक्षु चिकित्सकों ने अपना रोष जताते हुए 1 घंटे की पेंट डाउन स्ट्राइक की जिससे आम मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ओपीडी के बाहर लंबी कतारें मरीजों की देखी गई। डॉक्टरों की मांग है कि प्रदेश सरकार अपने इस फैसले को जल्द




वापस ले वरना चिकित्सक कड़े कदम उठाने को मजबूर हो जाएंगे। सोमवार को अपनी मांगों को लेकर डॉक्टरों ने अस्पताल परिसर के बाहर इक्के होकर रोष प्रकट किया। इस दौरान आपातकालीन सेवाओं में कोई बाधा ही नहीं आई। मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट असिस्टेंट प्रोफेसर तथा डॉक्टर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉक्टर मानिक सहगल ने कहा कि गत वर्ष सरकार ने एक कमेटी का गठन किया था जिसमें चिकित्सकों की मांगों को 3 माह के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया था मगर खेद जनक है कि यह मांगे अभी तक पूरी नहीं हुई है।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल से यह आग्रह किया है कि जल्द ही उनकी मांगों को पूरा किया जाए तथा सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले को रद्द किया जाए।

**DR YASHWANT SINGH PARMAR GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE NAHAN DISTRICT SIRMOUR HIMACHAL PRADESH**

Ph No.01702-224011, Fax No. 01702-222209, website: http://www.yspgmc.org/

**No. HFW-ME-DYSPGMC(B)(2)-SR Interview/2023-1232 Dated:- 25.05.2023**

**NOTICE FOR WALK-IN-INTERVIEW FOR THE POST OF SENIOR RESIDENTS/TUTOR (SPECIALIST) AT DR YSPGMC NAHAN**

In compliance to the DME & R, HP office letter No. HFW (DME) B (2)-163/2019 Vol-IX-1582 Dated 17/05/2023; applications are being invited for filling up 28 posts of Senior Resident / Tutor Specialist at Dr YSPGMC, Nahan. Interested eligible candidates can download application proforma / other term and conditions from our official website http://www.yspgmc.org/.

Applications alongwith photo and self-attested copies of all relevant documents should be submitted on or before 03.06.2023 upto 5.00 P.M through registered post/by hand /official e-mail yspgmc.estt@gmail.com in the office of the Principal Dr. Y.S.P.G.M.C Nahan. **Candidate can apply one medical college and submit the undertaking he/ she can apply only for Dr. YSPGMC Nahan** application form (Annexure-1) is available on college website http:// www.yspgmc.org/. Applicants have to deposit the application fees i.e. Rs. 1500/- for General category and Rs. 1000/- for reserved categories through NFFT/RTGS/Demand Draft in the favour of Principal, Dr. YSPGMC, Nahan account no. 5344394134 IFSC Code CBIN0281452. Copy of payment proof to be attached wi th the application form and no application will be entertained beyond the last date of submission of forms i.e. 03.06.2023 (05:00 PM). The schedule date of / counselling / interview shall be 06.07.2023.

The details of advertised posts, eligibility criteria/terms and conditions, application forms other terms and conditions of selection / appointment can be seen as well as downloaded from the website http://www.yspgmc.org/. In case any date mentioned above happens to be a holiday, the next working day will be considered as due date.

Addendum (if any) will be issued on our website only. Please keep visiting our website http://www.yspgmc.org/ for any amendment / announcement / modification.

-Sd/-
Principal
Dr Y S Parmar Govt. Medical College
Nahan, District Sirmour(HP)
E-mail:- yspgmc.estt@gmail.com

RO No. 0879/2023-2024

# जब तक एनपीए बहाल नहीं हुआ तब तक रहेगी पेन डाउन स्ट्राइक

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

चिकित्सकों का नॉन प्रैक्टिस अलाउंस बंद करने के विरोध में डॉक्टरों ने सोमवार जोनल अस्पताल मंडी में पेड डाउन स्ट्राइक की, जिसमें सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक डॉक्टरों ने ओपीडी सेवाएँ नहीं दी। ऐसे में मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा लेकिन इमरजेंसी में डॉक्टरों ने मरीजों को सेवाएं दी। ऐसे में आने वाले दिनों में स्थिति और ज्यादा गंभीर हो सकती है। 11 बजे के बाद कितने मरीजों को डॉक्टर चेक करेंगेए ये भी अभी तय नहीं हैं। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल के साथ डॉक्टरों की वार्ता विफल रही थी।



डॉक्टर लिखित में आश्वासन देने की मांग कर रहे हैं। वॉइस प्रेजिडेंट डॉक्टर भारत भूषण ठाकुर का कहना है कि चिकित्सकों को एश्योर्ड करिअर प्रोग्रेशन स्कीम के तहत 4-9-14 इंक्रीमेंट का लाभ दिया जाता थाए उसे भी छीन लेना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा की नए डॉक्टरों का एनपीए बंद करने पर डेढ़ घंटे की पेनडाउन स्ट्राइक की गई है। उन्होंने कहा कि एनपीए सिर्फ एनपीए ही नही है इससे चिकित्सको का मनोबल भी बढ़ता है, उन्होंने कहा कि डॉक्टर दिन रात अपनी सेवाएं देते है जिसके लिए डॉक्टरों को एनपीए दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार अगर एनपीए बंद कर देती है तो सरकारी डॉक्टर परिवेट प्रैक्टिस कर सकते है जिसके कारण आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। हिमाचल प्रदेश का हेल्थ इंडिकेटर केरला के बाद देश भर में दूसरे नम्बर पर है क्योंकि हिमाचल प्रदेश में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं उत्तम है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बयान पर सहमति जताते हुए कहा कि उन्हें भी पता है कि डॉक्टरों का एनपीए बन्द नही किया जाना चाहिए। ओपीडी 11 बजे से शुरू होने से टेस्ट करवाने में काफी देरी हुई और ओपीडी में काफी भीड़ देखने को मिली और हो सकता है कि दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को किराए के कमरे में रहकर अगले दिन का इंतजार करना पड़े। अस्पताल में इलाज करवाने आये मरीजों में सुखलाल का कहना है कि सुबह से ही पर्ची बनाने के लिए कतारों में खड़े होना पड़ता है और ओपीडी में भी काफी लंबी कतार लगी है ऐसे में डेढ़ से 2 घण्टे का इंतजार करने पर भी बारी नहीं आ पा रही है।उन्होंने सरकार से डॉक्टरों का मसला हल करने की मांग की जिससे आम जनता को कोई परेशानी न आये। बीरी सिंह का कहना है कि सुबह से ही कतारों में खड़े है लेकिन डॉक्टर 11 बजे आ रहे है जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में इलाज के लिए मसेरन से आई मीनू का कहना है कि डॉक्टरों की हड़ताल के कारण सुबह से 9 बजे से इन्जार में बैठे हुए है।

## न्यूज फ्लैश

### यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने जरूरत मंद बच्चो को वितरित की पाठ्या सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड डिवीजनल ऑफिस अंबाला छावनी ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत बीमा जागरुकता कार्यक्रम गवर्नमेंट मिडिल स्कूल डेह बस्ती अंबाला छावनी मैं आयोजित किया ' मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल अधिकारी तेजेंद्र सिंह ने सभी को बीमा के महत्तव के बारे में बताया और इस दौरान स्कूल में पौधारोपण भी किया गया और और सभी को पौधारोपण करने के बारे जागरूक भी किया गया ' जरूरतमंद बच्चों को किताबें वर्दी आदि चीजे भी वितरित की गई ' साथ ही बिजली के पंखे भी स्कूल को दिए गए ' वही सिविल अस्पताल से डॉक्टर जोगिंदर सिंह द्वारा बच्चों का हेल्थ चेकअप भी किया गया ' इस कार्यक्रम में नीरज ,नवीन जैन , गुरविंदर सिंह ,गुलशन ,प्रजापति प्रेमचंद ,शमशेर सिंह, वीर सिंह ,प्रिंसिपल चमन लाल ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया

### आज एसडीएम को ज्ञापन देंगे भूतपूर्व सैनिक: बलजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** जिले के भूत पूर्व सैनिक अपनी मांगों को लेकर एसडीएम अंबाला को ज्ञापन देंगे। भूतपूर्व सैनिक लंबे समय से वन रैंक वन पेंशन मे हुई गलतियों को दूर करने की मांग कर रहे हैं इसी के चलते बलजीत सिंह रंगा कि अध्यक्षता में ज्ञापन सौंपा जाएगा। अम्बाला जिला के सभी जेसीओ जवान कल सुबह मानव चौंक पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर केन्द्र सरकार को अपना बल दिखाएंगे। रंगा ने कहा कि कल जंतर मंतर दिल्ली में बैठे शान्ति पूर्वक धरना दे रहे लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया जिससे देश भर में रोष है। ये सैनिकों का अपमान है। जो कोई भी भारत वासी सहन नहीं करता। इसी लिए कल पूरे देश में अपने अपने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 36 वीं पुण्यतिथि मनाई

**मथुरा: पूर्व प्रधानमंत्री** चौधरी चरण सिंह की 36 वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। किसान एवं राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने कलेक्ट्रेट स्थित प्रतिमा पर किसानों एवं राजनीतिक पार्टियों से जुड़े कार्यकताओं ने 0 पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा इस अवसर पर शान्ति हवन किया गया। उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह एकमात्र किसान नेता थे, जिन्होंने किसानों के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए थे। मुख्य रूप से जमींदारी उन्मूलन एक्ट लागू कर किसानों को खेती का मालिक बनाया था। उनका कहना था कि देश की खुशहाली का रास्ता, खेत और खलिहान से गुजरता है। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं के साथ अन्य दलों से नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थिति रहे। मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सरदार सिंह, पूर्व विधायक कुशल पाल सिंह, कुंवर नरेन्द्र सिंह, चौधरी धर्म सिंह, नरेंद्र सिंह एड., बाबूलाल प्रमुख, अनूप चैधरी, प्रीतम सिंह, डॉ. नंदन सिंह, कमल सिंह नेता, रामवीर सिंह भारंगर, सुरेश भगत, रामरसपाल सिंह पौनिया, राजेश चैधरी, कमल दिवाकर, लक्ष्मण वकील, अमित गुर्जर, हेमराज गुजर, सीमा भुकेश, हरवीर चैधरी, सीम चैधरी, विवेक देशवार, धीरज चैधरी, विश्वनाथ सिंह, हरवीर सिंह, अनिल पचहरा, गौरव तोमर, हरवीर नरवार उपस्थिति रहे।



### खेड़ी तगा की पंचायत में दसवीं कक्षा के मेधावी छात्रों का नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया

**गन्नौर।** खेड़ी तगा गांव की पंचायत ने दसवीं कक्षा के मेरिट प्राप्त छात्रों को किया सम्मानित गन्नौर राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी तगा मैं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में प्रस्ताव प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जिसमें गांव के सरपंच वेद प्रकाश रंगा ने स्कूल के मुख्याध्यापक के साथ छात्रों को इनाम दे वितरित किए कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच का मुख्याध्यापक विजेंद्र कुमार ने फूलमालाओं से स्वागत किया।
इसके बाद पंच सरपंच ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त तीनों छात्रों को 1100- 1100 रुपएं की माला पहनाकर उनका सम्मान बढ़ाया इसके बाद खेड़ी तगा के स्कॉलर एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष अमित जांगड़ा ने 500-500 देकर तीनों छात्रों को सम्मानित किया स्कूल के मुख्याध्यापक ने बताया कि स्कूल की छात्रा ज्योति ने दसवीं कक्षा में 85 प्रतिशत अंक, साक्षी ने 82 प्रतिशत, अजय ने 81 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर समाजसेवी महेंद्र सिंह रंगा, तांबूल त्यागी, सत्य प्रकाश त्यागी ,पंडित सुभाष, पंडित रामेश्वर, पंडित अशोक, जयकिशन जांगड़ा, पंच मुकेश ,अनिल, बलिस्टर ,बलिराम व शिक्षक सतीश, रमेश, अशोक आदि सदस्य मौजूद थे।

# दिल्ली जा रहे महिला किसानों के जत्थे को पंजाब भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**किसान** मजदूर संघर्ष कमेटी के बैनर तले पंजाब के 300 किसानों का काफिला पहलवानों के समर्थन में दिल्ली जाने के लिए सिटी के मंजी साहिब गुरुद्वारे में रातभर रुका रहा। गत दिवस अम्बाला के 500 पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया। प्रदर्शन कर रहे किसान जब टेंट लगाने लगे तो एएसपी दीपक ने उन्हें मना किया, लेकिन किसान टेंट लगाने पर आमदा हुए तो पुलिस टेंट उठाने लगी, तभी किसान पुलिस कर्मियों के साथ भिड़ गए।आखिर डीएसपी अर्शदीप सिंह ने किसानों को समझाकर मामला शांत कराया।
दिल्ली में नई संसद का उद्घाटन होने पर पंजाब के किसान 10 बसों व 3-4 छोटी गाड़ियों में तरनतारन से मंजी साहिब गुरुद्वारे शनिवार शाम 6:30 बजे पहुंचे थे, ताकि वह दिल्ली जाकर पहलवानों का समर्थन कर सकें। पुलिस को किसानों के आने की भनक लगी तो देर शाम को भारी संख्या में पुलिस कर्मियों की वहां ड्यूटी लगा दी गई। रात को किसानों ने गुरुद्वारे में बैठक कर दिल्ली जाने की रणनीति बनाई, लेकिन पुलिस मुस्तैद थी। रातभर एसडीएम दर्शन कुमार वहां मौजूद थे। किसान कमेटी के प्रधान सुखविंदर सिंह सुभरा व महासचिव सरवन सिंह की अध्यक्षता में गुरुद्वारे के बाहर धरने पर बैठ गए और टेंट लगाने लगे तो एएसपी दीपक ने टेंट लगाने से मना कर दिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को टेंट कब्जे में लेने के निर्देश दिए।
पुलिस कर्मी टेंट कब्जे में लेने लगे तो किसान भिड़ गए। इसी बीच एक बार वहां माहौल काफी गर्म हो गया था फिर डीएसपी अर्शदीप सिंह ने समझाया। उन्होंने किसानों को 4 बजे तक टेंट लगाने की अनुमति दी, लेकिन किसान समय सीमा खत्म होने से पहले ही पंजाब की तरफ वाहनों में रवाना हो गए।
मंजी साहिब गुरुद्वारे में किसानों के साथ जो महिलाएं पहुंची, वह अधिकतर अधेड़ उम्र की थीं।

उन्हें दिल्ली के गुरुद्वारों के दर्शन कराने के बहाने बसों में भरकर लाया गया था। लगभग 60 साल की कर्मजीत कौर ने इसका खुलासा किया। महिला ने कहा कि उन्हें कहा गया था कि उन्हें दिल्ली के गुरुद्वारों के दर्शन कराएंगे, इसलिए महिलाएं उनके साथ आई।

**2 शिफ्ट में थी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी**

एसपी ने पुलिस कर्मियों की 2 शिफ्ट में ड्यूटी लगाई थी। मंजी साहिब गुरुद्वारा, सद्दोपुर नाका, जमीतगढ़, बलदेव नगर तथा जग्गी सिटी सेंटर नाका पर 2 शिफ्ट में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। ये कर्मी पंजाब जाने वाले वाहनों को डायवर्ट कर रहे थे।

**फायर ब्रिगेड व वाटर कैनन का था प्रबंध**

सुबह से ही फायर ब्रिगेड ऑफिस के बाहर 4 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां निकली हुई थी, जबकि एक गाड़ी टोल प्लाजा के पास खड़ी थी। यही नहीं पुलिस ने 7 रोडवेज बसें, वाटर कैनन व वज्रा का भी प्रबंध किया था।



## गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर 'यमुना तट पर बालू से स्नान'



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**यमुना** प्रदूषण को लेकर अब पहले जैसी हाय तौबा नहीं है। यमुना प्रदूषण का मुद्दा विगत कुछ वर्षों से आंदोलन का विषय नहीं रह गया है। बावजूद इसके गंगा दशहरा जैसे स्नान पर्व के मौके पर लोगों का ध्यान जरूर इस ओर चला जाता है। हालांकि यमुना जल में प्रदूषण अब भी उतना ही या पहले से कहीं ज्यादा है। यमुना प्रदूषण की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर कुछ लोगों ने अनूठा प्रदर्शन किया। यमुना के घाट पर बालू से स्नान कर लोगों को यह बताने का प्रयास किया कि यमुना का पानी स्नान और आचमन के योग्य नहीं है। बालू स्नान से ब्रजवासियों को पीड़ा को भी सांकेतिक रूप से प्रदर्शित किया। सोमवार को प्रदर्शनकारी ताराचंद गोस्वामी ने यमुना के जुगल घाट पर यमुना भक्तों को साथ लेकर रेती से स्नान कर अपना विरोध दर्ज कराया।

## 11 मई को परिवहन मंत्री का घेराव करेंगे रोडवेज कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा रोडवेज** कर्मचारी सांझा मोर्चा ने सरकार द्वारा राडवेज विभाग में ऑनलाइन तबादला नीति के तहत किये गये बिना आधार के तबादलों के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम महाप्रबंधक को प्रदर्शन करके आनन्द कुण्डू,रविन्द्र राणा,सर्वजीत सिंह की अध्यक्षता में ज्ञापन दिया गया। संचालन महाबीर पाई,बसन्त सैनी ने किया। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए। विशेष रूप से मौजूद केंद्रीय नेता इंद्र सिंह बधाना,जयबीर घणघस, विक्रम राणा, रमन सैनी ने बताया कि सरकार द्वारा पॉलिसी जारी करके कर्मचारियों को यह बताया गया था कि जो कर्मचारी स्वेच्छा से अपना तबादला चाहता हैं। वह तबादला पोर्टल पर अपनी स्वेच्छा हां को चुने ओर जो कर्मचारी तबादला नही चाहता वह अपनी स्वेच्छा ना को चुने। तबादला चाहने वाले कर्मचारियों ने अपनी स्वेछा को हां में चुना। जब सरकार द्वारा स्टेशन चुनने के लिए पोर्टल को खोला गया। तो जिन कर्मचारियों ने अपनी स्वेच्छा से जो स्टेशन भरने थे वो स्टेशन पोर्टल पर खुल ही नही रहे थे।जिस कारण कर्मचारी अपनी स्वेच्छा से वंचित रह गए। ऑनलाइन तबादले करने के लिए विभाग द्वारा जो ड्राफ्ट बनाया गया था उसके अनुरूप एक भी ट्रांसफर नहीं किया गया।सांझा मोर्चे से परिवहन मंत्री ने भी वायदा किया था कि सभी कर्मचारियों को उनके घर के पास के स्टेशनों पर भेजा जाएगा। जबकि कर्मचारियों को लगभग 200 किलोमीटर दूर भेजा गया हैं। क्रॉनिक व अन्य गम्भीर बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों, कप्पल केस, ऑन ड्यूटी दुर्घटना में ड्यूटी करने मे असहाय कर्मचारियों,नौकरी के अंतिम वर्ष में कार्य कर रहे कर्मचारियों रहे किसी भी कर्मचारियों को कोई छूट भी नही दी गई हैं। जिससे कर्मचारियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

## बिजली घर पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**मथुराः भारतीय किसान** यूनियन टिकैत के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार रघुवंशी महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी के नेतृत्व में विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे जनता के उत्पीड़न के विरोध में कैंट बिजली घर का घेराव कर प्रदर्शन किया। विद्युत विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने कहा कि बिजली विभाग बिजली के बिल के नाम पर जनता का उत्पीड़न कर रहा है लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है कई कई घंटे तक विद्युत कटौती की जाती है, उसके बाद भी बिल के नाम पर जनता का उत्पीड़न किया जाता है। 200 हजार से 5000 के बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया जाता है।

## पानीपत के आर्य बाल भारती स्कूल में आर्य वीर दल शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आर्य** बाल भारती स्कूल परिसर में आर्य प्रतिनिधि सभा एवं स्कूल प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पंच दिवसीय सार्वदेशिक आर्य वीर दल शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य ने भाग लिया और सम्मानित अतिथि के रूप में सभा के मंत्री उमेद सिंह शर्मा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक राजेंद्र जागलान, कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक एवं आचार्य सत्यदेव हरिद्वार रहे। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने की। स्कूल प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी गई।

उप प्राचार्य एवं शिविर अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने समरोह का मंच संचालन किया। वहीं प्रधान राधा कृष्ण आर्य ने कहा कि देश भक्ति, राष्ट्रवाद, चरित्र निर्माण और आर्य वीरों के अधिकारों एवं कर्तव्यों को लेकर पूरी तरह पारंगत करने के लिए ही आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा प्रदेश के सभी 22 जिलों में ऐसे शिविर लगाए जाते हैं। लोगों में वैदिक धर्म के प्रति जागृति पैदा करने के लिए इन शिविरों का आयोजन किया जाता है। सभा के मंत्री उमेद सिंह शर्मा ने कहा कि संसार में वैदिक शिक्षा का प्रचार और प्रसार का एकमात्र माध्यम आर्य वीर दल का यह शिविर हैं। शिविर के प्रशिक्षक महावीर आर्य, प्रवीण आर्य, अनिल आर्य व यूनिक मलिक रहे।



# वृंदावन में फेल हुआ ट्रैफिक प्लान, लग रहा जाम

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**मंदिरों की नगरी** श्री धाम वृंदावन में जाम की समस्या का शायद किसी के पास निदान नहीं। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने जाम की समस्या को लेकर कई प्लान तैयार किए और लागू किया, लेकिन राहत किसी प्लान से नहीं मिली। वृंदावन की सड़कों पर वाहनों की कतार किसी अति व्यस्त शहर का आभास कराती रहती हैं। वाहनों में बैठे लोगों के मुंह से सुनाई देने लगता है कि यहां कोई ट्रैफिक सिस्टम नहीं हैं। शनिवार रविवार, अमावस्या, पूर्णिमा या किसी विशेष पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों से जाम की स्थिति बनती है। जिला संयुक्त चिकित्सालय के पास तिराहा अक्सर जाम की चपेट में रहता है। यहां पर पुलिस का प्लान ही जाम की समस्या का कारण है। यमुना एक्सप्रेस वे की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं की गाड़ियों को मंडी परिसर या दारुक पार्किंग में खड़ी न कराकर सीधे भेज देते हैं। फिर यहां गाड़ियां वात्सल्य ग्राम के पास कट से जुड़कर इस तिराहे पर आ जाती हैं। फिर इन गाड़ियों के कारण तिराहे पर जाम लग जाता है। पुलिस ने इन गाड़ियों को फिर मंडी परिसर और दारुक पार्किंग में पार्किंग के लिए भेजती है। यदि पहले से उन गाड़ियों को मंडी पार्किंग स्थल और दारुक पार्किंग स्थल पर रोक लिया जाए तो काफी हद तक जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। छटीकरा से आने वाली गाड़ियों को मल्टी लेवल पार्किंग पर खड़ा कराया जाता है, लेकिन कई लोग अपनी गाड़ियों को दूसरे रास्तों से होकर वृंदावन के अंदर प्रवेश कर लेते हैं। फिर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। समाजसेवी सुधीर शुक्ला कहते हैं कि अब नगर निगम, पुलिस और प्रशासन को मिलकर जाम की समस्या का समाधान निकालने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी का कहना है, कि जाम की समस्या काफी पुरानी है। अब तो यह समस्या ऐसी हो गई है कि हर कोई परेशानी महसूस करने लगा है। अब तो ऐसा प्रतीत होता है, कि नगर वासियों को शनिवार, रविवार और विशेष दिनों के समय पर अपने घरों में कैद हो जाना चाहिए। क्योंकि अब जाम की समस्या आम हो चुकी है और नगरवासी जाम से कब तक जूझे।



## मोबिल ने ऋतिक रोशन को बनाया नया ब्रांड एंबेसडर

**गुरुग्राम।** मोबिल जो ल्यूब्रीकेशन टेक्नोलॉजी इनोवेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर है, एक्सॉन मोबिल ने आज बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। अपने आत्मविश्वास और बेजोड़ ऊर्जा के साथ मशहूर एक्टर, ऋतिक रोशन मोबिल को मानव प्रगति को बढ़ावा देने, विश्वास निर्माण एवं ग्राहकों को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने में ब्रांड की बेमिसाल पसंद के रूप में उभरे हैं। एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा, ह्लभारत में ऋतिक रोशन को अपने मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स के साथ पार्टनर बनाए जाने को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। हमें भरोसा है कि उनका व्यक्तित्व ट्रेड पार्टनरों से प्रतिध्वनित होगा एवं उपभोक्ताओं में जबरदस्त भरोसा कायम होगा, जिससे उन्हें भारत में ल्यूब्रीकेशन की जरूरतों को पूरा करने की मोबिल की क्षमता में विश्वास पैदा होगा। ब्रांड एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए, अभिनेता ऋतिक रोशन ने कहा, मैं मोबिल और इसके भरोसेमंद ब्रांड के साथ पार्टनरशिप करने के लिए बड़ा उत्सुक हूं, जिसे न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में पहचाना जाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि लोगों के जीवन और समुदाय को बेहतर बनाने में के चैंपियंस के प्रयासों के पीछे आत्मविश्वास ही सच्ची प्रेरक शक्ति है, और वह यही मोबिल ब्रांड है।
इससे पहले एक्सॉन मोबिल ने ऋतिक रोशन की एक्शन थ्रिलर 'विक्रम वेधा' में पार्टनरशिप की थी।

## फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने दीपालय के सहयोग से शुरू किया नारी शक्ति प्रोग्राम

**गुरुग्राम।** फ्लिपकार्ट ग्रुप के तहत फ्लिपकार्ट फाउंडेश ने समाज के कमजोर तबके की महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए कार्यरत एनजीओ दीपालय के साथ एक नई पहल के लिए हाथ मिलाया है। इस पहल के जरिए समाज के कम सुविधाप्राप्त वर्ग की युवतियों तथा महिलाओं को सशक्त एवं समर्थ बनाया जाएगा। प्रोग्राम के तहत 600 से अधिक युवतियों एवं महिलाओं को ऐसी जरूरी वोकेशनल स्किल्स दी जाएंगी जो उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकें और साथ ही, उन्हें माइक्रो-एंटरप्राइज स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित भी करें। इस प्रोजेक्ट को हरियाणा के तावडू जिले और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के तितरों नगर में 12 महीने चलाने की योजना है। यह प्रोग्राम 18 साल से अधिक उम्र की उन महिलाओं को प्रशिक्षण देगा जो लक्षित भौगोलिक इलाकों में रहती हैं।

# मोदी ने सविधान को कलंकित किया: शिवसेना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**शिवसेना उद्धव** ठाकरे के प्रदेश प्रमुख हरकेश शर्मा ने अशोक विहार कॉलोनी पानीपत में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में मोदी और भाजपा द्वारा सविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। देश के लिए मेडल लाने वाली देश की पहलवान बेटियां आज जंतर मंतर पर बैठकर न्याय मांग रही है। हरकेश शर्मा ने कहा कि आज मोदी ने नई सांसद का उद्घाटन किया जबकि 19 पार्टियों ने इस पार्लियामेंट के उद्घाटन का बरिष्कार किया, क्योंकि उनकी मांग थी कि नई पार्लिमेंट का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाए ,लेकिन मोदी ने अपना तानाशाह रवैया अपनाते स्वयं पार्लियामेंट का उद्घाटन किया। जबकि मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देश में दिया गया। आज देश की बेटियां पहलवान न्याय के लिए दर दर की ठोकरे खा रही है हरकेश शर्मा ने कहा सत्ता के घमंड मे मोदी भाजपा सरकार द्वारा पुलिस के माध्यम से हमारे देश की बेटियों के साथ जो बर्ताव किया गया वो निंदनीय है, पुलिस का यह कृत्य लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान है ! अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले पहलवानों के साथ किया गया बर्ताव देश का आम- अवाम याद रखेगा और समय आने पर इसका जवाब भी जनता सरकार को देगी । अपने कठिन परिश्रम के बलबूते पर देश के लिए मैडल जीत कर विदेशों में भारतीय तिरंगे को लहराने वाले इन खिलाड़ियों को न्याय और सम्मान देना हर देशवासी और सरकार का कर्तव्य है। शिवसेना के साथ ज्यादा से ज्यादा युवा जुड़े ताकि हम आपको भ्रष्टाचार और भय मुक्त समाज दे सकें आज हरियाणा में भी हिंदू भाजपा के राज में सुरक्षित नहीं है।



# वृंदावन में ई रिक्शा के अभियान चला कर काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**वृंदावन में** नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला कर कार्यवाही की। मल्टीलेवल पार्किंग, रुक्मणी बिहार, प्रेम मंदिर तिराहा, नन्दन वन कट और सुनरख रोड पर अभियान चलाया गया। जिसमें कई ई रिक्शा चालकों के खिलाफ सीज और चालान की कार्यवाही की गई। धर्म नगरी वृंदावन में ठाकुर जी के दर्शन करने को श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी तो कई ई रिक्शा चालक श्रद्धालु भक्तों से मोटी कमाई करने के चक्कर में वे परवाह होकर वृंदावन की सड़कों पर ई रिक्शाओं को दौड़ते हुए नजर आए तो वहीं ई रिक्शा चालक पैसे कमाने के चक्कर में इतने ज्यादा व्यस्त और मशगूल नजर आए कि वह यातायात के नियमों का पालन करना तो दूर शायद उन्हें यह भी याद नहीं रहा कि ट्रैफिक पुलिस कई दिनों से लगातार यातायात अभियान चला रही है और यातायात नियमों के मद्देनजर सब कुछ भूल चुके ई रिक्शा चालक बेपरवाह होकर धड़ल्ले से ई रिक्शा में ओवरलोड सवारियां ले जाते दिखाई दिए तो यातायात उप निरीक्षक रवि भूषण शर्मा द्वारा लगातार चलाए जा रहें।



## चोरी कर रहे व्यक्ति को दुकानदार ने रंगे हाथों पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**खेड़ी रोड** स्थित एक बिजली की दुकान का शटर उखाड़ कर चोरी कर रहे एक व्यक्ति को दुकानदार ने रंगे हाथों पकड़ लिया। जबकि उसका एक साथी वहां से भागने में कामयाब हो गया। दुकानदार ने चोर को थाना गन्नौर पुलिस के हवाले कर उसके खिलाफ दुकान में चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज करवा दिया। शहर के वार्ड नंबर 1 खेड़ी रोड के रहने वाले शमशेर सिंह ने बताया कि उसकी खेड़ी रोड पर रेलवे पुल के निकट राणा इलेक्ट्रिकल्ज के नाम से बिजली की दुकान है। 28 मई की रात वह अपनी दुकान के शटर को ताला लगा कर अपने घर चला गया था। रात को उनके पड़ोसी महक फौगाट ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि एक अंजान व्यक्ति उसकी दुकान का शटर उखाड़ने का प्रयास कर रहा है। सूचना के बाद वह तुरंत मौके पर पहुंचा तो उसने देखा कि एक व्यक्ति राड व हथोड़े से शटर तोड कर उसकी दुकान के अंदर घुस कर सामान चोरी कर रहा था। जिसे उन्होंने चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया, जबकि उसका एक साथी मारुती कार को मौके पर ही छोड़ कर वहां से फरार हो गया। इसकी सुचना शमशेर सिंह ने डायल 112 पर दी। सूचना के बाद डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को कार सहित पकड़ कर थाना गन्नौर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शमशेर सिंह की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी हवलदार सुमित ने बताया कि आरोपित से पूछताछ शुरू करी तो उसने अपनी पहचान ओमप्रकाश निवासी गांव कालखा, इसराना, पानीपत के रूप में दी।

# आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य को राज्यपाल आचार्य ने किया सम्मानित

**प्रकृति संवर्धन व महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार के लिए यह सम्मान दिया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आर्य** प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य को आर्य समाज को दी गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने विशेष रूप से सम्मानित किया है। यह जानकारी देते हुए आर्य बाल भारती स्कूल पानीपत के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने बताया कि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य को अपने कार्यकाल के दौरान भारत में वेद प्रचार, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, प्रकृति संवर्धन व महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार के लिए यह सम्मान दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब से राधा कृष्ण ने कार्यभार संभाला है, तभी से सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं और आर्य समाज की विभिन्न संस्थाएं तेजी से आर्य समाज की शिक्षाओं को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निकट भविष्य में इनके किए गए सभी प्रयासों के सार्थक परिणाम आएंगे और वर्ष 2023 के परीक्षा परिणाम इस बात के गवाह हैं कि उनके द्वारा किया गया परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता।



# मौत कि मंडी बन रहा है शिक्षा नगरी कोटा

रमेश सर्राफ धमोरा

> आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढनेवाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में पुलिस, प्रशासन, कोचिंग संस्थानो ने छात्रों में पढ़ाई का तनाव कम करने के बहुत से प्रयास किए मगर घटनाएं नहीं रुक पा रही हैं। नामांकन कराने के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की तैयार करने के लिए देशभर से छात्र कोटा आते हैं

**देश-दुनिया** में शिक्षा नगरी के नाम में प्रसिद्ध राजस्थान के कोटा शहर में कोचिंग संस्थानों की संख्या में वृद्धि के साथ ही आत्महत्याओं की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी हो रही हैं। कोचिंग की मंडी बन चुका राजस्थान का कोटा शहर अब आत्महत्याओं का गढ़ बनता जा रहा है। यहां शिक्षा के बजाय मौत का कारोबार हो रहा है। कोटा एक तरफ जहां मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने के लिए जाना जाता है। वहीं इन दिनों छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में हैं। कोटा पुलिस के अनुसार साल 2018 में 19 छात्रो ने 2017 में 7 छात्रो ने 2016 में 18 छात्र 2015 में यहां 31 छात्रों ने मौत को गले लगा लिया था। वर्ष 2014 में 45 छात्रों ने आत्महत्या की थी।

27 मई को कोटा में फिर एक छात्रा साक्षी ने खुदकुशी कर ली। छात्रा अपने चाचा के पास रहकर नीट की कोचिंग कर रही थी। उसकी लाश कमरे में फांसी में फंदे पर लटकी मिली। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें लिखा था कि मेरी मौत का जिम्मेदार कोई नहीं है। साक्षी (17) मूलरूप से टोंक की रहने वाली थी। साक्षी के चाचा सुरेंद्र जाट जो कोटा थर्मल में सहायक अभियंता हैं ने बताया कि साक्षी बाहर वाले कमरे में पढ़ाई करती थी। उसी में चुन्नी से फांसी लगा ली। सुरेंद्र जाट ने बताया कि सम्भवतः पढ़ाई के तनाव में चलते उसने फांसी लगाई है। कुन्हाड़ी थानाधिकारी गंगा सहाय शर्मा ने बताया कि छात्रा साक्षी के खुदकुशी करने को लेकर कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है।

इससे पूर्व 24 मई को कोटा में राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहे बिहार के नालंदा जिले के खोजपुरा गांव के एक 16 वर्षीय छात्र आर्यन ने आत्महत्या कर ली थी। गौरतलब है कि मई माह के 27 दिनों में यह पांचवी घटना थी। जब कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रही छात्रा ने खुदकुशी कर ली। कोटा में पिछले पांच महीने में आत्महत्या और आत्महत्या के प्रयास के 11 मामले सामने आए हैं।

कोटा संभाग में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के मामलों को लेकर 24 जनवरी 2023 को विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था।



जिसके जवाब में सरकार की ओर से कहा गया है कि कोटा संभाग में विगत चार साल 2019 से 2022 में स्कूल-कॉलेज और कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों की आत्महत्या के कुल 53 मामले दर्ज हुए हैं। अपने जवाब में सरकार ने जो प्रमुख कारण आत्महत्या के गिनाए हैं। उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण भी हैं। कोटा में राजीव गांधी नगर इलाके के तलवंडी, जवाहर नगर, विज्ञान विहार, दादा बाड़ी, वसंत विहार और आसपास के इलाके में करीब पौने दो लाख व लैंडमार्क इलाके में 60 हजार छात्र रहते हैं। इसी तरह हजारों की संख्या में छात्र कोरल पार्क, बोरखेड़ा में भी रहते हैं। कोटा में करीबन ढाई लाख छात्र पढ़ रहें हैं। जिनमें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश और बिहार से आते हैं। कोटा में सात नामी व कई अन्य कोचिंग सेंटर हैं। शहर में करीबन साढ़े तीन हजार हॉस्टल और पीजी हैं। कोटा शहर के हर चौक-चैराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि कोटा में कोचिंग हीं सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। उनमें से कुछ अपनी असफलता बर्दाश्त नहीं कर पाते हें। आज कोटा देश में कोचिंग का सुपर मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 200-300 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं।

आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढनेवाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में पुलिस, प्रशासन, कोचिंग संस्थानो ने छात्रों में पढ़ाई का तनाव कम करने के बहुत से प्रयास किए मगर घटनाएं नहीं रुक पा रही हैं। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में नामांकन कराने के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की तैयार करने के लिए देशभर से छात्र कोटा आते हैं और यहां के विभिन्न निजी कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेकर तैयारी में लगे रहते हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि परीक्षा उत्तीर्ण करने के दबाव में आकर पिछले कुछ वर्षों में काफी छात्रों ने आत्महत्या की है। जिसके लिए अत्याधिक मानसिक तनाव को कारण माना जा रहा है। कोचिंग संस्थान भले ही बच्चों पर दबाव न डालने की बात कह रहे हों। लेकिन कोटा के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में तैयारी करने वाले बच्चे दबाव महसूस न करें ऐसा संभव नहीं।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एक मोबाइल पोर्टल और ऐप लाने की बात कही है। जिससे इंजीनियरिंग में दाखिले की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए कोचिंग की मजबूरी खत्म की जा सके। चूंकि इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम, आयु, अवसर और परीक्षा का ढांचा कुछ ऐसा है कि विद्यार्थियों के सामने कम अवधि में कामयाब होने की कोशिश एक बाध्यता होती है। इसलिए वे सीधे-सीधे कोचिंग संस्थानों का सहारा लेते हैं। अगर मोबाइल पोर्टल और ऐप की सुविधा उपलब्ध होती है तो इससे इंजीनियरिंग में दाखिले की तैयारी के लिए विद्यार्थियों के सामने कोचिंग के मुकाबले बेहतर विकल्प खुलेंगे।

कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था कोचिंग पर ही टिकी हैं ऐसे में कोचिंग सिटी के सुसाइड सिटी में बदलने से यहां के लोगों में घबराहट है कि कहीं छात्र कोटा से मुंह न मोड़ लें।

इसे देखते हुए प्रशासन, कोचिंग संस्थाएं और आम शहरी इस कोशिश में लग गए हैं कि आखिर छात्रों की आत्महत्याओं को कैसे रोका जाए। यदि शिघ्र ही कोटा में पढने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाओं पर रोक नहीं लग पायेगी तो यहां का एक बार फिर वही हाल होगा जो कुछ साल पहले यहां के कल-कारखानों में तालाबन्दी होने के चलते व्याप्त हुये आर्थिक संकट के कारण हुआ था। इसके लिए प्रशासन ने कोचिंग संस्थानो के संचालन के लिये नियम कायदे कानून बनाना शुरू किया है। जिनसे ही शायद आत्महत्या की घटनाओ पर काबू पाया जा सके।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## संपादकीय

# गंगा की लहरों पर भारत की अमर कहानी

**भारतीय** सभ्यता और संस्कृति को जीवंत बनाने में यदि किसी का सर्वाधिक योगदान है तो वह हैं गंगा। गंगा सिर्फ नदी नहीं हैं, वह जीवनदायिनी हैं। गंगा की पवित्र लहरों में भारत की अमर कहानी अंकित है। सभ्यता और संस्कृति को सर्व लोक उपकारी बनाने की प्रेरणा गंगा की लहरों ने ही मानव हृदय को दी है। भारत में गंगा की निर्मल धारा प्राचीन काल से ही अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह धरती पर बहकर भी देवताओं की नदी है। गंगा लोक की सुख-समृद्धि की विधात्री हैं। ऋषि, संत और मुनि जिन सात नदियों का स्मरण स्नान के समय करते हैं, उनमें सर्वप्रथम गंगा का ही नाम आता है। 'गंगे चै यमुने चौव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु।' नदियों में पवित्रता एवं महात्म्य की दृष्टि से गंगा का स्थान सर्वोच्च है। गोमुख से लेकर गंगा सागर तक गंगा की अजस्त्र वाहिनी पावन धारा से कितने ही नर, नारी, पशु, कीट, पतंग, जलचर, नभचर आदि जीव-जंतु अपना एहिक और पारलौकिक कार्य करते हैं। जो लोग नित्य गंगा में स्नान करने का पुण्य अवसर नहीं निकाल पाते हैं, वह दर्शन, स्पर्श एवं आचमन करने के लिए थोड़ा सा गंगाजल अपने घरों में रखते हैं। पूजन आदि के समय गंगा जल के अभाव में केवल गंगा का नाम स्मरण ही अनेक जन करते हैं। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जो हजारों योजन दूर से पावन शब्द गंगा का स्मरण करता है, वह अपने सभी पातकों से मुक्त होकर विष्णुलोक को चला जाता है। प्रतिदिन असंख्य व्यक्तियों द्वारा संस्मृत, ध्यानावस्थित, पूजित, मज्जित एवं पीत, गंगा की महिमा की समानता विश्व में अन्य नदी से नहीं हो सकती। यही कारण है कि प्राचीनकाल से लेकर अब तक गंगा की महिमा से संस्कृत, हिन्दी, उर्दू, अरबी, फारसी आदि साहित्य का जितना आंचल भरा गया है, उतना किसी अन्य नदी की महिमा से नहीं।

सहस्त्रों वर्षों से गंगा देश के कण-कण में व्याप्त है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हिमालय की औषधियों का ऐसा विचित्र प्रभाव है, जिसके कारण गंगा जल में कीटाणु नहीं पड़ते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पुण्य सलिला गंगा भगवान विष्णु के पदनख से निकलने के कारण समस्त लौकिक एवं पारलौकिक रोगों तथा पापों को हरने वाली हैं। गंगा तट वासियों को तो हमेशा यह स्तोत्र याद रहता है कि 'गंगे तव दर्शनान्मुत्तिः।' दर्शन, स्नान तथा पान करने से दैहिक, दैविक एवं भौतिक ताप नष्ट करने की अमोघ शक्ति गंगा जल में सदैव से विद्यमान रही है। जो पाप एवं रोग दोनों को समाप्त कर देती है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है 'कहि-कहि कोटिक कथा प्रसंगा, राम विलोकहि गंग तरंगा।' उन्होंने तो एक ही चौपाई में गंगा के संबंध में वह सब कह दिया है जो प्राचीन काल से लोग आज तक कहते चले आए हैं 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनी हरनि सब सूला।' सनातन धर्मावलंबियों ने गंगा को माता कहा है। यह माता ही नहीं लोक माता भी हैं। अखिल ब्रह्माण्ड व्यापक जग के विधाता, पोषक एवं संहारक ब्रह्मा, शंकर एवं विष्णु के द्रव रूप में भागीरथी हिन्दुओं के मानस पटल पर ऐसा प्रभाव डालती हैं कि कोई भी हिन्दू समाज गंगा को न तो नदी के रूप में देखता है और न किसी के मुख से यह सुनना चाहता है कि गंगा नदी है। उसकी तो अंतिम इच्छा होती है कि मृत्यु के समय उसके मुख में एक बूंद भी गंगा जल चला जाए तो उसका मानव जीवन सफल हो जाएगा।

## कविता

### न तुम गलत! न मैं

कभी तुम्हे समझने
की,
कोशिश करता हूँ ,
कभी अपने आपको,
न तुम गलत हो,
न मैं गलत हूँ।
फिर ये सवाल किस
बात का है
और ये बबाल किस
बात है।

कभी मैं तुम्हे
समझाता हूँ
कभी तुम मुझे
समझाते हो
ये समझने समझाने में
जीवन
के अनमोल पल
निकल जाएंगे।
पता नही ये पल कभी
फिर से लौटकर
आएँगे।

यूँ तुम रूठा करो
हमसे कभी
हम तुम्हे मनायेंगे
प्यार भरी बातें करके
अधरों पर मुस्कान
लाएँगे
बस साथ रहे तुम्हारा
तो
चाँद की चकमक ले
आएंगे।

प्यार से मैं तुम्हे
सताऊंगा
तुम प्यार से मुझे
चिड़ाओगे
एक कहा सुनी की
ठिठोली में
कुछ समय साथ हम
बिताएँगे
हाथ मे हाथ डालकर
प्यार हम जताएंगे
कभी तुम हमे
समझाना
कभी हम तुन्हें
समझाएंगे।

श्याम कुमार

# सर्वधर्म प्रार्थना का संदेश जाएगा दूर तक

**आर.के. सिन्हा**

**देश को** एक नई, भव्य और गरिमामय संसद की इमारत मिल गई। इसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उदघाटन किया। लेकिन, इस बात का दुःख भी होता है पूर्व प्रधानमंत्रियों ने अंग्रेजों की गुलामी के इस संसद को बदलने की जरुरत है, इसपर सोचा तक नहीं, ऐसा क्यों ? उनके उदघाटन करने से पहले सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित हुई। यह भारत ही है जहां पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा के विचार को आत्म सात किया गया है। महात्मा गांधी ने अपनी सभाओं में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का श्रीगणेश करवाया था। नई संसद के उदघाटन से पूर्व भारत के सभी प्रमुख धर्मों के विद्वानों ने अपने-अपने धर्मों की पवित्र पुस्तकों के कुछ अंशों को पढ़ा। जिसने भी नई संसद परिसर में प्रार्थना सभा के कार्यक्रम को देखा तो उसका हृदय गदगद हो गया। हिन्दू धर्म के विद्वान डॉ. बलदेव आनंद सागर ने गीता के 5-6 श्लोकों को भी पढ़ा । वे गांधी जयंती पर होने वाली प्रार्थना सभाओं में भी भाग लेते रहे हैं। वे आमतौर पर पंचदेव की प्रार्थना का भी पाठ करते हैं।

सर्वधर्म प्रार्थना का विचार वास्तव में बहुत बड़ा और व्यापक है। यह एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि भारत में सब धर्मों को मानने वाले एक-साथ बैठकर अपने धर्मग्रंथों के मुख्य बिन्दुओं को रख सकते हैं। उम्मीद है कि नई संसद में भी देश के सभी धर्मों, वर्गों, प्रांतों वगैरह से आने वाले सांसद स्वस्थ बहस करेंगे। लोकतंत्र की आत्मा होती है वाद, विवाद, संवाद। जहां पर बहस नहीं है, उसे लोकतंत्र कहना बेमानी होगा। उधर, ईसाई धर्म से फादर जॉर्ज सोलोमन प्रार्थना सभा का हिस्सा रहते हैं। महात्मा गांधी की सर्वधर्म प्रार्थनाओं में ईसाई प्रार्थना पहले दिन से ही आरंभ हो गई थीं। उनका ईसाई धर्म, बाबइल और मिशनरियों के कामकाज से साक्षात्कार तब हुआ जब वे दक्षिण अफ्रीका में रहते थे। जॉर्ज सोलोमन विभिन्न स्थानों पर होने वाली सर्वधर्म प्रार्थनाओं में बाइबल का पाठ करते हैं। वे कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी की सरकार भारत में सबके साथ समान व्यवहार करती है। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सरकारी आयोजनों में भी होना इस बात की गवाही है कि भारत सरकार का सब धर्मों को लेकर रवैया एक जैसा है। बाकी धर्मों के ग्रंथों की तरह बाइबल का भी रास्ता एक-दूसरे से प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। गांधी जी को बाइबल और ईसाई धर्म को करीब से जानने का अवसर मिला दक्षिण अफ्रीका में। सोलोमन को जब भी किसी सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जाने का अवसर मिलता है तो वे उस मौके को छोड़ते नहीं है। वहां का हिस्सा होना अपने आप में अप्रतिम अनुभव होता है। उन्हें विश्वास है कि भारत के नेतृत्व में चलकर विश्व नफरत पर विजय पा लेगा। संसार में शांति, सच्चाई और सहिष्णुता के एक नए युग की शुरूआत होगी।

## विचार

# समय ने उसे अच्छे से पहचाना

**बीता** समय के मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव को प्राप्त नहीं किया जा सकता।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है।इसीलिए यह कहावत कही गई है "काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,

पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब"प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दशार्ते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है "का वर्षा जब कृषि सुखावे," इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है' समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदउपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था।

सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिको ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए। जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है, उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है।समय के महत्व को समझने के लिए वैसे तो सभी वर्गों के लिए यह आवश्यक है, पर समय की महत्ता का सर्वाधिक महत्व विद्यार्थियों के लिए होता है। जो विद्यार्थी समय को महत्व को समझते हुए अनुशासित तरीके से मेहनत करता है उसे परीक्षाओं में दिल से सफलताएं प्राप्त होती हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में समय के महत्व को ध्यान में रख पढ़ाई करके वह बड़ी-बड़ी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर बड़े-बड़े पदों को प्राप्त करते हैं बोलतें हैं कि जीवन में समय का दुरुपयोग एक तरह से आत्महत्या के समान है। समय का दुरुपयोग जीवन की सफलता का प्रमुख कारण है। क्योंकि समय के व्यतीत हो जाने के बाद अफसोस करने से गुजरा हुआ समय वापस नहीं लौटता और व्यक्ति के पास पछताने के अलावा कुछ नहीं बच पाता।युवा वर्ग को खासकर शरीर को स्वस्थ रख समय पर निंद्रा, भोजन,व्यायाम करने की आदत डाल लेना चाहिए,वैसे तो युवा वर्ग को समयानुसार अलसुबह उठकर ताजी हवा लेने का नियम बनाकर ब्रह्म मुहूर्त में अध्ययन करने की नियमावली बना लेना चाहिए.देर से उठने वाले हर काम देरी से करने के लिए मजबूर हो जाते हैं ,समय पर कार्य करने से मनुष्य की व्यक्तिगत प्रगति तो होती ही है उसके निजी व्यक्तित्व में भी विकास तथा चार चांद लग जाते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कैसे बनें

**विजय गर्ग**

**साइबर** सुरक्षा आज के समय में एक प्रमुख चिंता का विषय है। कंपनियों और अन्य संगठनों के पास ठोस सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि इंटरनेट पर साइबर अपराधियों के साथ संभावित डेटा उल्लंघन को रोका जा सके। साइबर सुरक्षा एक व्यापक डोमेन है और आज सबसे अधिक मांग वाली रोजगार श्रेणियों में से एक है। साइबर सुरक्षा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। क्लाउड स्टोरेज और ऑनलाइन उद्यमों की बढ़ती मांग के कारण साइबर सुरक्षा की आवश्यकता सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। जैसे-जैसे संगठन डिजिटल स्टोरेज पर अधिक भरोसा करते हैं, वे जल्द ही डेटा सुरक्षा की आवश्यकता को पहचानते हैं। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ बहुत मांग में हैं क्योंकि व्यवसाय अपराधियों द्वारा साइबर हमलों में वृद्धि के कारण अपने पैसे, बुनियादी ढांचे और प्रतिष्ठा को सुरक्षित करना चाहते हैं। हम प्रौद्योगिकी से घिरे हुए हैं, और यद्यपि इसके लाभ हैं, तो इसमें कमियां भी हैं। एक साइबर सुरक्षा पेशेवर, जिसे साइबर खुफिया अधिकारी के रूप में भी जाना जाता है, वैश्विक रोजगार बाजार में उच्च मांग में है। उन्नत कंप्यूटर कौशल वाला कोई भी व्यक्ति इस पद के लिए एक अच्छा मैच हो सकता है। साइबर सुरक्षा पहली बार में प्रवेश करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र प्रतीत हो सकता है; फिर भी, योग्य साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ काफी मांग में हैं, और यह एक पुरस्कृत करियर विकल्प हो सकता है। यद्यपि उच्च स्तर की जिम्मेदारी और तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता के कारण साइबर सुरक्षा में नौकरी की मांग कई बार हो सकती है, यह एक बहुत ही फायदेमंद कैरियर मार्ग भी हो सकता है। यदि आप सभी चीजों में आईटी में रुचि रखते हैं, तो शायद साइबर सुरक्षा आपके लिए करियर का रास्ता है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कौन है? साइबर सुरक्षा पेशेवर या विशेषज्ञ संगठनों का एक महत्वपूर्ण तत्व हैं जो संगठन के नेटवर्क और सूचना प्रणाली की सुरक्षा के प्रभारी हैं। वे साइबर हमलों, सुरक्षा खतरों और अन्य आपराधिक गतिविधियों का पता लगाने, प्रबंधन, विश्लेषण, प्रस्तुति और प्रतिक्रिया के माध्यम से इसे पूरा करते हैं।

# कुत्ता बनने की चुगली

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं अ**पने गांव का कुत्ता हूं। बस्ती वालों पर आपदा बाद में आती है उससे पहले मैं भौंक देता हूँ। मेरे इस भौंकने और कुत्तागिरी के बारे में आए दिन समाचार पत्र वाले छापते भी हैं। ऐसा नहीं है कि वे हमें शौक से छापते हैं बल्कि उन समाचार पत्रों के संवाददाताओं-संपादकों से हमारा उठना-बैठना नियमित रूप से चलता है। वे जो चाहते हैं हम वह देते हैं। इस हाथ दे उस हाथ ले पॉलिसी का ईमानदारी से पालन करना मेरे खून में रचा-बसा है। इधर कुछ दिन पहले प्रधानी के चुनाव के बारे में समाचार पत्रों में खबर छपी। मैं इस खबर से बड़ा खुश था। सोचा हमारी कुत्तागिरी और चाटुकारिता को कोई न कोई पार्टी अवश्य रेखांकित करेगी और हमें टिकट देगा। इसी प्रतीक्षा में कुछ दिन बीत गए। फिर मैं सोचने लगा यह तो पार्टी का टिकट है न कि कोई बीमारी का, जो खुद ब खुद चल कर मेरे पास आएगी। सो मैंने निर्णय किया कि मैं ही चलकर फलाना-फलाना पार्टी कार्यालय से टिकट ले लेता हूं। टिकट बांटने वाले माहौल में एक बार के लिए भगवान के दर्शन हो सकते हैं लेकिन पार्टी अध्यक्ष के नहीं। कई नई चप्पलों को घिसवाकर या यूं कहें कि शहीद करवाकर पार्टी अध्यक्ष से भेंट की। पार्टी अध्यक्ष ने मुझे फट से पहचान लिया और कई सारे उम्मीदवारी के इच्छार्थियों के साथ-साथ मुझे भी एक आवेदन पत्र दे दिया। आवेदन पत्र में नाम, पता, पढ़ाई, अनुभव तथा संपर्क के बारे में पूछा गया था। मैंने बिना देरी किए आवेदन पत्र भरकर पार्टी अध्यक्ष को दे दिया। उनसे पूछा कि मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरी उम्मीदवारी पक्की हुई या नहीं। अध्यक्ष ने धूर्त मुस्कान पेंकते हुए कहा - तुम्हें छोड़कर कोई दूसरे उम्मीदवार का नाम सुनाई देने लगे तो समझ जाना कि तुम्हारा आवेदन पत्र कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। मेरा आवेदन पत्र कूड़ेदान की बाहों में सजा दिया गया। मुझसे रहा नहीं गया। मैं दौड़े-दौड़े पार्टी कार्यालय पहुंचा। वहां अध्यक्ष से मिलने की लाख कोशिश की, लेकिन परिणाम जीरो बटा लूल था। मेरी छटपटाहट को देख वहां का चपरासी मुझसे कहने लगा आपका आवेदन तो पहले ही दिन कूड़े की भेंट चढ़ चुका था। भला कोई आवेदन में बेफिजूल की योग्यताएं लिखता है? आपका आवेदन आपकी विशेष योग्यताओं की वजह से तिरस्कृत हुआ है।

## विराट प्रकृति — सुदर्शनजी महराज

पतंजलि ने अपने योग सूत्र में लिखा है कि कान को अगर सूक्ष्म बना लिया जाए तो वह आकाश को भी सुन सकती है। मनुष्य का शरीर जब कभी सूक्ष्म बन जाता है या मनुष्य का सूक्ष्म शरीर जब सक्रिय हो जाता है तो वह सूर्यमंडल निहारिका अथवा आकाशगंगा से आसानी से जुड़ पाता है। ज्योंही वह अंतरिक्ष से जुड़ता है, उसे अनहदनाद सुनाई पड़ता है। कबीरदास जी इसी अनहद की चर्चा करते हैं। प्रश्न है कि हम अपने शरीर को कितनी सावधानी से नक्षत्रों से जोड़ सकते हैं। जीव परमात्मा से जुड़ा है लेकिन पंचभूतों के कारण अलग महसूस करता है। ज्योंही वह पंचभूत से बाहर निकलता है, वह परमात्मा से जुड़ जाता है। यह परमात्मा कुछ और नहीं परमतत्व है, महाशून्य है। इस विद्या का ज्ञान हमारे संतों को बहुत पहले ही हो चुका है इसीलिए हमारे संत ''अहं ब्रह्मास्मि' मैं ब्रह्म हूं की घोषणा करते हैं। यह सारा ब्रह्मांड उसी महाशून्य की अभिव्यक्ति है। वहीं से प्राण ऊर्जा का प्रवाह होता है। जिससे पंचभूतों वाले जीव स्वरूप ग्रहण करते हैं। यह जो संसार दिख रहा है वह सब उसी महाशून्य की अभिव्यक्ति है, जिसका कोई रूप नहीं है। शायद इसीलिए ''मूलडॉल' नामक वैज्ञानिक ने ''द प्रोजेक्शन ऑफ एस्ट्रल बॉडी' नाम की पुस्तक लिखी। यह जो हमारा शरीर है वह दिव्य शक्तियों का प्रोजेक्शन है। इसी पृवी को अभी बहुत लोग क्रिएशन कहते हैं। लेकिन यह क्रिएशन नहीं है, पृवी भी प्रोजेक्शन है। क्योंकि इस प्राण शक्ति से सम्पूर्ण ब्रह्मांड जुड़ा है। एक बहुत बड़े वैज्ञानिक एक्सेल पारसे ने यहां तक कहा है कि क्वांटम किरण प्रकाश की गति से चलती है। उसकी फ्रीक्वेंसी एक अरब हट्र्ज की होती है। उसी गति के कारण जीव अंतरिक्ष से जुड़ा है। इसलिए अब इस बात को विज्ञान भी मानने लगा है कि अंतरिक्ष और जीव अलग नहीं है। फ्रांसीसी थाम्पसन ने तो यहां तक कह दिया कि अगर पृवी पर तुम एक फूल तोड़ते हो तो उससे अंतरिक्ष प्रभावित होता है। यह बात ठीक लगती है कि अगर हम ग्रहों से प्रभावित होते हैं, शनि ग्रह से हम प्रभावित होते हैं तो हमसे भी शनि प्रभावित होते हैं। क्योंकि यह विज्ञान का नियम है कि किसी क्रिया की प्रतिक्रिया भी होती है। न्यूटन का गति सिद्धांत अंतरिक्ष पर भी तो लागू हो सकता है। सूक्ष्मता के कारण सबकुछ जुड़ा हुआ है। जिस दिन हम अपनी स्थूलता को छोड़ देंगे, उस दिन परमात्मा में मिल जाएंगे।



## खबरें जरा हटके

# जागी भूखी शेरनी की ममत, बख्श दी हिरण के बच्चे की जान




**नई दिल्ली।** इंसानों में ही नहीं जानवरों में भी ममता का भाव होता है। कमसे कम इस किस्से को सुनने के बाद तो आप यही कहेंगे। इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो साउथ अफ्रीका के क्रूजर नेशनल पार्क का है। एक भूखी शेरनी के हाथ आया एक नन्हा सा हिरण का बच्चा, लेकिन इस शेरनी ने जो किया वह काबिले तारीफ था।

नेशनल पार्क में हिरण का छोटा सा बच्चा रास्ता भटक कर शेरनी के पास पहुंच गया था। हिरण का बच्चा शेरनी के मुंह के पास जैसे ही पहुंचा पहले तो शेरनी ने उसे खाने की कोशिश, लेकिन फिर अचानक उसे छोड़ दिया। हिरण के बच्चे की हरकतें देखकर शेरनी का भी दिल पिघल गया और वह हिरण के बच्चे के साथ खेलने लगी।

जो शेरनी उसे खाने वाली थी, अब वही उसकी रक्षक बन गई। हिरण जैसे ही शेरनी से दूर जाने की कोशिश करता, शेरनी उसे पकड़कर चाटने लगती। इसके बाद शेरनी उसके साथ खेलने लगी, लेकिन तभी किसी दूसरे शेर ने उस बच्चे को देख उसका शिकार करने की कोशिश की, लेकिन रखवाला बनी शेरनी ने उसे बचा लिया।

शेरनी ने दूसरे शेर पर हमला बोल कर हिरण के बच्चे को बचा लिया। शेरनी को हिरण के बच्चे की रखवाली करते देख दूसरा शेर वहां से चला गया। वहां मौजूदा लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और इसे सोशलम मीडिया पर डाल दिया।

# हनीमून मनाने गया था यह कपल, एक गलती ने पहुंचा दिया जेल



**नई दिल्ली।** शादी के बाद हनीमून पीरियड हर कपल के लिए स्पेशल होता है। इस नई जिंदगी की शुरुआत के लिए वो बहुत से सपने सजाते हैं, लेकिन जरा सोचिए कि एक गलती से अगर हनीमून की जगह कपल पुलिस स्टेशन पहुंच जाए तो। दरअसल दिले के रहने वाले नीरज ठाकुर के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। वे पत्नी के साथ हनीमून पर निकले थे, लेकिन उनकी एक गलती ने उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

दरअसल यह दंपत्ति ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे ही थे। कि गलती से उन्?होंने दूसरे का बैग उठा लिया और ट्रेन में चढ़ने लगे, तभी दूसरे यात्री की नजर अपने सामान पर पड़ी और उसने पुलिस बुला ली। नव दंपत्ति को तुरंत ट्रेन से उतारकर जीआरपी थाने ले जाया गया। पुलिस पूछताछ में नीरज ने बताया कि उसकी एक महीने पहले ही शादी हुई थी। और वह हनीमून मनाने ऊटी जा रहा था। और उसने गलती से दूसरा बैग उठा लिया। हालांकि सीसीटीवी में नीरज को बैग उठाते देखा गया है। इसके बाद जब जीआरपी ने ये मामला कैमरे में देखा को दंपत्ति को स्टेशन पर ही गिरफ्तार कर सारा सामान बरामद किया। इसके बाद उनको मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## सेहत

# गर्मी में ज्यादा पनपते हैं फूड पॉइजनिंग के बैक्टीरिया




**फूड पॉइजनिंग क्या है?**

यह बैक्टीरिया जनित रोग है जो पुराने, खराब या दूषित भोजन से होता है। बैक्टीरिया या उसके विषैले तत्व जब हमारे पेट में जाकर आंतों में संक्रमण फैलाते हैं तो फूड पॉइजनिंग की समस्या होती है।

**इसका कारण क्या है?**

दूषित भोजन, गंदे हाथों से सब्जियां काटना और पकाना इसकी मुख्य वजह है। बिना ढका खाना खाने से भी फूड पॉइजनिंग हो सकती है।

**प्रमुख लक्षण क्या हैं?**

जी घबराना, पेटदर्द, उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन। लेकिन जब सामान्य लक्षणों के अलावा बेहोशी, सुस्ती, ब्लड प्रेशर और डिहाइड्रेशन की वजह से पेशाब कम आने लगे तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करें।

**ये बैक्टीरिया कब सक्रिय होते हैं?**

गर्मी के मौसम में ये बैक्टीरिया और वायरस सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। इसकी वजह वातावरण में मौजूद मक्खी व मच्छर हैं।

**इसका इलाज क्या है?**

ज्यादातर मामलों में फूड पॉइजनिंग की समस्या थोड़े समय बाद अपने आप ठीक हो जाती है। लेकिन कई बार स्थिति गंभीर भी हो सकती है। जिसके लिए डॉक्टर तुरंत राहत के लिए ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सोल्यूशन) का घोल और जरूरत पडने पर एंटीबायोटिक दवाएं देते हैं।

**बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?**

हमेशा ताजा और गर्म खाना खाएं। जहां तक संभव हो घर का बना भोजन करें। खाना बनाने और खाने से पहले व बाद में हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोएं। बाजार की चाट, जूस या कटे हुए फलों से परहेज करें। फ्रिज में रखे खाने को गर्म करने के बाद ही प्रयोग में लेना चाहिए।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

## लॉफिंग ज़ोन

संता: 'बचपन में मैं एक बार दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया था।'

बंता: 'फिर क्या हुआ ? तुम मर गए या जिंदा बचे ?'

संता: 'बहुत पुरानी बात है यार ... अब याद नहीं।'

□ □ □

संता - बंता एक कार में बम लगा रहे थे।

संता: 'अगर बम लगाते समय यह फ्ट गया तो ?'

बंता: 'अरे तो क्या हुआ मेरा पास एक और बम है।'

□ □ □

पत्नी- घर में सिर्फ1 चम्मच चीनी पडी है और तुम दोस्त के लिए चाय बनाने को कह रहे है।

पति- कोई बात नही, तुम मेरी चाय में चीनी मत डालना।

बस 1 किस दे देना, चाय मीठी हो जाएगी।


पत्नी- आइडिया अच्छा है। मै दोनों ही कंपो में चीनी नही डांलूगी।

□ □ □

शादी पर शहनाई बज रही थी। संतो ने संता से पूछा, ये कौन सी धून बज रही है।


संता बोला, वही जो तूफान के आने से पहले बजाई जाती है।

## काकुरो पहेली - 4069




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो -4068 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4069



**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली-4068



## सूडोकु -4069


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4068 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 4069



**बाएँ से दाएँ**

1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सदपुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

शब्द पहेली ·4068 का हल



## नोटिस का जवाब नहीं देने वालों की जांच करेगा आयकर विभाग, पेश करने होंगे दस्तावेज

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा, कर अधिकारियों को आय में गड़बड़ियों के बारे में आयकरदाताओं को 30 जून तक नोटिस भेजना होगा। इसके बाद आयकरदाता को इस बारे में संबंधित दस्तावेज पेश करने होंगे। अधिनियम की धारा 142(1) के तहत नोटिस के जवाब में कोई रिटर्न नहीं दिया गया है तो ऐसे मामले को नेशनल फेसलेस असेसमेंट सेंटर (एनएएफएसी) को भेजा जाएगा, जो आगे की कार्रवाई करेगा। आयकर विभाग ऐसे मामलों की सूची जारी करेगा, जिनमें सक्षम प्राधिकरण की छूट को रद्द या वापस किए जाने के बावजूद आयकरदाता आयकर रियायत या कटौती की मांग करता है।

**30 जून तक गड़बड़ी करने वाले करदाताओं को भेजना होगा नोटिस**

**जीएसटी चोरी करने वालों की बढ़ेंगी मुश्किलें**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 2019-20 और उसके बाद जीएसटी रिटर्न की स्क्रूटनी के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर्स (एसओपी) जारी किया है। इनका इस्तेमाल जीएसटी की एनालिटिक्स यूनिट की ओर से विभिन्न प्रकार के जोखिम के आधार पर जीएसटी रिटर्न की स्क्रूटनी करने के लिए होगा

-स्क्रूटनी के लिए जीएसटी रिटर्न का चयन डायरेक्टरेट जनरल ऑफ एनालिटिक्स एंड रिस्क मैनेजमेंट करेगा।

-चुने जीएसटीआईएन से जुड़ी सभी जानकारी उससे जुड़े केंद्रीय कर अधिकारी के स्क्रूटनी बोर्ड पर दिखेगी।

-जोखिम मापदंडों की गणना के लिए डैशबोर्ड पर उपलब्ध डाटा को एक विशेष पाइंट के समय पर उत्पन्न किया गया है, इसलिए इसमें रिटर्न की जांच के समय बदलाव हो सकता है।

## वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बुधवार को होंगे जारी

**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर तिमाही और सालाना आधार पर बेहतर रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े बुधवार को जारी किए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के जीडीपी के आंकड़े 31 मई को जारी करेगा। वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 4.4 फीसदी रही थी, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में वृद्धि दर 4 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि आर्थिक विशलेषकों ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 5.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। इस लिहाज से पूरे वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 7.1 फीसदी रह सकती है। वहीं, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी इसी हफ्ते एक कार्यक्रम में वित्त वर्ष 2022-23 में देश की आर्थिक वृद्धि दर सात फीसदी के अग्रिम पूर्वानुमान से ज्यादा रहने की उम्मीद जताई है।




## डेटा का उपयोग करने वाले मंचों के लिए व्यापक बदलाव लगाएगा डेटा सुरक्षा विधेयकः चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** आगामी डिजिटल निजी डेटा संरक्षण विधेयक भारत में उन मंचों के काम करने के तरीकों में 'व्यापक बदलाव' लाएगा, जो लंबे समय से निजी डेटा का दुरुपयोग करते रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने यह बात कही है। सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्यमंत्री चंद्रशेखर ने दिए एक साक्षात्कार में सरकार द्वारा नियुक्त तथ्य जांच निकाय को लेकर जताई जा रही चिंताओं को भी दूर किया और कहा कि यह कदम सेंसरशिप के बारे में बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था केंद्र को मौका देती है कि वह किसी भी गलत सूचना का जवाब दे, जो लोकतंत्र में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गलत सूचना को बोलने की आजादी के अधिकार के साथ भ्रमित नहीं करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि गलत सूचना 10-15 गुना तेजी से फैलती हैं और दर्शकों तक सचाई की तुलना में 20-50 गुना अधिक पहुंचती है। चंद्रशेखर ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में अगर कोई सरकार के बारे में कुछ गलत कहता है, घृणा पैदा करने या हिंसा भड़काने के लिए कोई गलत बात फैलाता है तो ''सरकार के पास यह कहने का अवसर होने चाहिए कि यह सच नहीं है।'' उन्होंने आगे कहा, ''इसलिए कोई सेंसरशिप नहीं है, मुक्त भाषण पर कोई प्रतिबंध नहीं है। यह केवल झूठ को स्पष्ट रूप से झूठ कहने के लिए है।'' उन्होंने कहा कि इस बारे में भ्रमित नहीं होना चाहिए कि यह कदम मुक्त भाषण के खिलाफ है।

# अमेरिका-भारत समेत 14 देशों के समझौते से चीन को होगा बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली।** हिंद प्रशांत आर्थिक ढांचा (आईपीईएफ) के सदस्यों ने चीन पर अपनी निर्भरता खत्म करने के लिए लॉजिस्टिक और संपर्क में सुधार सहित आपूर्ति श्रृंखला पर एक समझौता किया है। आईपीएफ के अमेरिका और भारत सहित 14 देशों ने पर्याप्त बातचीत करके शनिवार को समझौते की घोषणा की। आईपीईएफ में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपीन, सिंगापुर, थाइलैंड, वियतनाम और अमेरिका सहित 14 भागीदार देश शामिल हैं। दरअसल, आपूर्ति श्रृंखला समझौते का लक्ष्य आईपीईएफ के देशों को बुरी परिस्थिति से बचाना है। कोरोना महामारी के जब मामले लगातार बढ़ते जा रहे थे तो उस समय दवा और वैक्सीन बनाने वाले सामानों की कमी हो गई थी। ये स्थिती व्यापार में बाधाओं और बेमतलब रोकटोक की वजह से उत्पन्न हुई थी। समझौते के बाद, ढ्क्क्षस्न में शामिल देश आपातकाल की स्थिती में एकजुट होकर काम कर सकते हैं। इसके अलावा, देशों को निवेश जुटाने में मदद मिलेगी।

बता दें, इस सप्ताह के अंत में डेट्रायट में आईपीईएफ देशों की दूसरी व्यक्तिगत मंत्रिस्तरीय बैठक में, समूह ने एक आईपीईएफ आपूर्ति श्रृंखला परिषद, आपूर्ति श्रृंखला संकट प्रतिक्रिया नेटवर्क और श्रम अधिकार सलाहकार नेटवर्क स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। सौदे में ढ्क्क्षस्न ने व्यापार, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और ढांचे के निष्पक्ष अर्थव्यवस्था के स्तंभों की प्रगति को भी रेखांकित किया। साथ ही स्वच्छ अर्थव्यवस्था के तहत इच्छुक सदस्यों ने एक क्षेत्रीय हाइड्रोजन पहल स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। हालांकि, सौदे को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन बैठक के बाद डेट्रॉयट ने इशारा किया है कि सौदा बहुत अच्छा हुआ है। अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो ने ट्वीट किया कि उन्हें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आईपीईएफ ने अपनी तरह के पहले सप्लाई चेन समझौते पर बातचीत पूरी कर ली है। यह एक बड़ी बात है और पहली बार आपूर्ति श्रृंखलाओं पर एक अंतरराष्ट्रीय समझौता होगा जो पूरे भारत-प्रशांत में 14 भागीदारों को एक साथ लाएगा। गौरतलब है, भारत IPEF के चार स्तंभों में से तीन में शामिल हो गया है, जबकि व्यापार स्तंभ में एक पर्यवेक्षक बना हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा था कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने और कारोबार निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सदस्य देशों को सहयोग करना चाहिए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, 14 देशों के समूह आईपीईएफ की शुरुआत अमेरिका और भारत-प्रशांत क्षेत्र के अन्य भागीदार देशों ने मिलकर 23 मई को टोक्यो में की थी। व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था (कर और भ्रष्टाचार रोधी जैसे मुद्दे) से संबंधित चार स्तंभों के आधार पर यह ढांचा तैयार किया गया है। आईपीईएफ सदस्य बाजार के सिद्धांतों का सम्मान करते हुए, बाजार की रुकावटों को कम करके, व्यापार में अनावश्यक प्रतिबंधों और बाधाओं को कम करके और व्यवसायों की गोपनीयता बरकरार रखने के लिए सहमत हुए हैं। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए समूह ने तीन संस्थानों की स्थापना पर सहमति व्यक्त की है।



भारत व्यापार को छोड़कर सभी स्तंभों में शामिल हो गया है। अमेरिका की मेजबानी में शनिवार को डेट्रॉयट में दूसरी आईपीईएफ मंत्रिस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस बैठक में शामिल हुए।

**आर्थिक जुड़ाव मजबूत करने पर जोर**

आईपीईएफ का लक्ष्य क्षेत्र में विकास, शांति और समृद्धि को आगे बढ़ाने के लक्ष्य के साथ भागीदार देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव को मजबूत करना है। इस मंत्रिस्तरीय बैठक में आपूर्ति खंडों के तहत व्यापक स्तर पर बातचीत हुई, जबकि अन्य आईपीईएफ स्तंभों के तहत भी अच्छी प्रगति दर्ज की गई है। आपूर्ति श्रृंखला के तहत आईपीईएफ भागीदार आपूर्ति श्रृंखला को अधिक लचीला, मजबूत और अच्छी तरह से एकीकृत बनाने की मंशा रखते हैं। इस स्तंभ के तहत अपने संबोधन में गोयल ने बातचीत में तेजी लाने की सराहना की।

## बीमा सुगम : खरीद सकेंगे सस्ती पॉलिसी, दावा निपटान होगा आसान

**नई दिल्ली।** इरडाई चेयरमैन देबाशीष पांडा ने कहा, बीमा सुगम से बीमा उद्योग में यूपीआई जैसी क्रांति आ जाएगी। यह शॉपिंग मॉल की तरह होगा। इसके जरिये आप अपनी पंसद की पॉलिसी का चुनाव कर सकते हैं। बीमा नियामक एक अगस्त, 2023 से बीमा सुगम सुविधा की शुरुआत कर सकता है।

**क्या है बीमा सुगम?**

यह एक प्रकार का ई-कॉमर्स मंच है। इस डायरेक्ट-टू-कस्टमर (डी2सी) मंच पर बीमा कंपनियां अपने उत्पाद बेच सकेंगी। इस पर पॉलिसी खरीदने, नवीनीकरण कराने, दावा निपटान और एजेंट पोर्टेबिलिटी सहित सभी तरह की सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस मंच पर पॉलिसी खरीदने पर उसकी सॉफ्ट कॉपी इलेक्ट्रॉनिक इंश्योरेंस अकाउंट के जरिये ग्राहक तक पहुंच जाएगी। खास बात है कि पॉलिसी से जुड़ीं सभी जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध होने से दावा निपटान अनुभव में भी सुधार होगा।

**केवाईसी जरूरी, पर गोपनीय रहेगी जानकारी**

बीमा सुगम का लाभ लेने के लिए केवाईसी की जरूरत पड़ेगी। आप जैसे ही इस मंच पर जाएंगे, आपसे आधार नंबर मांगा जाएगा। इसके जरिये ही केवाईसी पूरी की जाएगी। इस मंच पर आपकी (ग्राहकों) की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उनकी निजी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।



**ये सुविधाएं मंच को बनाती हैं खास**

**बीमा की लागत घटेगी** :अभी बीमा ब्रोकर 30-40 फीसदी तक कमीशन लेते हैं। बीमा सुगम के जरिये पॉलिसी खरीदने पर ब्रोकर सिर्फ 5-8 फीसदी तक कमीशन ले पाएंगे। इससे प्रीमियम राशि में बड़ी गिरावट आएगी।

**शिकायतों का जल्द समाधान** : मंच पर पॉलिसीधारकों के अलावा एजेंट, वेब एग्रीगेटर और अन्य इंश्योरेंस बिचौलिये होंगे। इससे बीमा कंपनियां शिकायतों का जल्द समाधान कर पाएंगी।

**एक क्लिक पर दावा निपटान** : पॉलिसी की जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध होने से सिर्फ एक क्लिक में दावे का निपटान हो जाएगा। किसी दस्तावेज की भी जरूरत नहीं होगी।

**पॉलिसीधारकों का बढ़ेगा भरोसा:** पोर्टल से बीमा उत्पादों तक पहुंच आसान हो जाएगी। इससे न सिर्फ दावा निपटान से बीमा पॉलिसी से जुड़ीं विभिन्न प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आएगी, बल्कि पॉलिसीधारकों का भी उद्योग पर भरोसा बढ़ेगा।


**-तपन सिंघल एमडी-सीईओ, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस**

## चीन के पहले स्वदेश निर्मित यात्री विमान ने भरी व्यावसायिक उड़ान; बोइंग-एयरबस को टक्कर देने की तैयारी

**नई दिल्ली।** चीन के पहले स्वदेश निर्मित यात्री विमान सी919 ने सफलतापूर्वक अपनी पहली व्यावसायिक उड़ान पूरी की। विमान की इस सफलता के बाद चीन ने वैश्विक उड्डयन बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। जानकारी के मुताबिक, स्वदेश निर्मित यात्री विमान सी919 ने शंघाई के पूर्वी महानगर से बीजिंग के लिए उड़ान भरी। C919 की पहली व्यावसायिक उड़ान चीन की सरकारी विमानन एजेंसी चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस द्वारा संचालित की गई थी।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि पहली व्यावसायिक के दौरान विमान में 128 यात्री सवार थे। साथ ही शंघाई और बीजिंग के बीच उड़ान का समय लगभग दो घंटे पच्चीस मिनट था। समाचार एजेंसी ने यह भी बताया कि सिंगल-आइल, ट्विन-इंजन वाले विमान में 164 सीटें हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोपहर 12:31 बजे बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने के बाद विमान को वाटर सैल्यूट दिया गया।

इस विमान के नाम का सी अक्षर चीन और सीओएमएसी दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। इस विमान को पहले ही 23 घरेलू और विदेशी खरीदारों से 570 ऑर्डर प्राप्त हो चुके हैं। यह विमान वैश्विक एविएशन बाजार में मजबूत स्थिति बनाने की चीन की महात्वाकांक्षा का प्रतीक है। अगले 20 सालों में इस बाजार के 2 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।C919 चीन का पहला स्व-विकसित ट्रंक जेटलाइनर है। C919 को कमर्शियल एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन ऑफ़ चाइना (COMAC) द्वारा विकसित किया गया है। इसे पिछले सितंबर में चीन के नागरिक उड्डयन प्रशासन द्वारा एक प्रकार का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के इस कदम से बोइंग और एयरबस जैसे कंपनियों को खतरा महसूस होने लगा है, अभी तक इन दोनों कंपनियों का ही बाजार पर एकाधिकार है। यह उनके ए320 और बी737 नैरोबॉडी जेट्स का सीधा मुकाबला होगा। इन विमानों का प्रयोग आमतौर पर घरेलू और क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए किया जाता है।



## कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख बरकरार है। ब्रेंट क्रूड का भाव उछलकर 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।




इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.80 डॉलर यानी 1.04 फीसदी की बढ़त के साथ 77.75 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.86 डॉलर यानी 1.18 फीसदी उछलकर 73.53 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# शाहजहांपुर में काले गेहूं की खेती की तरफ बढ़ रहा है किसानों का रुझान

**नई दिल्ली।** शाहजहांपुर जिले में किसानों का रुझान काले गेहूं की खेती की ओर बढ़ रहा है। इस बार यहां के किसानों द्वारा भारी मात्रा में काले गेहूं का उत्पादन किया गया है। हालांकि, फायदे का सौदा होने के बावजूद स्थानीय स्तर पर बाजार की अनुपलब्धता यहां के किसानों को निराश भी कर रही है। शाहजहांपुर जिले में काले गेहूं की खेती अब प्रचुर मात्रा में होने लगी है। पूरे जिले के लगभग 250 एकड़ क्षेत्र में इसे उगाया गया है। स्थानीय प्रशासन भी किसानों को इस बेहद पोषक अनाज माने जा रहे गेहूं की खेती के लिये प्रोत्साहित कर रहा है।

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने रविवार को पीटीआई- को बताया कि जिले में काले गेहूं की पैदावार काफी बढ़ी है। इस बार जिले में 200 से अधिक किसानों ने 250 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में काले गेहूं का उत्पादन किया है। स्थानीय स्तर पर इसे छह हजार रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदा जा रहा है जबकि बड़े शहरों में इसकी कीमत 10 से 12 हजार रुपये तक मिल रही है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि किसानों को स्थानीय स्तर भी उनकी उपज का भरपूर लाभ मिले। तिलहर के राजापुर गांव के किसान प्रेम शंकर गंगवार ने बताया कि उन्होंने इस बार परीक्षण के तौर पर एक एकड़ क्षेत्र में काले गेहूं की पैदावार की है।

उन्होंने काले गेहूं से संबंधित एक प्रसंस्करण इकाई भी लगाई है जिसमें मैदे की जगह काले गेहूं के आटे से बिस्कुट बनाये जा रहे हैं। मैदे का बेहतरीन विकल्प होने की वजह से लोग इसे काफी पसंद भी कर रहे हैं। गंगवार ने बताया कि काले गेहूं में कुदरती एंटी ऑक्सिडेंट और एंटीबायोटिक गुण हैं जो मधुमेह, दिल की बीमारी, कैंसर, मानसिक तनाव, घुटनों के दर्द और एनीमिया जैसे रोगों के निदान में काफी कारगर है। काले गेहूं का आटा छिलकेयुक्त चने के सत्तू की तरह दिखता है और इसका स्वाद साधारण गेहूं की अपेक्षा अलग होता है। मगर यह काफी पौष्टिक है। इसकी फसल साधारण गेहूं की तरह ही होती है मगर पकने पर इसकी बालियां काली हो जाती हैं। मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि जिले के हर गांव में किसानों को काले गेहूं की खेती के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्हें बीज उपलब्ध कराने के अलावा कृषि विभाग की एक टीम बनाई है जो कृषकों को इस खास जिंस के उत्पादन के लिये प्रशिक्षित भी कर रही है तथा समय-समय पर काले गेहूं की फसल का निरीक्षण करने के अलावा कृषकों को फसल के रखरखाव के लिए आवश्यक दिशानिर्देश भी यही टीम दे रही है। कृषि क्षेत्र में कार्यरत एक संस्था के संचालक राकेश पांडे ने बताया कि वह 2020 से ही शाहजहांपुर के किसानों को काले गेहूं की फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और इसमें प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। इसी का नतीजा है कि आज जिले की कलान, तिलहर तथा पुवायां तहसीलों में एक बड़े क्षेत्रफल में किसान काले गेहूं की फसल उगा रहे हैं। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कृषि मित्रों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के जरिये किसानों को लगातार काले गेहूं की पैदावार की तकनीक और इसकी बिक्री से होने वाले वित्तीय लाभ की जानकारी दी जा रही है।



हालांकि, राकेश पांडे का कहना है कि जिले में काले गेहूं की मुनाफेभरी बिक्री की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है, इसलिए वह खुद किसानों का गेहूं खरीद कर बाहर भेज रहे हैं। अगर यहां पर प्रसंस्करण इकाइयां लग जाएं या फिर बाजार की व्यवस्था हो जाए तो किसानों की आय दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी। ददरौल क्षेत्र के हसनपुर गांव के किसान अवधेश वर्मा ने भी स्थानीय स्तर पर काले गेहूं का बाजार नहीं होने पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा, इस बार हमने 10 बीघा क्षेत्रफल में काले गेहूं की पैदावार की है, मगर यहां बाजार की समस्या होने के कारण हमारा गेहूं बहुत ही कम मूल्य में ही बिक रहा है, जबकि यही गेहूं ऑनलाइन 80 से 100 रुपये प्रति किलो बिकता है।

## मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 384 परियोजनाओं की लागत 4.66 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 384 परियोजनाओं की लागत जनवरी-मार्च तिमाही में तय अनुमान से 4.66 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की जनवरी-मार्च, 2023 की तिमाही रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,566 परियोजनाओं में से 384 की लागत बढ़ गई है, जबकि 931 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ''इन 1,566 परियोजनाओं में से 384 की लागत मूल अनुमान से 4,66,874.46 करोड़ रुपये या 21.59 प्रतिशत बढ़ी है।'' हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि लागत मंजूरी की मौजूदा सीमा से लिहाज से देखें तो 285 परियोजनाओं की लागत 1,97,069.19 करोड़ रुपये बढ़ी है। वहीं 259 परियोजनाएं ऐसी हैं जिनकी लागत बढ़ी है और जो समय से पीछे भी चल रही हैं। इन 1,566 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की लागत 26,29,193.77 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च, 2023 तक इन परियोजनाओं पर 14,71,873.93करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 55.98 प्रतिशत और मूल लागत का 68.06 प्रतिशत है। इन 1,566 परियोजनाओं के लिए 2022-23 में 2,81,251.99 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1,566 परियोजनाओं में से 12 अपने निर्धारित समय से आगे चल रही हैं। 292 परियोजनाएं समय पर चल रही हैं जबकि 931 परियोजनाओं में देरी है। 331 परियाजनाओं के पूरा होने के समय की जानकारी नहीं दी गई है।



## बीते वित्त वर्ष में एनपीए प्रबंधन में बैंक ऑफ महाराष्ट्र शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) या डूबे कर्ज के प्रबंधन में बीते वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। बीते वित्त वर्ष में बीओएम का शुद्ध एनपीए घटकर 0.25 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गया है। बैंकों के वार्षिक आंकड़ों पर गौर करें, तो पता चलता है कि तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के सालाना कारोबार वाले न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों बल्कि सभी बैंकों में यह डूबे कर्ज का सबसे निचला अनुपात है। इस मामले में पुणे के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के बाद एचडीएफसी बैंक का स्थान है। बीते वित्त वर्ष की समाप्ति तक एचडीएफसी बैंक का शुद्ध एनपीए 0.27 प्रतिशत रहा। इसके बाद 0.37 प्रतिशत के साथ कोटक महिंद्रा बैंक का स्थान रहा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बीओएम के बाद देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का स्थान रहा। मार्च, 2023 के अंत तक एसबीआई का शुद्ध एनपीए घटकर 0.67 प्रतिशत रह गया। बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध एनपीए 0.89 प्रतिशत रहा। ऋण वृद्धि के मामले में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में 29.49 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बीओएम पहले स्थान पर रहा। इसके बाद 21.28 प्रतिशत के साथ इंडियन ओवरसीज बैंक का स्थान रहा। इंडसइंड बैंक 21 प्रतिशत ऋण वृद्धि के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं एसबीआई की ऋण वृद्धि बीते वित्त वर्ष में 15.38 प्रतिशत रही।



# नेपाल में हत्याकांड में सजायाफ्ता थारू नेता रेशम चौधरी छह साल बाद रिहा

**काठमांडू।** नेपाल में 2015 में हुई हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए थारू नेता रेशम चौधरी को रिहा कर दिया गया। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से क्षमादान मिलने के बाद सोमवार को नेपाल के गणतंत्र दिवस पर रिहा किया गया। चौधरी काठमांडू की जेल में बंद थे। छह साल जेल में रहने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। चौधरी को 2015 में पश्चिमी नेपाल के थारू बहुल कैलाली जिले के टिकापुर में सात सुरक्षाकर्मियों और एक नाबालिग की हत्या के केस में दोषी ठहराया गया था। अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।



रेशम चौधरी सिविल लिबरेशन पार्टी के संरक्षक हैं। उनकी पार्टी प्रचंड सरकार की करीबी है। सिविल लिबरेशन पार्टी के चार सांसद हैं। यही वजह है कि प्रचंड सरकार ने उन्हें रिहा करने की पहल की।

# तुर्किए के राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोगन ने मारी बाजी, लगातार 11वीं बार जीते चुनाव

**अंकारा।** इस्लामिक मुल्क तुर्किये (तुर्की) में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर आज हुए दूसरे चरण की वोटिंग में एक बार फिर रेसेप तैयप एर्दोगन ने जीत दर्ज की है। इसी के साथ एर्दोगन लगातार 11वीं बार चुनाव जीते हैं। पिछले 20 साल से तुर्किये की सत्ता पर काबिज रेसेप तैयप एर्दोगन को इस चुनाव में 52.10 प्रतिशत मत मिले हैं



जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वंदी कमाल केलिकदारोग्लू 47.90 प्रतिशत वोट मिला। हालांकि अभी तक 99.45 प्रतिशत वोटों की ही गिनती हुई है। ऐसे में आखिरी आंकड़े में परिवर्तन हो सकता है। इससे पहले, तुर्किए में हुए पहले चरण के राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोगन को 49.5 फीसदी वोट मिले थे जबकि कमाल केलिकदारोग्लू को 43.5 फीसदी वोट ही मिल सके थे। कतरे के तमीम बिन अहमद ने एर्दोगन की जीत पर ट्वीट कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीत के लिए बधाई। नए कार्यकाल के सफलता की कामना।

# नवाज शरीफ पर हमले से जुड़ा ट्वीट पीएमएल-एन कार्यकर्ता ने किया डिलीट



**लंदन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर लंदन में उनकी कार पर हमला किए जाने की खबर है। इस हमले में शरीफ बाल-बाल बच गए। हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ के परिजनों ने कहा कि कोई हमला नहीं हुआ है। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के कार्यकर्ता खुर्रम बट ने ट्वीटर पर लिखा कि पीटीआई के कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के वाहन पर हमला किया। नवाज शरीफ ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई है। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि बाद में खुर्रम बट ने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया है। वहीं, मीडिया रिपोर्टों में शरीफ परिवार के एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ पर कोई हमला नहीं हुआ। नवाज शरीफ सामाजिक संगठन ब्लैक लाइव्स मैटर और पुलिस के बीच झड़प के समय संयोग से वहीं थे। पास में ही शरीफ का वाहन खड़ा था। कहीं से फेंकी गई कॉफी उस वाहन पर गिरी। इसका मकसद नवाज शरीफ को निशाना बनाना नहीं था।

# भारत के बाहर बांग्लादेश में हैं सर्वाधिक शक्ति पीठ

ढाका। आदि शक्ति माता दुर्गा के भारत सहित विभिन्न पड़ोसी देशों में कुल 52 शक्ति पीठ हैं। हालांकि देवी पुराण में 51 शक्तिपीठों का वर्णन है लेकिन तन्त्र चूड़ामणि में 52 शक्ति पीठ बताए गए हैं। इनमें 42 शक्ति पीठ भारत में और पांच पड़ोसी देशों में दस शक्ति पीठ हैं, जिनमें सर्वाधिक पांच शक्ति पीठ बांग्लादेश में बताए जाते हैं। सुगंधा शक्ति पीठ बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 150 किलोमीटर दूर है। यह शक्ति पीठ शिकारपुर नगर पालिका क्षेत्र में सुगंधा नदी के किनारे स्थित है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार यहां माता की नासिका गिरी थी। इसीलिए इसे नासिका पीठ भी कहा जाता है। इस देवी की शक्ति सुनंदा है और इनके भैरव को त्र्यंबक कहा जाता है। यह मंदिर उग्रतारा के नाम से भी विख्यात है। यह पत्थर का बना हुआ बहुत ही प्राचीन मंदिर है। उग्रतारा सुगंधा देवी के पास तलवार, खेकड़ा, नीलपाद, और नरमुंड की माला है। कार्तिक, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, गणेश उनके ऊपर स्थापित हैं।

**यशोरेश्वरी शक्ति पीठ**

यशोरेश्वरी शक्ति पीठ बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 350 किलोमीटर दूर है। यह शक्ति पीठ खुलना जिला के ईश्वरीपुर के यशोर स्थान पर स्थित है। मान्यता है कि यहां माता



सती की हथेलियां गिरी थीं। माता की शक्ति को यशोरेश्वरी और भैरव को चण्ड कहते हैं। बताया जाता है कि कभी यह मंदिर बहुत भव्य हुआ करता था। यहां 100 से अधिक दरवाजे थे, लेकिन मुगलों ने इसे खंडित कर दिया। इसके बाद लक्ष्मण सेन और प्रपाद आदित्य ने इसका जीर्णोद्धार करवाया। इसके बाद स्थानीय हिंदू और मुस्लिम मिलकर इस मंदिर की रक्षा करते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यहां पूजा-अर्चना करने आए थे।

**श्री शैल महालक्ष्मी शक्ति पीठ** -श्री शैल महालक्ष्मी शक्ति पीठ बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 260 किलोमीटर दूर है। यह शक्ति पीठ सिलहट जिले जैनपुर गांव में स्थित है। मान्यता है कि यहां माता सती का गला (ग्रीवा) गिरा था। इस देवी की शक्ति है महालक्ष्मी और भैरव को शम्बरानंद कहते हैं।

अपर्णा शक्ति पीठ बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 176 किलोमीटर दूर है। यह शक्ति पीठ बागुरा जिले के भवानीपुर गांव में स्थित है। मान्यता है कि करतोया तट के पास स्थित इस स्थल पर माता की पायल गिरी थी। इसकी शक्ति है अर्पण और भैरव को वामन कहते हैं। अपर्णा का अर्थ है, जो भगवान शिव को अर्पित है। यहां प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा, रामनवमी और दशहरे के अवसर पर विशाल मेला लगता है।

# पुतिन से मुलाकात के तुरंत बाद बेलारूस के राष्ट्रपति अस्पताल में भर्ती, जहर देने की आशंका

**वाशिंगटन।** बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंकों को मॉस्को के एक अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। लुकाशेंको रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने मॉस्को पहुंचे थे लेकिन पुतिन से मुलाकात के तुरंत बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**जहर देने की आशंका**

बेलारूस में विपक्ष के नेता वालेरी सेपकालो ने बताया कि लुकाशेंकों को तबीयत खराब होने के बाद मॉस्को के सेंट्रल क्लीनिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि लुकाशेंको और पुतिन के बीच बंद कमरे में बातचीत हुई थी, जिसके बाद लुकाशेंको की तबीयत बिगड़ गई। सेपकालो ने बताया कि रूस के शीर्ष डॉक्टर लुकाशेंको का इलाज कर रहे हैं लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी



हुई है। सेपकालो ने जानकारी दी कि लुकाशेंको के खून को साफ करने की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि आमतौर पर शरीर में जहर पहुंचने के बाद खून को साफ करने की प्रक्रिया की जाती है। यही वजह है कि लुकाशेंको को जहर देने की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

**पुतिन के करीबी हैं लुकाशेंको**

बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बेहद करीबी माना जाता है। इससे पहले रूस के विक्ट्री डे परेड में भी लुकाशेंको शामिल हुए थे। हालांकि वह परेड खत्म होते ही अपने देश रवाना हो गए थे। लुकाशेंको की तबीयत भी बीते काफी समय से खराब चल रही है। हालांकि लुकाशेंको ने दावा किया था कि सब ठीक है और वह जल्द ही इससे उबर जाएंगे।

**परमाणु हथियारों को लेकर दिया था बयान**

लुकाशेंको ने रविवार को ही रूस के एक मीडिया चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा था कि जो देश यूनियन स्टेट बेलारूस और रूस के साथ आते हैं तो उन्हें परमाणु हथियार दिए जाएंगे। इससे पहले गुरुवार को ही लुकाशेंको ने ये भी दावा किया था कि रूस से उसे कुछ रणनीतिक रूप से अहम परमाणु हथियारों का ट्रांसफर शुरू हो गया है। इस संबंध में दोनों देशों में एक समझौता भी हुआ है।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में युवती को जिंदा जलाया

झंग। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक युवती को जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह मामला झूठी शान की खातिर हत्या (ऑनर किलिंग) का है। पुलिस ने बताया कि यह घटना लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर झंग जिले के गढ़ महाराजा में हुई। जांच अधिकारी मोहम्मद आजम ने बताया कि रजाब अली ने अपने बेटों जब्बार और आमिर तथा परिवार के कुछ अन्य सदस्यों के साथ मिलकर 26 मई को अपनी 20 वर्षीय बेटी को घर में आग लगाने से पहले बुरी तरह प्रताड़ित किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवती अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करना चाहती थी।



उन्होंने कहा, ''एक दिन पहले, वह घर से चली गई थीं और ऐसा बताया जाता है कि लौटने से पहले उस व्यक्ति के साथ कुछ समय बिताया था।'' आजम ने बताया कि उसके लौटने पर उसके पिता, दो भाइयों और परिवार की कुछ महिलाओं ने उसे रस्सी से बांध दिया और आग लगाने से पहले युवती को बुरी तरह से प्रताड़ित किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा, ''मरने से पहले उसने पुलिस को आग लगाने वालों के बारे में बताया था।'' उन्होंने बताया कि पुलिस ने पीड़िता के पिता, दो भाइयों और एक बहन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों को अपने इस कृत्य पर कोई पछतावा नहीं है और उनका कहना है कि लड़की ने परिवार के सम्मान को ठेस पहुंचाई है।

# सबकुछ लुटाकर भी चुनाव कराने पर अड़े इमरान खान, सरकार से की मार्मिक अपील

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान इन दिनों मुश्किलों में फंसे हुए हैं लेकिन इसके बावजूद वह चुनाव कराने की मांग पर अड़े हैं। इमरान खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब सरकार उनकी पार्टी तोड़ ले, उसके बाद तो चुनाव की तारीखों का एलान करे।

**पीटीआई खत्म होने के कगार पर**

बता दें कि हाल के दिनों में कई नेता पीटीआई छोड़ चुके हैं। इनमें पार्टी के कई बड़े नाम जैसे शिरीन माजरी, फवाद चौधरी, इमरान इस्माइल, आमिर महमूद कियानी, अली जैदी, मालीका बुखारी, नादिया अजीज, तारिक महमूद अल हसन, मलिक खुर्रम अली खान और जमशेद थॉमस आदि शामिल हैं। दरअसल इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद बीती 9 मई को भड़की हिंसा मामले में अब गिरफ्तारियां हो रही हैं। साथ



ही पाकिस्तानी आर्मी गिरफ्तार लोगों के खिलाफ आर्मी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी कर चुकी है। आर्मी एक्ट के तहत दोषी पाए जाने पर उम्रकैद से लेकर फांसी तक की सजा का प्रावधान है। यही वजह है कि डरकर कई नेता इमरान का साथ छोड़ रहे हैं और पार्टी खत्म होने के कगार पर पहुंच गई है।

इमरान खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'जिन लोगों को हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनमें से जो दोषी हैं उन्हें जेल में रखे लेकिन बाकियों को तो रिहा कर दें क्योंकि अधिकतर लोग हिंसा में शामिल नहीं थे। सत्ताधारी लोग राजनीति और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। इमरान ने कहा कि अर्थव्यवस्था लगातार गिर रही है इसलिए अपने आप को समय दें और दो या तीन हफ्ते का समय लें लेकिन जब आप पीटीआई से इतने लोगों को तोड़ दें कि पार्टी चुनाव लड़ने लायक ना रहे तो उसके बाद तो चुनाव का एलान कर दें।'

**पुलिसकर्मियों पर कोर्ट की अवमानना का आरोप**

इमरान खान ने ये आरोप लगाया कि कोर्ट ने आदेश दिया है कि पाकिस्तानी पत्रकार इमरान रियाज को कोर्ट के सामने पेश किया जाए लेकिन इसके बावजूद इमरान रियाज को पेश नहीं किया गया है। ऐसे में आदेश नहीं मानने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का केस चलाना चाहिए। बता दें कि इमरान रियाज को इमरान खान का समर्थक माना जाता है और वह बीते कई दिनों से लापता हैं। इमरान खा ने सुप्रीम कोर्ट से एक कमेटी बनाकर 9 मई को भड़की हिंसा की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। इमरान का आरोप है कि 9 मई को भड़की हिंसा उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ एक सोची समझी साजिश थी।

# जापान में चार व्यक्तियों की हत्या कर इमारत में छुपा संदिग्ध पकड़ा गया



**टोक्यो।** जापान पुलिस ने चार लोगों की हत्या कर पास की इमारत में छुपे एक संदिग्ध आरोपित को सुबह करीब साढ़े चार बजे गिरफ्तार कर लिया। यह वारदात नागानो शहर में कल हुई थी। हत्यारे ने फायरिंग कर और धारदार हथियार से हमला कर दो पुलिस अधिकारियों सहित चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। नागानो के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध हमलावर से बंदूक और चाकू बरामद हो गया है। वह पास की एक इमारत में छुपा हुआ था। मृतकों में एक बुजुर्ग महिला और दो पुलिस अधिकारी 46 वर्षीय योशिकी तमाई और 61 वर्षीय ताकुओ इकेची भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जापान में हत्या की वारदात कम ही होती हैं। जापान में दुनिया के सबसे कठोर कानून है। हालांकि इससे पहले पिछले साल जुलाई में पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# पीटीआई की महिला समर्थकों के साथ जेल में यौन शोषण!: आरोपों को लेकर घबराए गृहमंत्री ने की कॉन्फ्रेंस, इमरान ने घेरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लगातार बवाल मचा हुआ है। इस बीच, जेल में बंद पीटीआई की महिला समर्थकों के साथ यौन शोषण किए जाने की बात सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि पुलिस महिलाओं के साथ बदसलूकी कर रही है।

बता दें, 9 मई को जब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार किया गया था। तो उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक सड़कों पर उतर आए थे, जिसके बाद सेना ने सख्त कदम उठाए थे। सेना ने पीटीआई के कई समर्थकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, इसमें महिला भी शामिल थीं। इस बीच एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि पीटीआई के कार्यकर्ताओं को भयावह तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है। वहीं, सोशल मीडिया पर बताया जा रहा है कि महिला समर्थकों का जेल में यौन शोषण हो रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ की सरकार विपक्ष और मानवाधिकार समूहों के निशाने पर आ गई है।

**सरकार और विपक्ष में हंगामा**

रिपोर्ट के बाद, पीटीआई



प्रमुख और शरीफ सरकार के बीच जंग छिड़ गई है। पीटीआई का कहना है कि उसके करीब दस हजार समर्थक जेल में बंद हैं। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। इन लोगों को भीड़भाड़ वाली जेलों में सी-श्रेणी के कैदियों के रूप में रखा गया है। पीटीआई ने कहा कि इन समर्थकों ने ऐसी कोई गलती नहीं की है, जिसकी वजह से उन्हें सी-श्रेणी के कैदियों के रूप में रखा जाए। ये लोग चिलचिलाती गर्मी में बंद हैं।

**राणा सनाउल्लाह ने किया सरकार का बचाव**

पीटीआई के बयान के बाद पाकिस्तान के लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार लोग शरीफ की सरकार को घेर रहे हैं। ऐसे में, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पीटीआई पर निशाना साधा। उन्होंने इमरान पर गलत जानकारी फैलाने और एक बड़ी योजना बनाने आरोप लगाया। सनाउल्लाह ने कहा कि खुफिया एजेंसियों ने हाल ही में एक बातचीत का पता लगाया था, जिससे संकेत मिला कि पीटीआई दो दुष्कर्म की योजना बना रही थी। बाद में इसका आरोप सुरक्षा बलों के सिर मढ़ने वाली थी। हालांकि, गृह मंत्री ने अपने बयान में कोई सबूत नहीं दिया।

**आरोपों को नकारा**

वहीं, गृह मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को पीटीआई प्रमुख इमरान ने झूठा बताया। उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राणा की कॉन्फ्रेंस ने सबकुछ साफ कर दिया है। बाद में, इमरान ने जेल से आने वाली डरावनी कहानियों के बारे में भी बताया। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाए कि जेल में उनके समर्थकों के साथ भयावह व्यवहार किया जा रहा है।

**इमरान का पलटवार**

इमरान ने एक ट्वीट करके कहा कि अगर जेल में बंद महिलाओं के साथ गलत व्यवहार करने को लेकर कोई भी संदेह था, तो राणा की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस से दूर हो जाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि करीब सौ पीटीआई समर्थकों को जेल से रिहा किया। लेकिन उनके सामने दो शर्त रखी गई की वह पार्टी और राजनीति से दूरी बना लें या इमरान की गिरफ्तारी पर देशव्यापी विरोध के दौरान सार्वजनिक रूप से सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों की निंदा करें।

**इस्लामाबाद पुलिस अलर्ट**

गृह मंत्री की टिप्पणियों के बाद, इस्लामाबाद पुलिस ने अधिकारियों को लक्षित करने की योजना से बचने के लिए पुलिस थानों, कार्यालयों और जेलों में कैमरों को ठीक से काम करने के लिए अलर्ट भेजा है। पुलिस का कहना है कि उन्हें पता लगा है कि संस्थानों को बदनाम करने के लिए एक सुनियोजित अभियान शुरू किया गया था। पुलिस ने आगे कहा कि सभी महिलाएं सम्मानित हैं, लेकिन इस अभियान में कुछ का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है।

# पोलैंड की सीमा पर बच्चों के साथ फंसे प्रवासी, कई बीमारी से पीड़ित, बोले- हम बेलारूस में सुरक्षित नहीं

**वारसा।** बेलारूस से लगती पोलैंड की सीमा पर प्रवासियों का जमावड़ा लगा हुआ है। बेलारूस से आए लोग छोटे बच्चों सहित पोलैंड में शरण चाहते हैं। पोलिश मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने रविवार को जानकारी दी कि करीब 30 प्रवासियों का एक समूह तीन दिनों से बेलारूस से लगी पोलैंड की सीमा पर फंसा हुआ है।

मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्ता स्टैनिस्जुस्का ने बताया कि सभी प्रवासी पौलेंड में शरण चाहते हैं और बेलारूस उन्हें वापस जाने की अनुमति नहीं दे रहा। बेलारूस में, वे सुरक्षित नहीं हैं। आगे बताया कि बेलारूस लौटने के नाम पर उनको धमकी दी जाती है कि अगर वापस लौटे तो उन्हें पीटा जाएगा या उन्हें मार डाला जाएगा।

प्रवासियों का कहना है कि उनमें से कई बीमार हैं, एक लड़की के दांत में दर्द है और बच्चों को मच्छरों ने काट लिया है जिस वजह से उनकी तबियत ठीक नहीं है। पोलैंड के लोकपाल के कार्यालय के एक प्रतिनिधि ने समूह का दौरा किया और उससे बात की, लेकिन बाद में संवाददाताओं से कहा कि देश में उन्हें अनुमति देने का निर्णय पोलिश बॉर्डर प्रतिशोध में अवैध सीमा पार करने में सहायता करने का आरोप लगाया है। हालांकि लुकाशेंको यूरोप में प्रवासन को प्रोत्साहित करने से इनकार करते



गार्ड का है। पिछले साल, पोलैंड ने एशिया और अफ्रीका के हजारों प्रवासियों को बेलारूस से देश में प्रवेश करने से रोकने के लिए लगभग 190 किलोमीटर (117 मील) लंबी दीवार खड़ी की थी। यूरोपीय संघ ने सत्तावादी बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के हैं। पोलैंड के सबसे शक्तिशाली राजनेता, पोलैंड की दक्षिणपंथी सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख, जारोस्लाव काकजेंस्की ने हाल ही में कहा था कि दीवार का निर्माण एक अच्छा निर्णय था। उन्होंने कहा कि यह बेलारूस और रूस के शत्रुतापूर्ण कदमों के खिलाफ पोलैंड और यूरोपीय संघ की रक्षा कर रहा है।

# सूडान के सैन्य शासक ने संयुक्त राष्ट्र में देश के राजदूत को हटाने का अनुरोध किया

**सूडान।** सूडान के सैन्य शासक अब्देल फतेह बुरहान ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस को पत्र लिखकर संयुक्त राष्ट्र में तैनात सूडानी राजदूत वोल्कर पर्थेस को हटाने का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवक्ता ने कहा कि गुतारेस ने इस पत्र पर'हैरानी' जताई है। पर्थेस सूडान में एक मुख्य मध्यस्थ रहे हैं। उन्होंने देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम करने के प्रयासों और फिर पिछले महीने सैन्य प्रतिद्वंद्वियों के बीच तनाव बढ़ने के बाद शुरू हुई लड़ाई के समय मध्यस्थ अहम भूमिका निभाई। सूडान में सेना प्रमुख बुरहान के सैनिकों और जनरल मोहम्मद हमदान डागालो के नेतृत्व वाले शक्तिशाली अर्धसैनिक समूह 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' के बीच लड़ाई छिड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोबुरहान का पत्र मिला। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, संयुक्त राष्ट्र महासचिव उन्हें मिले पत्र से स्तब्ध हैं। उन्हें वोल्कर पर्थेस द्वारा किए गए कार्यों पर गर्व है और वह उनमें पूर्ण विश्वास करते हैं। दुजारिक ने पत्र में लिखीं बातें उजागर नहीं कीं। सूडान के एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि बुरहान के पत्र में गुतारेस से पर्थेस को हटाने का अनुरोध किया गया है, जिन्हें 2021 में पद पर नियुक्त किया गया था। अधिकारी के अनुसार, बुरहान ने पर्थेस पर पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके दृष्टिकोण ने जनरलों और लोकतंत्र समर्थक आंदोलनकारियों के बीच युद्ध से पहले हुई वार्ता में संघर्ष को भड़काने का काम किया था।

## 'इस रणनीति से ऑस्ट्रेलिया को ही ज्यादा फायदा होगा', एशेज सीरीज को लेकर आया बयान

**लदंन।** अगले महीने से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज की शुरूआत होने वाली है। सीरीज का पहला मुकाबला 16 जून को एजबेस्टन में खेला जायेगा और आखिरी मुकाबला ओवल में 27 जुलाई से शुरू होगा। फ़िलहाल एशेज की ट्रॉफी इस वक्त ऑस्ट्रेलिया के पास है, जिन्होंने 2021-22 में इंग्लैंड को 4-0 से हराया था। जानकारी के मुताबिक इंग्लैंड ने एशेज सीरीज के लिए फ्लैट पिचों की मांग की है। इससे पहले ही दोनों देशों की तरफ से काफी बयानबाजी शुरू हो गई थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज जेसन गेलेस्पी का कहना है कि इससे मेजबान टीम को ही नुकसान हो सकता है। गेलेस्पी के मुताबित फ्लैट ट्रैक पर ऑस्ट्रेलिया की टीम ज्यादा बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। बेन स्टोक्स जबसे इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बने हैं, टीम एक अलग अंदाज में खेलती नजर आई है। इंग्लैंड ने टेस्ट मैचों में भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की है। जानकारी के मुताबिक कुछ हफ्ते बेन स्टोक्स ने फ्लैट ट्रैक बनाने की मांग की थी, ताकि वो तेजी से रन बना सकें। इसके अलावा ये भी जानकारी मिल रही हैं कि इंग्लैंड बाउंड्री को भी छोटी कर चाहता है ताकि ज्यादा चौके-छक्के लग सकें। जेसन गेलेस्पी ने कहा 'हमने जो सुना है उसके मुताबिक इंग्लैंड बैटिंग वाली पिचें चाहता है ताकि वो आक्रामक बल्लेबाजी कर सकें। हालांकि मुझे लगता है कि उनकी इस रणनीति से ऑस्ट्रेलिया को ज्यादा फायदा हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज इस तरह की पिचों पर गेंदबाजी करने में ज्यादा माहिर हैं। जोश हेजलवुड, कैमरन ग्रीन, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की हाईट ज्यादा है और इंग्लैंड के गेंदबाजों के मुकाबले ये इस पिच पर बेहतर गेंदबाजी कर सकते हैं, क्योंकि उनके पास ब्रॉड और रॉबिन्सन के अलावा और कोई लंबी हाईट वाला बॉलर नहीं है।'

## गावस्कर, तेंदुलकर और कोहली जैसे महान खिलाड़ियों के नक्शेकदम पर चल रहे हैं गिल: कपिल देव

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने अंतर्राष्ट्रीय के बाद आईपीएल 2023 में भी अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। इस आईपीएल सीजन गिल 16 मैचों में 60.79 की औसत के साथ 851 रन बनाकर ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे हैं। वहीं एलिमिनेटर मुकाबले में उनके बल्ले से निकली 60 गेंदों में 129 रनों की पारी की चारों तरफ चर्चा हो रही है। गिल ने अपनी इस शतकीय पारी के दौरन 10 छक्के और 7 चौके जड़कर, गुजरात टाइटंस को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 62 रनों सी जीत दिलाकर टीम को फाइनल के लिए क्वालीफाई करवाया। एलिमिनेटर मुकाबले में गिल द्वारा खेली गई शतकीय पारी के बाद पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने युवा बल्लेबाज की जमकर तारीफ की है।

1983 के विश्व कप विजेता भारत के कप्तान कपिल देव ने गिल की प्रशंसा करते हुए कहा कि 23 वर्षीय सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग और विराट कोहली जैसे महान खिलाड़ियों के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। कपिल देव ने हालांकि गिल के बारे में बड़े दावे करने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्हें लगता है कि युवा क्रिकेटर को अधिक मेच्योर होने की जरूरत है। कपिल देव ने कहा, 0-सुनील गावस्कर आए, सचिन तेंदुलकर आए, फिर राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग, विराट कोहली और अब जिस तरह की बल्लेबाजी वह (शुभमन गिल) दिखा रहे हैं, ऐसा लगता है कि शुभमन गिल उनके नक्शेकदम पर चल रहे हैं। लेकिन मैं उन्हें एक और सीजन देना चाहूंगा। उसके पास निश्चित रूप से प्रतिभा और क्षमता है लेकिन उसे अधिक मेच्योर होने की जरूरत है।'

## धोनी ने यह बता दिया कि क्यों वह वाइट बॉल क्रिकेट में सबसे अच्छे कप्तान हैं : माइकल वॉन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें वाइट बॉल का अब तक का सबसे महान कप्तान बताया है। धोनी की कप्तानी में चेन्नई ने आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई है और फाइनल मुकाबले में चार बार के चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के आगे गत चैंपियन गुजरात टाइटंस चुनौती देगी।

क्रिकबज से बात करते हुए, वॉन ने कहा कि धोनी ने साबित कर दिया है कि वह वाइट बॉल का सबसे अच्छा कप्तान क्यों है। उन्होंने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों को अपना खेल खेलने का लाइसेंस देता है। चेन्नई सुपर किंग्स दसवीं बार फाइनल में पहुंची हैं और टीम की इस सफलता के पीछे कप्तान धोनी की खूब सराहना हो रही है।

वॉन ने कहा'एमएस धोनी ने अभी साबित किया है कि वह अब तक के सबसे अच्छे वाइट बॉल के कप्तान क्यों हैं। 50 ओवर के खेल में, टी 20 और वह एक अच्छे टेस्ट कप्तान भी थे। शांत, नियंत्रण और आत्मविश्वास की वह बॉडी लैंग्वेज। उनकी आंखें बहुत कम चलती हैं। वह हमेशा बहुत सीधे आगे रहता है और अपनी टीम को हाथों के छोटे-छोटे इशारों से सेट करता है। वह उन्हें लाइसेंस देता है।'

# मां नहीं चाहती थी कि उनकी तरह मैं भी पानी से डरूं इसलिए मुझे तैराक बनाया- परमार विश्वा विजयभाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 में राजकोट के आत्मीय विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र एथलीट परमार विश्वा विजयभाई की कहानी कुछ अलग है। विश्वा ने बताया कि उनकी मां को पानी से डर लगता था लेकिन वह नहीं चाहती थीं कि उनकी बेटी पानी से डरे और इसलिए उन्होंने विश्वा को तैराक बनाया।

विश्वा इंजीनियरिंग सेकेंड इयर की छात्रा हैं। उनके पिता विजयभाई परमार राजकोट में कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं। मां हाउसवाइफ है। 8 साल से तैराकी कर रही विश्वा ने कहा,- मां को पानी से डर लगता है लेकिन वह नहीं चाहती थीं कि मैं भी पानी से डरूं और इसलिए मां ने मुझे तैराकी में डाला। उस समय मैं 10 साल की थी।-

18 साल की विश्वा का यह पहला खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स है। 400 मीटर व्यक्तिगत




मेडले उनका पसंदीदा इवेंट है और इसमें वह कई पदक जीत चुकी हैं। अपने पहले कम्पटीशन के बारे में विश्वा ने कहा- खेल महाकुंभ जो कि 2014 में सूरत में हुआ था, वहां 400 मेडले में मैंने गोल्ड जीता था था जबकि फिर 200 मीटर बैकस्ट्रोक में सिल्वर था। साल 2016 तक मैं हर साल खेल महाकुंभ में गोल्ड मेडल लाती रही। फिर स्टेट फेडरेशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में सिल्वर जीता था क्योंकि वहां कम्पटीशन टफ था।-

विश्वा ने बताया कि 2016 में हैदराबाद में आयोजित विमेंस नेशनल्स में उन्होंने हिस्सा लिया। बकौल विश्वा,- विमेंस नेशनल्स में मैं हीट आउट हो गई थी। वहां मेरा 16वां स्थान था। इसके बाद मैंने एक्राथलन का नेशनल्स भी खेला था। उसमें मैं 11वें स्थान पर थी।

-राजकोट के लोकमान्य तिलक स्वीमिंग पूल में बंकिम जोशी की देखरेख में हर रोज 5 से 6 घंटे प्रैक्टिस करने वाली विश्वा ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के बारे में कहा- मैं कई सालों से इन खेलों मे आना चाहती थी। अब मैं खुश हूं। यह एक शानदार प्लेटफार्म है। नए खिलाड़ियों से मिलने का मौका मिलता है और काफी कुछ जानने का मौका मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का यह विजन देश में खेल को आगे जाएगा।-

## WTC फाइनल से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने पर बाद में ही बात की जा सकती है : कैरी

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये अपनी टीम की तैयारियों पर भरोसा है और उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण मैच से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने के फैसले के बारे में केवल बाद में ही बात की जा सकती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ही सात जून से ओवल में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया की टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद भी ब्रिटेन में ही रहेगी जहां उसे 16 जून से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की एशेज श्रृंखला खेलनी है। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार कैरी ने कहा,''सभी खिलाड़ियों की हाल के दिनों में व्यक्तिगत प्रतिबद्धताएं थी। हमारे कुछ खिलाड़ी यहां इंग्लैंड में क्रिकेट खेल रहे थे। कुछ खिलाड़ी आईपीएल में व्यस्त थे तथा कुछ खिलाड़ी अपने परिवार के साथ समय बिता रहे थे।' उन्होंने कहा,'' अब हम यहां एक साथ मिलकर टेस्ट चैंपियनशिप को लेकर वास्तव में उत्साहित हैं तथा मुझे लगता है कि इस बारे में बाद में ही बात की जा सकती है कि हमें अभ्यास मैच खेलना चाहिए था या नहीं।' कैरी ने कहा,'' एक खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि हम पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं इसलिए मुझे लगता है अभ्यास मैच नहीं खेलना उन चीजों में से एक होगा जिन पर टेस्ट मैच के बाद बात की जाएगी।' ऑस्ट्रेलिया हाल में भारत के खिलाफ श्रृंखला हार गया था लेकिन उसने इस बीच इंदौर में मैच जीता था और कैरी ने कहा कि टीम उससे प्रेरणा लेगी। उन्होंने कहा,'' हमने उस दौरे से काफी कुछ सीखा तथा पहले दो मैच गंवाने के बाद हमने इंदौर में जीत दर्ज की और फिर अंतिम टेस्ट मैच ड्रॉ कराया।

## उत्तर प्रदेश ने जीता 13वें हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश हॉकी ने प्रतिष्ठित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में फाइनल में ओडिशा हॉकी एसोसिएशन को हराकर 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 का खिताब जीत लिया है। इस बीच हॉकी हरियाणा ने हॉकी मध्य प्रदेश को हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया।

उत्तर प्रदेश हॉकी ने ओडिशा हॉकी संघ को 7-1 से हराकर टूर्नामेंट जीता। उत्तर प्रदेश के लिए उज्ज्वल पाल (6', 38', 47) ने तीन, राहुल यादव (30), केतन कुशवाहा (39), राहुल राजबर (52) और कप्तान अजीत यादव (54) ने गोल किए। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए एकमात्र गोल देवनाथ नानवर (57) ने किया। तीसरे/चौथे स्थान



के मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी मध्य प्रदेश पर 4-2 से जीत दर्ज की। हरियाणा के लिए सुनील (29, 51), हैप्पी (37) और नीरज (58') ने गोल किये, जबकि मध्यप्रदेश के लिए तुषार परमार (14) और सुभान आबिद (22) ने गोल किया।

## भदोही के यशस्वी जायसवाल टीम इण्डिया में डब्लूटीसी के लिए चयनित

**भदोही।** भदोही जिले के रहने वाले यशस्वी जायसवाल का चयन भारतीय क्रिकेट टीम में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर हुआ है। वह ऋतुराज गायकवाड़ की जगह लेंगे। यशस्वी के चयन से परिवार और गृहनगर सुरियावां में खुशी का माहौल है।

यशस्वी आईपीएल क्रिकेट में दन-दनादन रन बनाने को लेकर वह सुर्खियों में रहा। उसका बल्ला सिर्फ चौका और छक्का उगल रहा था। क्रिकेट को बिंदास अंदाज में खेलने वाला यह नौजवान क्रिकेट की पसंद बनता दिख रहा है। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेल रहे यशस्वी जायसवाल ने बढ़िया प्रदर्शन किया। पिछले दिनों क्रिकेटर रवि शास्त्री और हरभजन



सिंह ने यशस्वी और रिंकू सिंह को भारतीय टीम में टी-20 के लिए चयनित करने की जोरदार वकालत की थी। उत्तर प्रदेश के भदोही के सुरियावां जैसे छोटे नगर से निकल कर यशस्वी अपनी मेहनत के बल पर भविष्य की उम्मीद गढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में वह बीसीसीआई की एक उम्मीद बन सकते हैं। उनकी इस उपलब्धि से भदोही और गृहनगर सुरियावां में बेहद खुशी है।

# जूनियर हॉकी एशिया कपः भारत सेमीफाइनल में, थाईलैंड को 17-0 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के शानदार प्रदर्शन करते हुए शाम ओमान में चल रहे जूनियर एशिया कप 2023 में अपने पूल ए में थाईलैंड को 17-0 से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ग्रुप ने चरण में नाबाद रहते हुए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी प्रवेश कर लिया।

भारत के लिए अंगद बीर सिंह (13, 33, 47, 55), योगेम्बर रावत (17), कप्तान उत्तम सिंह (24, 31), अमनदीप लकड़ा (26, 29), अरिजीत सिंह हुंदल (36), विष्णुकांत सिंह (38), बॉबी सिंह धामी (45), शारदा नंद तिवारी (46), अमनदीप (47), रोहित (49), सुनीत



लकड़ा (54) और राजिंदर सिंह (56) ने गोल किये।

भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की और मैच के 13वें मिनट में अंगद बीर सिंह ने गोल कर पहले क्वार्टर में भारत को बढ़त दिला दी।

दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में, भारत के कप्तान उत्तम सिंह ने योगेम्बर रावत (17) के गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद कप्तान उत्तम सिंह (24) और अमनदीप लाकड़ा (26, 29) ने गोल कर मध्यांतर तक भारतीय टीम को 5-0 की बढ़त दिला दी।

कप्तान उत्तम सिंह (31) ने तीसरे क्वार्टर के पहले मिनट में गोल कर भारत की बढ़त को 6-0 कर दिया।

कुछ ही क्षण बाद अंगद बीर सिंह (33) ने एक और गोल किया और भारत 7-0 से आगे हो गया। इस गोल के तीन मिनट बाद ही अरिजीत सिंह हुंदल (36) ने दाईं ओर से एक शक्तिशाली गोल कर बढ़त को 8-0 कर दिया। इसके बाद विष्णुकांत सिंह (38) और बॉबी सिंह धामी (45) ने गोल कर स्कोर 10-0 कर दिया।

अंतिम क्वार्टर में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शारदा नंद तिवारी (46), अमनदीप (47) अंगद बीर सिंह (47) और रोहित (49) के गोलों की बदौलत 14-0 की बढ़त बना ली। भारतीय टीम फ्री-फ्लोइंग हॉकी खेल रही था। टीम के लिए अंत में सुनीत लकड़ा (54), अंगद बीर सिंह (55), और राजिंदर सिंह (56) ने और तीन गोल कर स्कोर 17-0 कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, वॉलीबॉल चैलेंज कप का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए काठमांडू में आयोजित कावा (सेन्ट्रल एशियाई वॉलीबॉल संघ) वॉलीबॉल चैलेंज कप का खिताब जीत लिया है। भारतीय महिला टीम ने खेले गए फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान को सीधे सेटों में 3-0 (25-15, 25-22, 25-18) से हराया। मैच में भारतीय टीम की कप्तान निर्मल तंवर, प्रेरणा, सूर्या और के.एस. जिनी ने शानदार प्रदर्शन किया। इस जीत में मुख्य कोच प्रीतम सिंह चौहान और सहायक कोच वैशाली फडतारे के प्रेरणादायक कोचिंग की भी




महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रो. (डॉ.) अच्युत सामंत (संसद सदस्य और वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष) और वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सभी पदाधिकारियों ने इस शानदार जीत के लिए सभी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई दी।

कावा के अध्यक्ष और एफआईवीबी प्रतिनिधि मोहम्मद लतीफ, नेपाल वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र चंद ने टीमों को पदक और ट्राफियां प्रदान कीं।

इस टूर्नामेंट में कुल आठ देशों ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट का आयोजन नेपाल वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा मध्य एशियाई वॉलीबॉल एसोसिएशन (सीएवीए) और एशियाई वॉलीबॉल परिसंघ (एवीसी) के तत्वावधान में किया गया था।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ा प्लेटफार्म : हरीराम

**वाराणसी।** बीएचयू स्पोर्ट्स बोर्ड के असिस्टेंट डायरेक्टर हरीराम यादव ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जैसे आयोजनों की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से खिलाड़ियों और खेल को प्रोत्साहित करने वाली सरकारी और निजी एजेंसियों, दोनों को फायदा है। खिलाड़ियों को यहां राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिल रहा है। वहीं, निजी और ओएनजीसी, टाटा और जिंदल ग्रुप जैसी कंपनियों को खेल कोटे के लिए युवा और प्रतिभावान खिलाड़ी को चुनने का मौका मिल रहा है। बीते दो दशक से खिलाड़ी और



प्रशिक्षण के तौर पर कुश्ती में अपनी सेवाएं दे रहे हरीराम यादव यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में ऑफिशियल की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इस बार 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के 4000 से अधिक एथलीट इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। यह एक बड़ी संख्या है। जिस तरह से खिलाड़ियों को सुविधाएं मिल रही हैं, आने वाले सालों में प्रतिभागियों की संख्या में इजाफा होना लाजिमी है। कुश्ती कोच हरीराम बताते हैं कि आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शीर्ष आठ स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ियों को ही यहां मौका दिया गया है। कहा जा सकता है कि इस तरह के टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की बेंच स्ट्रेंथ मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए यह एक बडा प्लेटफार्म है। इस टूर्नामेंट को मिल रही मीडिया कवरेज भी खिलाड़ियों को बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की सफलता के लिए विराट-रोहित का अनुभव होगा महत्वपूर्ण : माइक हसी

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी माइक हसी का मानना है कि पूर्व कप्तान विराट कोहली और वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा का अनुभव अगले महीने लंदन में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारत की जीत के लिए महत्वपूर्ण होगा। हसी ने कहा कि भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल करनी है तो कोहली और रोहित को इंग्लैंड में बल्लेबाजी के अपने अनुभव का उपयोग करना चाहिए। आईसीसी की ओर से जारी बयान में माइक हसी ने कहा कि विराट कोहली को अतीत में देखना मुश्किल है। वह निश्चित रूप से खेल के सभी प्रारूपों में फिर से शानदार फॉर्म में वापसी कर रहे हैं, इसलिए वह और रोहित शर्मा दोनों ही बल्ले से भारत के लिए महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं।

इंग्लैंड में परिस्थितियों को लेकर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा कि यह मैच इंग्लैंड में खेला जाने वाला है, इसलिए इंग्लैंड की परिस्थितियां भारत में हाल की सीरीज से अलग होंगी। इसलिए मुझे लगता है कि तेज गेंदबाज महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पैट कमिंस और जोश हेजलवुड




फिट हैं तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा होगा। हसी ने कहा कि भारत के पास भी कई बेहतरीन गेंदबाज हैं। मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी तो हैं ही साथ ही रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन के तौर पर अच्छे स्पिनर भी हैं। उन्होंने कहा कि यह एक विश्व स्तरीय गेंदबाजी अटैक है और ऑस्ट्रेलियाई टीम को उन्हें हराने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**इंग्लैंड में परिस्थितियों को लेकर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा कि यह मैच इंग्लैंड में खेला जाने वाला है, इसलिए इंग्लैंड की परिस्थितियां भारत में हाल की सीरीज से अलग होंगी।**

माइक हसी ने कहा, मैं सिर्फ दो महान टीमों को आमने-सामने देखना चाहता हूं और देखना चाहता हूं कि कौन शीर्ष पर रहता है।

उल्लेखनीय है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला 7 जून से लंदन (इंग्लैंड) के द ओवल मैदान पर खेला जाएगा।

# महाकाल लोक की 6 मूर्तियां खोखली थी

## 6 मूर्तियां टूटी: अंदर से खोखली, स्टील रॉड से मजबूत करना भूले; ऐसी कुल 136 मूर्तियां 15 करोड़ की

**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन**

**उज्जैन में** रविवार को तेज आंधी-बारिश के कारण धराशायी हुईं महाकाल लोक की 6 मूर्तियां अंदर से खोखली थीं। पता चला कि मूर्तियों का बेस ही बहुत कमजोर था। जबकि, इसे बनाने वाली एमपी बावरिया कंपनी ने इनकी लाइफ 10 साल बताई थी। पूरे महाकाल लोक में करीब 136 मूर्तियां लगाई गई हैं। इनकी लागत 15 करोड़ रुपए है। इस हिसाब से औसतन एक मूर्ति बनाने में 11 लाख रुपए खर्च हुए है। महाकाल लोक बनने की शुरूआत 2018 में हुई। फ्लोर का काम शुरू होने के बाद सबसे पहले सप्तऋषियों की मूर्तियां स्थापित की गई थीं। रविवार को सप्तऋषि की 7 में से 6 मूर्तियां पेडस्टल से नीचे गिर गईं। मूर्तियां गिरने की जानकारी पर महाकाल लोक पहुंची, तब प्रशासन कॉरिडोर से श्रद्धालुओं को बाहर कर रहा था। उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसडीएम कल्याणी



पांडे और मंदिर प्रशासक संदीप सोनी पहुंच चुके थे। क्रेन की मदद से मूर्तियों को हटाया जा रहा था। टूटी हुई मूर्तियां अंदर से खोखली थीं। हमें ये तीन खामियां दिखीं...

**पहला कारण:** मूर्तियों का बेस बेहद कमजोर था। नीचे की ओर इतनी जगह छोड़ दी गई कि इससे आसानी से हवा-पानी अंदर जा सकता था।

**दूसरा कारण:** 10 से 25 फीट ऊंची मूर्तियों को फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक से बनाया गया था। मजबूती देने के लिए अंदर सरिए लगाने होते हैं, लेकिन मूर्तियां खोखली थीं।

**तीसरा कारण:** मूर्तियों की बनावट इस तरह की नहीं थी कि वे 30 से 50 किमी/घंटे की स्पीड से चलने वाली हवा झेल सकें। भोपाल मौसम विभाग के अनुसार उज्जैन में दिन में 45 किमी/घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी। मूर्तियां हवा का प्रेशर झेल नहीं सकीं।

### मूर्तियों को ठोस बनाते तो बजट बढ़ जाता...

**मूर्तियों** को डिजाइन करने वाले स्मार्ट सिटी के साथ काम कर रहे कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि प्लान में पहले से ही था कि मूर्तियों को अंदर से खोखला बनाकर अंदर स्टील या लोहे की रॉड से मजबूती दी जाएगी। संभवत: मूर्तियों के आधार में मजबूती नहीं होने के कारण ही मूर्ति गिरी हैं। मूर्तियों की मजबूती के लिए इनमें केमिकल डालकर इन्हें ठोस किया जा सकता था। इससे इनकी उम्र भी कई गुना बढ़ जाती। हालांकि, इस प्रोसेस में मूर्तियां कई गुना महंगी बनतीं और मूर्ति बनाने का बजट भी बढ़ जाता।

**मूर्तियों के अंदर जॉइंट कमजोर पड़ गया:** मूर्तियां बनाने वाली एमपी बावरिया कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजय पटेल ने कहा- तेज हवा ने बवंडर बना दिया, जिससे मूर्ति के अंदर का स्ट्रक्चर टूट गया। पटेल ने माना कि मूर्तियों के अंदर माइल्ड स्टील का जॉइंट कमजोर पड़ गया होगा। अब इनमें स्टील के साथ कांक्रीट का इस्तेमाल करेंगे।

**कलेक्टर बोले, एक्शन लेंगे:** उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि मूर्तियों की एज 10 साल थी। मूर्ति बनाने वाली कंपनी गुजरात की एमपी बाबरिया की काफी राशि धरोहर के रूप में हमारे पास है। सभी मूर्तियां डिफेक्ट लायबिलिटी में है। कंपनी नई मूर्तियां बनाकर देगी। 10 से 25 फीट ऊंची ये मूर्तियों पर गुजरात, ओडिशा और राजस्थान के कलाकारों ने कारीगरी कर 5 साल में तैयार किया था।

# पांच राज्यों के साथ ही कश्मीर में भी विधानचुनाव की आहट!

**सुगबुगाहट**

**सयासी जानकार भी मानते हैं कि घाटी में जी20 की हुई सफल बैठक के बाद चुनाव की तारीखों का एलान किया जा सकता है**

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू-कश्मीर**

**पीडीपी** की नेता महबूबा मुफ्ती घाटी के प्रसिद्ध खीर भवानी मंदिर में जाकर माथा टेक आई हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के मुखिया गुलाम नबी आजाद रैलियां शुरू कर चुके हैं। इन रैलियों में वह धारा 370 हटाने से पहले के कश्मीर की मांग करने लगे हैं। कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला भी कश्मीर में चुनाव कराने के साथ पाकिस्तान से बात करने का विवादित बयान भी देने लगे हैं। सियासी जानकार भी मानते हैं कि घाटी में जी20 की हुई सफल बैठक के बाद




चुनाव की तारीखों का एलान किया जा सकता है। संभव है कि पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ ही कश्मीर में भी चुनाव करा दिया जाए।

**आजाद की पार्टी ने की चुनाव संबंधी बड़ी बैठक:** जम्मू-कश्मीर में चुनावी माहौल बनने लगा है। बीते कुछ दिनों से जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के मुखिया गुलाम नबी आजाद घाटी के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर सियासी रैलियां और जनता से संवाद स्थापित कर रहे हैं। गुलाम नबी आजाद की पार्टी के वरिष्ठ नेता अहमद शहजाद कहते हैं कि जम्मू कश्मीर में तो अब परिसीमन भी हो गया है। ऐसे में घाटी की राजनीतिक पार्टियों को किसी भी वक्त चुनाव के लिए तो तैयार रहना ही पड़ेगा। गुलाम नबी आजाद की पार्टी ने रविवार को घाटी में बैठक कर अपने चुनावी एजेंडे के साथ आगे की रणनीति पर काम भी करने का एलान कर दिया है।

# राजस्थान में तूफान-बारिश ने मचाई तबाही



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**राजस्थान** में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर कहर बरपा सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर जोधपुर, जयपुर, बीकानेर के अलावा अजमेर संभाग के कुछ जिलों में देखने को मिलेगा। यहां 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज अंधड़ आ सकते हैं। इसके साथ ही तेज बारिश के दौरान बिजली भी गिर सकती है। इस स्थिति को देखते हुए जयपुर मौसम केंद्र ने 7 जिलों के लिए ऑरेंज और तीन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए बारिश-आंधी के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। इससे पहले पिछले 24 घंटे में उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अंधड़ ने जबरदस्त तबाही मचाई।

कई जगह पेड़, मोबाइल टावर, कच्ची दीवारें गिर गईं। 80ङ्ट की स्पीड से भी ज्यादा तेज आए इस अंधड़ के कारण बीकानेर, जोधपुर और नागौर एरिया के

**तबाही**

**80 किमी की स्पीड से भी ज्यादा तेज आए इस अंधड़ के कारण बीकानेर एरिया के आसमान में धूल का गुबार छा गया**

आसमान में धूल का गुबार छा गया और विजिबिलिटी भी बहुत कम हो गई थी। वहीं, जैसलमेर में ओले गिरने से दादा-पोते की मौत हो गई तो अजमेर के सोजत में इतनी तेज हवा चली कि मालगाड़ी पर रखे लोहे के कंटेनर प्लेटफॉर्म पर पलट गए।

**बीकानेर में 11 साल में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड:** बीकानेर में रविवार दोपहर बाद बदले मौसम से हुई तेज बारिश ने 11 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। साल 2014 में 17 मई को 50.4 एमएम बारिश एक दिन में हुई थी, लेकिन कल 72.8 एमएम बरसात हुई, जो पिछले 11 साल में मई महीने में एक दिन में सबसे ज्यादा दर्ज की गई।

# सीएम गहलोत ने पायलट पर कसा तंज

## कांग्रेस में ऐसी स्थिति नहीं, किसी को मनाने के लिए पद ऑफर करो

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**कांग्रेस** हाईकमान की सचिन पायलट मामले में सुलह की कोशिश के बीच सीएम अशोक गहलोत ने तंज कसा है। उन्होंने सुलह के फॉर्मूले की चर्चाओं को निराधार बताया है। गहलोत ने पायलट की शर्त नहीं मानने के संकेत दिए हैं। गहलोत ने कहा- किसी कार्यकर्ता की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह कहे यह पद लूंगा। यह नहीं लूंगा। गहलोत सोमवार दोपहर को दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- ऐसे फॉर्मूले मैंने अपनी



जिंदगी में कभी नहीं सुने। कोई नेता मांगे कि यह चीज मुझे मिल जाए या हाईकमान उसे ऑफर करें कि आप कौन सा पद लोगे? ऐसा रिवाज मैंने कभी कांग्रेस में नहीं देखा। लोग स्टोरी बनाते रहते होंगे। उसमें कोई दम नहीं होता। गहलोत ने कहा- हाईकमान और कांग्रेस पार्टी आज भी इतना मजबूत है कि ऐसी स्थिति नहीं आई है कि आप किसी को मनाने के लिए ऑफर करो कि आप कौन सा पद स्वीकार करोगे? ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ। जिंदगी में न कभी होगा। कांग्रेस बहुत मजबूत संगठन है। आज भी हाईकमान बहुत मजबूत है। न किसी कार्यकर्ता की ऐसी हिम्मत है कि वह कहे कि मैं यह पद लूंगा। ऐसा कभी होता नहीं है। गहलोत ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात से पहले सचिन पायलट पर तंज कसकर सुलह फॉर्मूले की गुंजाइश पर ही सवाल उठा दिए हैं। गहलोत ने साफ तौर पर इशारा किया है कि वे पायलट की मांगों के सामने सरेंडर करने को तैयार नहीं हैं।

# भिंड में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**टीम एक्शन इंडिया/भिंड**

**भिंड में सोमवार** सुबह 9 बजे एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराना पड़ी। यह नयागांव थाना इलाके में जखमौली गांव के नजदीक सिंध नदी के बीहड़ में उतरा। इंडियन एयरफोर्स के मुताबिक, हेलिकॉप्टर को रूटीन ऑपरेशनल ट्रेनिंग के दौरान इमरजेंसी लैंड कराना पड़ा। दोनों पायलट और हेलिकॉप्टर सेफ हैं। क्रू को मदद देने के लिए अन्य हेलिकॉप्टर से टीम मौके पर पहुंची। वायुसेना का अपाचे गयासिंह भदौरिया के खेत में लैंड हुआ। हेलिकॉप्टर को देखने के

**पायलट सेफ**

**इंडियन एयरफोर्स के मुताबिक, हेलिकॉप्टर को रूटीन ऑपरेशनल ट्रेनिंग के दौरान इमरजेंसी लैंड कराना पड़ा**

लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में ग्वालियर से एयरफोर्स के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने ग्रामीणों को हटाया। टीम ने हेलिकॉप्टर की तकनीकि खराबी को ठीक किया। दोपहर दो से ढाई बजे की बीच हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी।

# नाबालिग से रेप व हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले की एक अदालत ने एक नाबालिग बच्चे से दुष्कर्म के दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) रामकिशोर यादव की अदालत ने यह फैसला सुनाया। स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु एडवोकेट ने सोमवार को बताया कि इस घटना की चार्जशीट न्यायालय में 28 अप्रैल 2023 को आई थी। अभियुक्त पर न्यायालय में दो मई को चार्ज

**सजा**

**अर्थदंड भी लगाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) रामकिशोर यादव की अदालत ने यह फैसला सुनाया**

लगाया गया था। कुल 14 गवाह थे। आठ मई को पहली गवाही कराई गई और 18 मई को सभी की गवाही खत्म कराई। 22 मई को फाइनल बहस हुई। 26 मई को आरोपित सैफ पर सभी धाराओं में दोष सिद्ध करार दिया गया।






# नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम बदलने से

**लोहरदगा:** झारखंड सरकार ने आदर्श विद्यालय योजना के तहत विकसित किए गए 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का नाम बदल दिया है। अब सभी विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाने जाएंगें। इसी क्रम में लोहरदगा नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम भी परिवर्तित कर उसके स्थान पर अब सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा कर दिया गया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में तीखा आक्रोश है। लोहरदगा के नदिया हिंदू हाई स्कूल की स्थापना आजादी से पूर्व 1931



इंफाल में रविवार को हुई हिंसा के बाद वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किया गया है।

**मिशन 2024** चाय नहीं इस बार टिफिन पर होगी चर्चा; मोबाइल से लेकर दरवाजे तक पहुंचने का प्लान

# यूपी में टारगेट 80 के लिए बीजेपी का मास्टर प्लान

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**लोकसभा** चुनाव में अभी एक साल का वक्त है। लेकिन, बीजेपी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। टारगेट 80 सीटों पर जीत का है। इसको अचीव करने के लिए बीजेपी ने पहली बार 'चाय पर चर्चा' की जगह 'टिफिन पर चर्चा' का प्लान बनाया है। इसके तहत, पार्टी के मंत्री, सांसद घर-घर पहुंचेंगे। ज्यादा वक्त बिताएंगे। बात करेंगे। फीडबैक लेंगे। पार्टी और उनके काम के बारे में लोगों को बताएंगे। 30 दिन के महाजनसंपर्क, जो कि 30 मई से शुरू हो रहा है इसमें सोशल



मीडिया से लेकर घर के दरवाजे तक पहुंचने की बीजेपी की रणनीति है। जनसंपर्क के इस मास्टर प्लान में जहां युवाओं को सोशल मीडिया से इंफ्लुएंस किया जाएगा। वहीं, मिडिल एज, सीनियर सिटीजन और महिलाओं को घर-घर पहुंचकर बताया जाएगा कि पार्टी ने अब तक क्या-क्या किया है। इस अभियान में केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, सांसद, विधायक, संगठन पदाधिकारियों से लेकर पार्टी के कोर कैडर को भी शामिल किया गया है।

**600 वॉलिंटियर सोशल मीडिया पर बताएंगे सरकार ने क्या-कुछ किया:** 30 मई से शुरू होने वाले जनसंपर्क महाअभियान की शुरूआत 29 मई को बीजेपी की सोशल मीडिया वर्कशॉप से होगी। इस वर्कशॉप में राज्य से 600 से ज्यादा वॉलिंटियर शामिल होंगे। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3 घंटे मीट चलेगी। इसमें मोदी सरकार के 9 साल में किए गए कामों को बताया जाएगा।